हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार ● 14.05.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 286 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### नंदीग्राम सीट छोड़ेंगे सीएम शुभेंदु

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को घोषणा की कि वह नंदीग्राम विधानसभा सीट छोड़ देंगे और भवानीपुर सीट से विधायक बने रहेंगे। हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में उन्होंने भवानीपुर और नंदीग्राम दोनों सीटों पर जीत दर्ज की थी। बुधवार को उन्होंने भवानीपुर से विधायक के रूप में विधानसभा में शपथ भी ली।

### टीवीके सरकार ने हासिल किया बहुमत

**चेन्नई :** तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) सरकार ने विश्वास मत हासिल कर लिया। विजय को अपना बहुमत साबित करने के लिए 117 विधायकों के समर्थन की आवश्यकता थी, लेकिन उन्हें सदन में 144 विधानसभा सदस्यों का समर्थन मिला। सरकार के पक्ष में एआईएडीएम के 27 सदस्यों ने भी मतदान किया।

### एनआईए ने हिजबुल आतंकी का पुर्तगाल से कराया प्रत्यर्पण

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय जांच अभिकरण (एनआईए) ने हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े वांछित आतंकी इकबाल सिंह उर्फ शेरा का पुर्तगाल से भारत सफल प्रत्यर्पण कराया। एजेंसी ने उसके यहां पहुंचने पर हवाई अड्डे से हिरासत में ले लिया। एनआईए के अनुसार शेरा हिजबुल मुजाहिदीन के नार्को टेरर मॉड्यूल का मास्टरमाइंड था और उसके खिलाफ अक्टूबर 2020 से गैर जमानती वारंट जारी था। जून 2021 में इंटरपोल नोटिस भी जारी किया गया था। जांच में सामने आया कि वह पाकिस्तान से हेरोइन की तस्करी कर पंजाब में नेटवर्क चला रहा था और हवाला चैनलों के जरिए इसकी कमाई पाकिस्तान व कश्मीर में हिजबुल मुजाहिदीन के संचालकों तक पहुंचाता था।

### अखिलेश यादव के छोटे भाई का निधन

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को लखनऊ में निधन हो गया। अभी उनकी उम्र महज 38 वर्ष थी। सूत्रों के मुताबिक वह बीमार थे। सिविल अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक, प्रतीक यादव को सिविल अस्पताल प्रातः 6:00 बजे लाया गया । अस्पताल पहुंचने से पहले उनकी मृत्यु हो चुकी थी। प्रतीक फिटनेस के प्रति काफी गंभीर रहते थे। वह समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के बेटे हैं। उनकी पत्नी अपर्णा यादव भाजपा की नेता हैं और उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं।

### मणिपुर से चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर में शांति व्यवस्था को कायम करने के लिए पुलिस एवं सुरक्षा बलों का अभियान लगातार जारी है। इस कड़ी में राज्य के अलग-अलग हिस्सों में चलाए गये बीते 24 घंटों के दौरान चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को जारी आधिकारिक बयान में बताया कि 12 मई को सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेइपाक (प्रीपाक) के एक सक्रिय कैडर नेप्रम दिजामणि मैतेई (52) को गिरफ्तार किया गया। वह इंफाल पूर्वी जिले के बाशिखोंग तोरबन लेइकाई का रहने वाला है और उसे इंफाल पश्चिमी जिले के सिंगजामेई पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कांचीपुर सुपर मार्केट इलाके से पकड़ा गया।

## सीबीएसई ने जारी किया 12वीं का रिजल्ट

# रांची की भव्या रंजन बनीं नेशनल टॉपर

### झारखंड का पास प्रतिशत 85.01, रांची रीजन को देश में मिला 13वां स्थान


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बुधवार को कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। झारखंड के विद्यार्थियों के लिए यह परिणाम संतोषजनक रहा है। सीबीएसई के रांची रीजन, जिसके अंतर्गत झारखंड आता है, का कुल पास प्रतिशत 85.01% दर्ज किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर सीबीएसई का कुल पास प्रतिशत 85.20% रहा।

रांची जिले की सीबीएसई कोऑर्डिनेटर जया चौहान ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष परीक्षा का पैटर्न काफी विश्लेषणात्मक और कॉन्सेप्ट आधारित था। इसके बावजूद छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत से बेहतर अंक हासिल किए। उन्होंने उन छात्रों को निराश न होने की सलाह दी जिनका परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, और उन्हें कंपार्टमेंट व पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

रिजल्ट जारी होने के साथ ही अब उच्च शिक्षा के लिए नामांकन की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। इंजीनियरिंग, मेडिकल और सामान्य स्नातक (यूजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए छात्र अब अपने स्कोरकार्ड के





झारखंड की राजधानी रांची की बेटी भव्या रंजन ने एक बार फिर पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। शहर के ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की छात्रा भव्या ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2026 में कला संकाय में 99.8 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है।

#### जेवीएम श्यामली का शानदार प्रदर्शन

जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कला संकाय में ऋद्धि सिन्हा ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। सिद्धि परमार ने 98 प्रतिशत तथा झलक लाल ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय में ज्ञानेन्द्र गर्व ने 97.8 प्रतिशत, वैष्णवी राज ने 97.6 प्रतिशत और उत्कर्ष विभव ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। वाणिज्य संकाय में नंदिनी रॉय ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया।

#### डीपीएस रांची का शानदार रिजल्ट

डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम के रियान शारदा ने इंग्लिश प्लस बेस्ट फोर विषयों में 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। साइंस स्ट्रीम में शिवांशी शर्मा ने 99.2 प्रतिशत तथा कॉमर्स स्ट्रीम में अन्वेषा साबू ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के कुल 767 विद्यार्थियों में से 127 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

#### नीरजा सहाय डीएवी का परिणाम शत-प्रतिशत

नीरजा सहाय डीएवी, काँके का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में पीयूष सिंह ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रिया कुमारी सिन्हा ने 95.4 प्रतिशत और श्वेता कुमारी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में सोनाली कुमारी ने 92.6 प्रतिशत तथा मानविकी संकाय में शिवानी कुमारी ने 92.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्राचार्या किरण यादव ने विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की।

## नहीं रहे पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजनीति से एक दुखद खबर सामने आई है। पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का निधन हो गया है। बीते दिनों अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें बोकारो के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रेफर कर दिया। इसके बाद उन्हें रांची स्थित पल्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान आज बुधवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही गोमिया सहित पूरे राज्य में शोक की लहर दौड़ गई।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि झारखंड के पूर्व मंत्री एवं गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह ने जनसेवा एवं राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



### सीएम सोरेन ने गहरा शोक व्यक्त किया



झारखंड की राजनीति के एक प्रमुख स्तंभ और पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह का आज निधन हो गया। उनके निधन से राज्य के राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूर्व मंत्री स्व। माधव लाल सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाए। मुख्यमंत्री ने लिखा, गोमिया से पूर्व विधायक और एकीकृत बिहार व झारखंड सरकार में मंत्री रहे माधव लाल सिंह जी का निधन अत्यंत दु:खद है। उन्होंने लंबे समय तक जनसेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## केंद्र का निर्णयः खरीफ की 14 फसलों का बढ़ा न्यूनतम समर्थन मूल्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों और बुनियादी ढांचे को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मुख्य निर्णयः

**किसानों को लाभः** सरकार ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति दे दी है।

**पहली अर्ध-द्रुत गति रेलः** देश की पहली अर्ध-द्रुत गति रेल परियोजना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। 20,667 करोड़ रुपये की लागत से अहमदाबाद (सरखेज) - धोलेरा के बीच दोहरी रेल लाइन बिछाई जाएगी।

**ऊर्जा क्षेत्र में सुधारः** बैठक में सतह कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण को लेकर भी अहम निर्णय लिए गए, जिससे ऊर्जा सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि इन कदमों से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि आधुनिक परिवहन व्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।

## पीएलएफआई का हार्डकोर उग्रवादी राजेश महतो गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के हार्डकोर उग्रवादी राजेश महतो उर्फ राजेश यादव को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, उग्रवादी पर्चे और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस संबंध में कर्रा थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

## एन. रंगास्वामी ने 5वीं बार ली पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी

**पुडुचेरी :** एनआर कांग्रेस के संस्थापक और एनडीए गठबंधन के नेता एन. रंगास्वामी ने बुधवार को पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। राजनिवास में आयोजित एक गरिमामय समारोह में उपराज्यपाल कैलाशनाथन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ लेने के तुरंत बाद रंगासामी पैदल ही विधानसभा पहुंचे, जहाँ उन्होंने पुलिस परेड की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय में पहली ही कैबिनेट फाइल पर



हस्ताक्षर करते हुए पुडुचेरी की जनता के लिए कई बड़ी घोषणाएं की।

'नमो पुडुचेरी' कैंसर अस्पतालः इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में एक अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र स्थापित किया जाएगा। यहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों और अत्याधुनिक उपकरणों के साथ कैंसर का विश्वस्तरीय इलाज संभव होगा।

बीमा योजना का विस्तारः अब तक केवल लाल राशन कार्डधारकों को मिलने वाली बीमा सुविधा का लाभ अब पीले राशन कार्डधारकों को भी मिलेगा।

## भारत में बढ़ सकती है पेट्रोल-डीजल की कीमतें

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव, विशेषकर पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में जारी अस्थिरता का सीधा असर अब भारतीय आम आदमी की जेब पर पड़ने की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आगाह किया है कि यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल इसी तरह जारी रहा, तो देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी करना अनिवार्य हो जाएगा।

ज्यूरिख में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और स्विस नेशनल बैंक के एक सम्मेलन में बोलते हुए गवर्नर ने स्पष्ट किया कि अब तक कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतों का भार सरकार वहन कर रही है।

उन्होंने कहा कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति जल्द नहीं सुधरी और आपूर्ति में बाधा बनी रही, तो सरकार के लिए इन कीमतों को और अधिक समय तक स्थिर रखना मुश्किल होगा। कच्चे तेल के महंगे होने से न केवल ईंधन की कीमतें बढ़ेंगी, बल्कि माल ढुलाई महंगी होने के कारण महंगाई की दर में भी उछाल आ सकता है।

भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा आयात करता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण सप्लाई चेन प्रभावित हुई है, जिससे

### आरबीआई गवर्नर ने दी चेतावनी



अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमतों में भारी अस्थिरता देखी जा रही है।

मौजूदा स्थिति वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण है। अगर यह व्यवधान लंबे समय तक खिंचता है, तो इसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ना तय है। **–संजय मल्होत्रा, गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक**

## अमूल और मदर डेयरी ने बढ़ाये दूध के दाम

**नयी दिल्ली :** दुग्ध उत्पादन के दो बड़े ब्रांड अमूल और मदर डेयरी ने अपने विभिन्न उत्पादों के दामों में प्रति लीटर दो रुपये की बढ़ोतरी की है। बढ़ोतरी 14 मई यानी कल से लागू होगी। दोनों कंपनियों ने इस संबंध में बुधवार को एक वक्तव्य जारी किया है। कीमत बढ़ने वाले में फुल क्रीम, टोंड, काऊ, बफेलो मिल्क (दूध) और अन्य उच्च कीमत वाले उनके उत्पाद शामिल है।

## कच्चा तेल 107 डॉलर के पार



एजेंसी

**नयी दिल्ली/दुबई :** वैश्विक राजनीतिक पटल पर अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखा गया, जहां ग्लोबल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 107 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट भी 101.57 डॉलर पर कारोबार कर रहा है।

### युद्ध का बढ़ता खर्च और वैश्विक चिंताएं

पेंटागन की ताजा रिपोर्ट ने दुनिया को चौंका दिया है। इस संघर्ष में अमेरिका का अब तक का खर्च 29 बिलियन डॉलर (लगभग 2.4 लाख करोड़ रुपये) पहुंच गया है, जो शुरूआती अनुमानों से कहीं अधिक है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप स्थिति नियंत्रण में होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन बाजार पर इसका विपरीत असर दिख रहा है।

### क्यों लगी कच्चे तेल में 'आग'?

तेल की कीमतों में इस अचानक तेजी की मुख्य वजह ईरान की सप्लाई चेन का ठप होना है। सैटेलाइट तस्वीरों के अनुसार, ईरान का सबसे प्रमुख एक्सपोर्ट टर्मिनल खार्ग आइलैंड पूरी तरह वीरान पड़ा है। पिछले 28 दिनों से अमेरिकी नौसेना की सख्त घेराबंदी के कारण वहां से एक भी तेल टैंकर रवाना नहीं हो पाया है। इसके अलावा, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के बंद होने की आशंका ने निवेशकों में डर पैदा कर दिया है।

### भारत पर क्या होगा असर?

भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में हुई 4 प्रतिशत की यह हालिया बढ़ोत्तरी घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ी वृद्धि ला सकती है। यदि तनाव जल्द कम नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में आम आदमी की जेब पर महंगाई की दोहरी मार पड़ना तय माना जा रहा है।

## प्रधानमंत्री ने पेश की मिसाल, काफिले से हटायी गाड़ियां

### पीएम के काफिले में सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए महज दो गाड़ियां ही नजर आईं

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर गहराते ऊर्जा संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बड़ी पहल की है। देशवासियों से ईंधन बचाने की अपील करने के बाद, प्रधानमंत्री ने स्वयं के काफिले में गाड़ियों की संख्या को काफी कम कर दिया है। बुधवार को दिल्ली में पीएम मोदी के काफिले में सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए महज दो गाड़ियां ही नजर आईं।

आमतौर पर प्रधानमंत्री के काफिले में 12 से 15 गाड़ियां शामिल होती हैं, जिनमें मर्सिडीज-मेबैक, रेंज रोवर, एम्बुलेंस और जैमर जैसी गाड़ियां सुरक्षा का हिस्सा होती हैं। हालांकि, ईंधन संरक्षण को लेकर अपनी अपील पर अमल करते हुए प्रधानमंत्री ने एसपीजी सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए अपने काफिले के आकार में बड़ी कटौती की है।



#### मंत्रियों और नेताओं ने भी उठाया कदम

पीएम मोदी की इस पहल का असर अन्य मंत्रियों पर भी दिख रहा है

**अमित शाह:** केंद्रीय गृह मंत्री के काफिले में भी गाड़ियों की संख्या घटाई गई है, जहां अब केवल 4 गाड़ियां देखी गई हैं।

**नितिन नवीन:** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी अपने काफिले को छोटा करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि जब नेतृत्व स्वयं उदाहरण पेश करता है, तो वह जन-आंदोलन बन जाता है।

> वैश्विक चुनौतियों के बीच संसाधनों का सही उपयोग अत्यंत आवश्यक है, प्रधानमंत्री की यह पहल देश के लिए एक प्रेरणा है – **नितिन नवीन, बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष**



#### क्यों जरूरी है ईंधन बचाना?

ईरान और रूस जैसे देशों से कच्चे तेल के आयात पर वैश्विक संकट का असर पड़ा है। तेल की कीमतों में उछाल और आपूर्ति में बाधा की आशंका के चलते सरकार संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर जोर दे रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में 'वर्क फ्रॉम होम' जैसे विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है ताकि सड़कों पर ईंधन की खपत कम की जा सके।

## एक नजर

### श्रद्धा, भक्ति और वैदिक अनुष्ठानों के बीच शुरू हुआ शिवशक्ति महायज्ञ



**चौपारण :** प्रखंड की पाण्डेयबारा पंचायत अंतर्गत ग्राम केसठ में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिवशक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को श्रद्धा एवं भक्ति के माहौल में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत की मुखिया रेखा देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मुखिया रेखा देवी ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को बढ़ावा देते हैं। महायज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित होकर पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में भक्ति गीतों और वैदिक मंत्रोच्चार से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में आलीम अंसारी, वार्ड सदस्य आशिक अंसारी, अनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि वासुदेव साव, अधिन तुरी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### तीन दिन बाद नदी में मिला लापता व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

**बड़कागांव :** थाना क्षेत्र के कनकी डाड़ी निवासी 50 वर्षीय मोहम्मद रियाज अंसारी पिता इसहाक मियां का शव तीन दिन बाद बड़कागांव के चोरका पुल एवं छवनियां नदी के बीच नदी से बरामद होने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, मृतक बीते तीन दिन पहले 11 मई को शाम घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। गुमशुदगी को लेकर मृतक का पुत्र मोहम्मद जियाउद्दीन ने स्थानीय थाना डाड़ी कलां थाना में मंगलवार को सनहा दर्ज कराया था। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने नदी में शव देखा, जिसके बाद बड़कागांव एवं डाड़ी कलां थाना के पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, डाड़ी कलां थाना प्रभारी सागेन मुर्मू दलबल के साथ पहुंचे। परिजनों ने शव की पहचान की। हालांकि परिजनों ने किसी पर हत्या का आरोप नहीं लगाया है। साथ ही उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार करते हुए पुलिस को लिखित आवेदन दिया है कि वे किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते।

### बुंडू गांव के ग्रामीणों ने सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की

**बरही :** मलकोको पंचायत के बुंडू गांव के ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन देकर गांव के सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि सार्वजनिक भूमि अडवार, स्कूल, अस्पताल, मंदिर के निर्माण के लिए है। गांव के कुछ लोग इसका अतिक्रमण कर रहे हैं और भूमि हड़पने की साजिश कर रहे हैं। ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन देकर अतिक्रमण को हटाने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन की प्रति एसडीओ को भी दी है। आवेदन देने वालों में पंचायत समिति सदस्य नीलम कुमारी, रोहित यादव, गोविंद यादव, सकलदेव यादव, शिवशंकर यादव, मुकेश यादव, दिलीप यादव, बालगोविंद यादव और संतोष गिरि शामिल हैं।

# बैंक लूटकांड का उद्भेदन करने वाले एसडीपीओ सहित तीन पुलिस अधिकारियों को एसपी ने किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही हजारीबाग रोड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में 24अप्रैल 2026 को हुई सनसनीखेज लूट का पदार्फाश करने वाली पुलिस टीम को मंगलवार को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने पुलिस का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करने के लिए बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, थाना प्रभारी विनोद कुमार और निवर्तमान सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार एवं चौपारण पूर्व थाना प्रभारी सरोज चौधरी समेत पूरी टीम को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। तीन अपराधी गिरफ्तार, लूट का माल बरामद



ज्ञात हो कि पुलिस टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी कर अंतरराज्यीय गिरोह के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से लूटे गए नकद रुपये, सोना, ज्वेलरी और वारदात में इस्तेमाल वाहन भी बरामद कर लिया गया।

**एसपी बोले: बड़ी उपलब्धि**

सम्मान समारोह में एसपी अमन कुमार ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में पेशेवर तरीके से कार्रवाई कर अपराधियों को पकड़ना टीम की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जिले में अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता से काम कर रही है। बरही बैंक लूट कांड के सफल उद्भेदन से पुलिस का मनोबल बढ़ा है। एसपी ने टीम के सभी पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह अपराधियों पर नकेल कसने का आह्वान किया। इधर सम्मानित हुए एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने कहा कि पुलिस ईमानदारी पूर्वक काम करती है। लेकिन जब ईमानदारी का इनाम इस तरह से मिलता है तो मनोबल पुलिस को हाई हो जाता है। कहा हमने टीम भावना से काम किया। जिसके परिणाम स्वरूप हमलोगों को सफलता मिली। लेकिन एसपी महोदय एवं एसडीपीओ सदर अमित आनंद का निर्देशन एवं तकनीकि सहयोग बैंक लूट कांड में काफी सहयोग किया।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, पिता ने पति समेत चार पर लगाया हत्या का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के तिलैया बस्ती में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतिका के पिता ने पति, सास-ससुर एवं देवर पर मारपीट कर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने परिजनों के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतिका की पहचान पिंकी देवी के रूप में हुई है। इस संबंध में मृतिका के पिता तुलसी दास, बंडा सिंघा बेलकप्पी थाना गोरहर जिला हजारीबाग निवासी ने बरही थाना में आवेदन देकर बताया कि उनकी पुत्री की शादी वर्ष 2010 में हिन्दू रीति - रिवाज से तिलैया बस्ती निवासी दिनेश रविदास के साथ हुई थी। मृतिका की एक 14 वर्षीय बेटी है जबकि एक गोद लिया पुत्र अभिषेक कुमार है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि 12 मई की रात पिंकी देवी ने फोन कर बताया था कि उसका पति दिनेश रविदास गाली - गलौज करते हुए मारपीट कर रहा है। इसके बाद परिजनों ने दामाद से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं हो सकी। वहीं 13 मई की रात करीब एक बजे मृतका की पुत्री प्रीति कुमारी ने फोन कर जानकारी दी कि उसकी मां की हत्या कर दी गई है। परिजनों ने पति दिनेश रविदास, ससुर सहदेव राम, सास कबुतरी देवी, देवर सुरेश राम तथा गोतनी पूजा देवी पर मारपीट एवं हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि मृतका स्वयं कमाकर परिवार चलाती थी, जबकि उसका पति अक्सर पैसे की मांग करता था। पैसे नहीं देने पर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज एवं प्रताड़ना की जाती थी।

## डीएवी बरही में 12वीं के टॉपर्स सम्मानित विज्ञान में स्वीटी तो कॉमर्स में कोमल अव्वल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में बुधवार 13 मई को सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में सफल छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने टॉपर्स को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रतिभा का सम्मान अति आवश्यक है और यही सफलता आगे जीवन में सही राह दिखाएगी।

**विज्ञान में स्वीटी, कॉमर्स में कोमल बनीं टॉपर**

विद्यालय के परिणामों में विज्ञान संकाय में स्वीटी कुमारी ने 87.8% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। तमन्ना आफरीन 87% के साथ दूसरे और बुशरा नूरी 86.2% के साथ तीसरे स्थान पर



रहीं।

वहीं कॉमर्स संकाय में कोमल केसरी 80% अंकों के साथ स्कूल टॉपर बनीं। मौली कुमारी ने 76.4% के साथ द्वितीय और ध्रुव गुप्ता ने 76% के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

**प्राचार्य ने दिया आशीर्वचन**

प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आत्मसंयम और कड़ी मेहनत से ही भविष्य बेहतर बनता है। उन्होंने कहा कि बड़ों का सम्मान और सतत प्रयास सदैव सफलता का रास्ता दिखाता है। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**अभिभावकों ने जताया भरोसा**

समारोह में मौजूद अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा दी जा रही शैक्षणिक सुविधाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति पूरा भरोसा जताया। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन की सराहना की।

कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्य ने कहा कि डीएवी परिवार, डीएवी सीएमसी और डीएवी एआरओ के कुशल मार्गदर्शन में अपने उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जहां हाथी की मौत बनी आस्था का प्रतीक वहीं थम गया हादसों का सिलसिला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** हजारीबाग से करीब 80 किमी दूर, चौपारण के घने दनुवा चोरदाहा जंगल में स्थित हथिया बाबा मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आस्था, रहस्य और इतिहास का जीता-जागता प्रतीक है। जीटी रोड से गुजरने वाले हजारों वाहन चालक आज भी इस मंदिर के सामने सिर झुकाए बिना आगे नहीं बढ़ते।

**एक हादसे ने बदली जंगल की कहानी**

स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि कई साल पहले इस जंगल के रास्ते से गुजर रहा एक ट्रक खराब हो गया था। उन दिनों भारी वाहनों को खींचने के लिए हाथियों का सहारा लिया जाता था। एक विशाल हाथी खराब ट्रक को खींच रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। दो दिन तक दर्द से



तड़पने के बाद हाथी ने वहीं दम तोड़ दिया।

**हादसों का दौर और महरू भगत की सलाह**

ग्रामीणों के मुताबिक, हाथी की मौत के बाद इस सड़क पर अचानक हादसों का सिलसिला शुरू हो गया। आए दिन वाहन पलटने लगे, कई जानें गईं। पूरे इलाके में दहशत फैल गई। तब इलाके के प्रसिद्ध पुजारी महरू भगत ने लोगों को सुझाव दिया कि मृत हाथी की आत्मा की शांति के लिए उसी जगह मंदिर बनाया जाए। थाना प्रभारी से लेकर ग्रामीणों ने मिलकर बनाया मंदिर कहा जाता है कि तत्कालीन चौपारण थाना प्रभारी, समाजसेवियों और ग्रामीणों ने मिलकर उस स्थान पर 'हथिया बाबा मंदिर' का निर्माण कराया। पूजा-पाठ शुरू होते ही धीरे-धीरे सड़क हादसे थमने लगे। लोगों ने इसे चमत्कार माना और तब से यह जगह आस्था का बड़ा केंद्र बन गई। आज भी झुकते हैं हजारों सिर आज भी एनएच से गुजरने वाले ट्रक, बस और कार चालक हथिया बाबा के दर पर माथा टेककर सुरक्षित यात्रा की मन्नत मांगते हैं। नारियल, अगरबत्ती और फूल चढ़ाकर लोग बाबा का आशीर्वाद लेते हैं। जंगल के बीचों-बीच बना यह छोटा सा मंदिर आज भी उस दर्दनाक घटना और अटूट आस्था की कहानी खुद बयां करता है।

## डीएमएफटी योजनाओं की समीक्षा में उपायुक्त सख्त, लंबित योजनाएं रद्द करने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में बुधवार को डीएमएफटी प्रबंधन समिति एवं नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत प्रखंडों के प्रमुख सूचकांकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2025-26 तक नीति आयोग द्वारा आकांक्षी प्रखंडों के प्रमुख सूचकांकों के लिए प्राप्त राशि एवं उससे संबंधित योजनाओं की प्रगति एवं पूर्णता की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति पर विशेष जोर दिया। डीएमएफटी प्रबंधन समिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने इस मद की राशि का समुचित सदुपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को



कहा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि भवन निर्माण जैसी योजनाएं पूर्ण होते ही संबंधित विभागों को तत्काल हैंडओवर किया जाए, ताकि उनका उपयोग शीघ्र प्रारंभ हो सके। साथ ही, भूमि उपलब्धता की समस्या अथवा वन विभाग से एनओसी के अभाव में लंबे समय से लंबित योजनाओं को निरस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी कारणवश कार्य प्रारंभ नहीं हो पाने की स्थिति में संबंधित विभाग यथाशीघ्र इसकी जानकारी जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होते ही कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सके।

# सीएसआर फंड से बदलेगी खनन क्षेत्रों की तस्वीर, डीसी ने 30 जून तक योजनाएं पूरी करने का दिया अल्टीमेटम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमंत सती ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी निधि का इस्तेमाल खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास में प्राथमिकता से करने का निर्देश दिया है। मंगलवार 13 मई को समाहरणालय सभागार में हुई सीएसआर समीक्षा बैठक में डीसी ने कंपनियों को साफ कहा कि योजनाएं सिर्फ कागज पर नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए। 10 दिन में दें 2026-27 का प्रस्ताव

डीसी ने हजारीबाग में कार्यरत सभी कंपनियों को निर्देश दिया कि वे वित्तीय वर्ष 2026-27 में सीएसआर के तहत खुद या एजेंसी के जरिए कराए जाने वाले कार्यों की सूची 10 दिनों के अंदर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। साथ ही प्रस्ताव भेजने से पहले उसका



विस्तृत परीक्षण करने को कहा ताकि योजनाएं व्यावहारिक और जनहितकारी हों। 30 जून तक पूरा करें पुराने काम उपायुक्त ने गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत सभी सीएसआर योजनाओं को हर हाल में 30 जून 2026 तक पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि सीएसआर निधि का उपयोग जिले के समग्र विकास और खासकर खनन प्रभावित इलाकों के उन्नयन के लिए सुनियोजित तरीके से हो।

**पीपीटी से देना होगा ब्योरा**

बैठक में डीसी ने सभी सीएसआर प्रभारियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 के संभावित खर्च की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर अगली बैठक में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त रिया सिंह, एसडीओ आदित्य पांडेय, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी समेत कई अधिकारी और विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में दो-दिवसीय ' विशेष योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग अभ्यास कार्यक्रम की समाप्ति के बाद इसकी जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने बुधवार को बताया कि कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय योग केंद्र के योग प्रशिक्षक अभिषेक कुमार सिंह के निर्देशन में किया गया। दोनों ही दिन आधे-आधे घंटे के विशेष सत्र आयोजित किए गए। अभिषेक कुमार सिंह पहले योग के महत्व को रेखांकित किया। बताया कि स्वस्थ भारत के बिना प्रधानमंत्री के विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकते। उन्होंने योग के अर्थ को समझाते हुए बताया कि जीवन में 'किसी भी कार्य को कुशलता से कर पाना ही योग है।' बताया कि योग का उद्देश्य है 'दुख और दर्द का विनाश' करना। मौके पर उन्होंने स्कंद संचालन, गुरुवा संचालन तथा मुस्तिकाबंध जैसे सूक्ष्म यौगीक क्रिया का प्रशिक्षण दिया। ताड़ासन भी करवाएं। अनुलोम विलोम जैसे नाड़ी शोधन प्राणायाम तथा भ्रामरी प्राणायाम करने की सही विधि को बताया और सारे विद्यार्थियों से करवाया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ योग अभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा और प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह ने नियमित योग करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। खास बात यह रही कि आज वैसे आसन और प्राणायाम कराए गए जो विद्यार्थी अपने विश्वविद्यालय के पोशाक पहनकर तथा वर्ग में बेंच पर बैठकर भी कर सकते हैं।

### नापोखुर्द मंडा पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने मनोज साव, सचिव अरुण कुमार एंव कोषाध्यक्ष दिवाकर साव



**बड़कागांव :** नापोखुर्द पंचायत के अंतर्गत डोकाटांड के मंडाटांड प्रांगण में मंडापूजा प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता दीपन साव एवं संचालन कारु साव ने किया। सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि। दो दिवसीय मंडापूजा का आयोजन किया जाएगा। 24 मई और 25 मई को किया जाएगा जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम और छऊ नृत्य का भी किया प्रस्तुति किया जाएगा मंडापूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मनोज साव, सचिव अरुण साव, कोषाध्यक्ष दिवाकर साव, संयोजक सुखदेव साव, मिडिया प्रभारी दीपन साव, उपाध्यक्ष बसंत ठाकुर, उपसचिव रोहित कुमार, उपकोषाध्यक्ष सतेंद्र कुमार कार्यकारिणी सदस्य कारू साव, हरि साव,दशरथ साव,राजेंद्र साव,सनोज राणा,विजय कुमार,बबलू साव,रोहन साव, विशाल कुमार, सरोज साव एवं ढलन साव,शंभूनाथ साहू,बिनोद कुमार साव,अजय कुमार, सुनील साव, प्रदीप साव,नरेश साव,हीरामन राणा,सचिन कुमार, फाटो साव, दीपक साव,प्रेम कुमार साव,गणेश साव,संजय साव, बिंदु साव, कैलाश साव,गोपी साव,शनि कुमार इत्यादि लोगों को बनाया गया।

### जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की राज्य स्तरीय सम्मेलन 18 को हजारीबाग में



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ की एक आवश्यक बैठक बुधवार को बड़कागांव के पश्चिमी पंचायत भवन में संघ के सचिव बालेश्वर कुमार की अध्यक्षता एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर राम के द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 18 मई 2026 दिन सोमवार को राज्य स्तरीय फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ के सम्मेलन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु रणनीति बनाई गई। जिसके तहत बड़कागांव प्रखंड के सभी डीलरों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से रखने की बात कही गई एवं सम्मेलन को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही गई। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता, रामेश्वर राम, चरण राम, प्रकाश राम, संतोष कुमार रवि, विनोद राणा, फुलेश्वर साव, गीता देवी, खुदन राम, सोनू गुप्ता, सुरेंद्र कुमार तुरी, रंजीत भुइयाँ, एतवा तुरी, युगेश्वर रविदास, चिंतामन कुशवाहा, निकोदिल, गंगाधर साव, संजर हुसैन, सहादत हुसैन, राजेंद्र प्रसाद, कैलाश राम, कुंदन सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### नए श्रम संहिताओं पर जागरूकता सत्र आयोजित 50 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के सम्मेलन कक्ष में बुधवार को नए श्रम संहिताओं विषय पर एक जागरूकता सत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम सत्र का संचालन श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, हजारीबाग आर. के. भुईयां द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री भुईयां ने मुख्य रूप से ईआईसीएस , डीलिंग एग्जीक्यूटिव्स, ठेकेदारों एवं विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित कर नए श्रम कानूनों के अनुपालन से संबंधित विभिन्न जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान किया ।सत्र में वैधानिक अनुपालन, वेतन भुगतान, आवश्यक दस्तावेजीकरण तथा नियोक्ताओं एवं ठेकेदारों की जिम्मेदारियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एक एक कर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह जागरूकता सत्र सभी हितधारकों के लिए नए श्रम ढांचे की आवश्यकताओं को समझने की दिशा में अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ ।इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधक पवन कुमार रावत, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष , कर्मचारीगण एवं अन्य कई अधिकारी उपस्थित थे।

# रांची में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सामान्य अफवाहों पर ध्यान न दें : जिला प्रशासन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची में पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही खबरों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी, रांची सदर कुमार रजत ने विभिन्न तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी और जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम कुमार पांडेय भी मौजूद रहे।

इस बैठक में नामकुम और पिठोरिया क्षेत्र के कुछ पेट्रोल पंपों पर तेल की कमी को लेकर विभिन्न माध्यमों से प्रसारित हो रही खबरों की समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत ने तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रशासन को बताया कि जिले में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है तथा किसी भी प्रकार की आपूर्ति बाधित नहीं हुई है।

जिला प्रशासन ने कहा कि कुछ स्थानों पर अफवाहों के कारण लोगों द्वारा जरूरत से अधिक ईंधन खरीदने की स्थिति बन रही है, जिससे कुछ पेट्रोल पंपों पर अस्थायी दबाव देखा गया। हालांकि कंपनियों ने स्पष्ट किया कि पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है और आपूर्ति लगातार जारी है।

बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत ने तेल कंपनियों को निर्देश दिया कि वे आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार नजर रखें और लॉजिस्टिक या परिवहन से जुड़ी किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी कंपनियां आपसी समन्वय के साथ काम करें।

इसके साथ ही सभी तेल कंपनियों को अपने-अपने रिटेल आउटलेट्स की सतत मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। प्रशासन ने कहा कि किसी भी पेट्रोल पंप पर अनावश्यक भीड़, जमाखोरी या कृत्रिम संकट जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर प्रशासनिक स्तर पर निगरानी और तेज की जाएगी।

अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता के अनुसार ही ईंधन की खरीदारी करें। उन्होंने कहा कि जिले में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है तथा स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

जिला प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से प्रसारित अपुष्ट खबरों पर भरोसा करने के बजाय लोग आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## झारखंड में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने को लेकर 15 को ऑरेंज अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों अच्छी बारिश हो रही है। 15 मई को राज्य के उत्तर -पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की संभावना व्यक्त की गई है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

रांची और आसपास के इलाके सहित राज्य के विभिन्न जिलों में हो रही बारिश की वजह से अधिकतम तापमान सामान्य से 1 से 5 डिग्री कम है।

वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश रामगढ़ में 44.6 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा राज्य के अन्य इलाकों में बारिश दर्ज की गई उनमें तिलैया डीवीसी में 39.2 मिमी, कोडरमा डीवीसी में 15.2 मिमी, मंझरी में 14.2 मिमी, हजारीबाग जिले के बरकट्ठा में 8.6 मिलीमीटर, रामगढ़ में 7 मिलीमीटर बड़ी में 5.2 मिलीमीटर और गुमला जिले के बिशनपुर में 04.5 मिलीमीटर सहित अन्य इलाके शामिल हैं।

इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 39 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम न्यूनतम तापमान रांची के नामकुम में 19.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही। इससे प्रचंड गर्मी महसूस की गई। दोपहर बाद रांची और आसपास के इलाकों में बादल छाए रहे और गर्जन के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम साफ हो गया और सुहाना हो गया। बारिश होने से तापमान में भी तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

वहीं, रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम 21.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार शर्म नहीं बल्कि जश्नः प्रतुल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 3000 करोड़ के बहुचर्चित टेंडर घोटाले के मुख्य आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने के बाद कांग्रेस नेता जश्न मना रहे हैं जो झारखंड की राजनीति के नैतिक पतन का सबसे बड़ा उदाहरण है।

प्रतुल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और उनके सहयोगियों ने जिस प्रकार बेल उत्सव मनाया, उससे यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार शर्म का नहीं बल्कि जश्न का विषय बन चुका है।

प्रतुल ने कहा कि जिस व्यक्ति के निजी सचिव के सहायक के यहां से ईडी की छापेमारी में 32 करोड़ से अधिक नकद बरामद हुआ, जिस मामले में उस सहायक जहांगीर आलम ने स्वयं स्वीकार किया कि पैसा आलमगीर आलम का है, उस मामले में बेल मिलने पर कांग्रेसियों का जश्न राज्य की जनता का अपमान है। बेल को कांग्रेस बाइज्जत बरी की तरह प्रस्तुत कर रही है, जबकि देश की जनता जानती है कि बेल न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है, भ्रष्टाचार मुक्त होने का प्रमाणपत्र नहीं।

## श्री श्याम मंदिर में अचला एकादशी की धूम, संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** हारे का तू है सहारा सांवरे... के जयकारों के साथ आज हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में अचला एकादशी का पर्व अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः काल से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ अपने आराध्य देव के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी।

सुबह 5:00 बजे जैसे ही मंदिर के पट खुले, भक्तों का तांता लग गया। प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती की गई। इसके पश्चात मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान और वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा श्याम का मनमोहक दिव्य श्रृंगार किया गया। सुबह 8:30 बजे की श्रृंगार आरती में हरमू रोड 'जय श्री श्याम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

श्री श्याम मंदिर की यह मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे और निस्वार्थ भाव से यहाँ अपनी अर्जी लगाता है, बाबा श्याम उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करते हैं। भक्त कतारबद्ध होकर अपनी अर्जी लेकर बाबा के दरबार में खड़े नजर आए। दोपहर में विश्राम के बाद शाम 4:30 बजे पुनः पट खुलते ही दर्शनार्थियों का सैलाब उमड़ पड़ा।

एकादशी का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे अखंड ज्योति प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। स्नेह पोद्दार एवं स्नेहा पोद्दार ने ज्योति प्रज्वलित कर बाबा को केसरिया पेड़ा, रबड़ी, मगही पान और फल का भोग लगाया।

भजन संकीर्तन की शुरूआत उपाध्यक्ष श्रवण ढांढनिया ने गणेश वंदना से की। इसके बाद श्याम सुंदर शर्मा, राजेश चौधरी, अनुज मोदी, वेद भूषण जैन, सलज अग्रवाल और गौरव अग्रवाल ने भजनों के माध्यम से भक्तों को भावविभोर कर दिया।

## कोलकाता में झारक्राफ्ट के नए इम्पोरियम का उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की समृद्ध कला और हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए बुधवार को कोलकाता के थिएटर रोड में झारक्राफ्ट के नए इम्पोरियम का भव्य उद्घाटन किया गया। झारखंड के उद्योग मंत्री श्री संजय प्रसाद यादव ने दीप प्रज्वलित कर इस नए केंद्र का शुभारंभ किया।

उद्घाटन के अवसर पर उद्योग मंत्री ने कहा कि यह इम्पोरियम केवल उत्पादों की बिक्री का केंद्र नहीं है, बल्कि यह झारखंड के हजारों कारीगरों, बुनकरों और ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास का प्रतीक है। उन्होंने जोर देकर कहा इससे ग्रामीण रोजगार को बड़े पैमाने पर बढ़ावा मिलेगा। महिला सशक्तिकरण को नई मजबूती मिलेगी। झारक्राफ्ट राज्य के हुनरमंदों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने का कार्य निरंतर कर रहा है।

उद्योग सचिव श्री अरवा राजकमल ने इस मौके पर कहा कि कोलकाता कला और संस्कृति का केंद्र है। यहाँ झारक्राफ्ट की मौजूदगी झारखंड और पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने का काम करेगी। ग्राहकों को यहाँ झारखंड की पारंपरिक कला और आधुनिक डिजाइन का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा।

झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक श्रीमती गरिमा सिंह ने बताया कि आने वाले समय में देश के अन्य महानगरों में भी नए इम्पोरियम खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि कोलकाता के लोगों के बीच झारखंड के उत्पाद विशेष लोकप्रियता हासिल करेंगे।

इम्पोरियम में ग्राहकों के लिए झारखंड के विशेष उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं, जिनकी देश-विदेश में भारी मांग है। तसर सिल्क की साड़ियाँ, डिजाइनर कुर्ती और सलवार सूट। डोकरा कला, बाँस एवं लकड़ी के शिल्प। उच्च गुणवत्ता वाले लेदर बैग, बंडी, शॉल और स्कार्फ। समारोह में उद्योग विभाग और झारक्राफ्ट के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## रांची और टाटानगर से दिल्ली के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें, कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने रांची और टाटानगर से दिल्ली के लिए जनजाति दिवस स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। रेलवे की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए रांची-ॐ-रांची तथा टाटानगर-आनंद विहार टर्मिनल-टाटानगर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर विकास कार्यों और रोलिंग ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनों को रद्द भी किया गया है।

### कब खुलेगी जनजाति दिवस स्पेशल ट्रेन

रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 08639 रांची-दिल्ली जनजाति दिवस स्पेशल 23 मई 2026, शनिवार को रांची से खुलेगी। यह ट्रेन केवल एक ट्रिप के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन रांची से सुबह 3:30 बजे प्रस्थान करेगी और लोहरदगा, टोरी, डालटनगंज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज और गोविंदपुरी होते हुए अगले दिन दिल्ली पहुंचेगी।

वहीं, वापसी में ट्रेन संख्या 08640 दिल्ली-रांची जनजाति दिवस स्पेशल 25 मई 2026, सोमवार को दिल्ली से खुलेगी और उसी रूट से होकर रांची पहुंचेगी। इस ट्रेन में कुल 20 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें एसएलआरडी और स्लीपर कोच शामिल हैं।



इसी तरह ट्रेन संख्या 08183 टाटानगर-आनंद विहार टर्मिनल जनजाति दिवस स्पेशल 23 मई को टाटानगर से रवाना होगी। यह ट्रेन मुरी, बोकारो स्टील सिटी, गोमो, गया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज और कानपुर होते हुए आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 08184 आनंद विहार टर्मिनल-टाटानगर स्पेशल 25 मई को चलेगी।

### ट्रेन में कितने कोच होंगे

रेलवे ने बताया कि इस ट्रेन में कुल 22 कोच होंगे, जिनमें सामान्य श्रेणी, स्लीपर और एसएलआरडी कोच शामिल रहेंगे। दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची रेल मंडल प्रबंधक ने कहा कि गर्मी के मौसम और छुट्टियों के दौरान यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी को देखते हुए यह विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि लोगों को कन्फर्म टिकट और यात्रा में सहूलियत मिल सके।

### कई ट्रेनें रद्द कर दी गई

इधर, रांची मंडल के अंतर्गत विकास कार्यों के लिए लिए गए नियोजित ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनों को रद्द करने का भी निर्णय लिया गया है। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 58663/58664 हटिया-सांकी-हटिया पैसेंजर और ट्रेन संख्या 58665/58666 हटिया-सांकी-हटिया पैसेंजर 11 जून 2026 तक रद्द रहेंगी।

इसके अलावा दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य के कारण ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस, जिसे पहले निर्धारित तिथियों पर विलंब से चलाने की सूचना दी गई थी, अब 13 मई और 16 मई 2026 को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति और समय सारिणी की जानकारी आधिकारिक वेबसाइट या रेलवे हेल्पलाइन से अवश्य प्राप्त कर लें।

## एक नजर

### बस पर फायरिंग आरोपी गिरफ्तार

**रांची :** राजधानी रांची के अरगोड़ा चौक पर मंगलवार देर रात एक बस पर फायरिंग करने का मामला प्रकाश में आया है। फायरिंग के बाद अपराधियों ने मौके से फरार होने की कोशिश की, तभी पुलिस ने खदेड़ कर एक अपराधी को दबोच लिया। हालांकि दो अन्य अपराधी फरार होने में कामयाब रहे। बस चालक ने बताया कि बिना किसी कारण बाइक सवार तीन युवक बस के आगे पीछे लगातार घूम रहे थे। इसी बीच उनकी थोड़ी बहुत कहासुनी हो गई। इतने पर ही एक अपराधी ने पिस्टल निकाल लिया और फायरिंग कर दी। गनीमत रही की किसी को गोली नहीं लगी। वहीं, दूसरी तरफ अरगोड़ा चौक के आसपास मौजूद पीसीआर और गस्ती दल को जैसे ही फायरिंग की आवाज सुनाई दी, तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखकर तीनों अपराधी फरार होने लगे, लेकिन गस्ती टीम ने एक अपराधी को दौड़ाकर पकड़ लिया। गिरफ्तार अपराधी के पास से हथियार भी बरामद किया गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी पारस राणा भी मौके पर पहुंचे। रांची पुलिस हथियार के साथ गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ कर रही है। उसके साथ मौजूद अन्य दो अपराधियों के बारे में भी पुलिस को जानकारी हासिल हुई है। जिसके आधार पर दोनों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। अरगोड़ा थाना प्रभारी अनिल तिवारी ने बुधवार को बताया कि मामले की जांच की जा ही है। जांच के बाद पूरे मामले में जानकारी दी जाएगी।

### माधवलाल सिंह जनहित के प्रति जागरुक जनप्रतिनिधि थेः सहाय

**रांची :** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने गोमिया के पूर्व विधायक और झारखंड सरकार में मंत्री रहे माधव लाल सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि माधवलाल सिंह के असामयिक निधन से न सिर्फ गोमिया, बल्कि पूरे झारखंड की जनता को गहरा आघात पहुंचा है। स्व. सिंह जनहित के प्रति सजग व समर्पित जनप्रतिनिधि थे। राजनीतिक क्षेत्र के अलावा सामाजिक क्षेत्र में भी उनकी सक्रियता रही। समाज सेवा में उनका योगदान अविस्मरणीय है। श्री सहाय ने दिवंगत की आत्मा की शांति व परिजनों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

### ट्रांसपोर्ट श्रमिकों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

**रांची :** राजधानी रांची में ट्रांसपोर्ट श्रमिकों की हड़ताल जारी है। हड़ताल दूसरे दिन भी पूरी तरह प्रभावी रही। झारखंड जनशक्ति मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने अपने श्रमिक साथियों के साथ रांची के गौशाला चौक में सामूहिक भोजन कर आंदोलन को मजबूती देने का संदेश दिया। इधर, हड़ताल के कारण ट्रांसपोर्ट से जुड़े सभी कार्य पूरी तरह ठप रहे। लोडिंग, अनलोडिंग, ढुलाई, बुकिंग और डिलीवरी समेत सभी गतिविधियां बंद रहीं, जिससे सप्लाई व्यवस्था प्रभावित होती दिखी।

## संक्षिप्त खबरें

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में रचा सफलता का नया इतिहास



**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता, समर्पण और शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक नया इतिहास रच दिया। विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपलब्धियों ने विद्यालय को गौरव की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाते हुए पूरे विद्यालय परिवार को हर्ष और गर्व से अभिभूत कर दिया। विद्यालय की मेधावी छात्रा निष्का राज ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। अपनी अथक मेहनत, अनुशासन, लगन और अद्वितीय प्रतिभा के बल पर उन्होंने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। विद्यालय की इस गौरवपूर्ण सफलता को और अधिक गौरवान्वित करते हुए अनन्या रॉय ने 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं रितांशु शेखर ने 96.6 प्रतिशत तथा ऋषिका छावछरिया ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और शैक्षणिक दक्षता का प्रभावशाली परिचय दिया। इन विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। विद्यालय के कुल 38 विद्यार्थियों ने समग्र रूप से 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को और अधिक सशक्त बनाया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों में 498 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्या श्रीमती मनीषा शर्मा ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण, अनुशासन और दृढ़ निश्चय हमेशा सफलता की ओर ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों का प्रतिबिंब है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने एसबीपीएस परिवार का गौरव और सम्मान बढ़ाया है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना की।

### जेड ए रॉयल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सेज डे का हुआ आयोजन

**रांची :** ईरबा स्थित जेड ए रॉयल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सेज डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और केक कटिंग के साथ हुआ। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल रहा और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्थान की चेयरमैन जीनत कौशर ने कहा कि सभी छात्रों को गर्व होना चाहिए कि उन्होंने ऐसे प्रोफेशन को चुना है, जहां लोगों के आंसू पोंछने और उनकी सेवा करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि छात्र सिर्फ दीप नहीं जला रहे हैं, बल्कि लोगों के जीवन में आशा की किरण भी जगा रहे हैं। साथ ही छात्रों से मेहनत कर ज्ञान बढ़ाने, माता-पिता और कॉलेज का नाम रोशन करने तथा एक बेहतर नर्स बनकर निकलने का आह्वान किया। समारोह के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मौके पर संस्थान की निदेशक डॉ शाहीन कौशर, डॉ नाजनीन कौशर, प्राचार्या ज्योति ग्लोरिया मुंडू, बिंदिया रानी, लीना एक्का, अलीशा खातून, अंजली शाक्या, अजय कुमार, रिया निशी लकड़ा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### लापुंग को लाह उत्पादन का बड़ा केंद्र बनाने की तैयारी, मंत्री ने किसानों को किया प्रेरित

**रांची :** रांची जिले के लापुंग प्रखंड स्थित स्टेडियम में सिद्धों कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) द्वारा आयोजित वैज्ञानिक पद्धति आधारित एक दिवसीय क्षेत्रीय लाह खेती प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड की मालगो, बोकरोन्दा एवं ककरिया पंचायतों के कुल 377 किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से लाह खेती का प्रशिक्षण दिया गया तथा आवश्यक टूलकिट का वितरण किया गया। साथ ही आगामी जूनझजुलाई माह में प्रत्येक किसान को 5-5 किलो की दर से कुसुमी एवं रंगीनी लाह बीहन शत-प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं अपने संबोधन में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड प्राकृतिक संसाधनों एवं वनोत्पादों से समृद्ध राज्य है। लाह, इमली, चिरौंजी, महुआ, मधु, करंज बीज, कुसुम बीज, साल बीज, हरड़ा-बहेड़ा, आँवला तथा विभिन्न औषधीय पौधों की घरेलू ही नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी व्यापक मांग है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में वनोत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका है। पंचायत स्तर पर एमपीसीएस (टढउर) के माध्यम से वनोपजों की पहचान कर परिष्करण इकाइयों की स्थापना, पैकेजिंग, ब्रांडिंग एवं विपणन प्रबंधन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीण उत्पादकों को घरेलू बाजार से लेकर वैश्विक बाजार तक लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सके। इससे न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि राज्य से होने वाले पलायन को रोकने में भी मदद मिलेगी तथा ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस दिशा में व्यापक जनअभियान चलाने की आवश्यकता है, जिसमें सिद्धकोफेड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

### झारखंड के जिला अस्पतालों में लगेंगे ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें : सचिव

**रांची :** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में फुली ऑटोमेटिक पैथोलॉजी मशीनें स्थापित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में इन मशीनों को स्थापित किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में राज्य के सभी सीएचसी और पीएचसी स्तर तक इसका विस्तार किया जाएगा। सचिव नेपाल हाउस स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को पैथोलॉजी जांच करने के लिए मशीन बनाने वाली मेरिल कंपनी के साथ बैठक में बोल रहे थे। इस दौरान कंपनी ने मशीन का प्रेजेंटेशन भी दिया। सचिव ने कहा कि 15 जून तक सभी मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में मशीनों की स्थापना हो। प्रेजेंटेशन के दौरान मेरिल कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि राज्य के अस्पतालों में पूर्व से लगी सेमी ऑटोमेटिक पैथोलॉजिकल मशीनों को बदलकर नई फुली ऑटोमेटिक मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इन मशीनों की विशेषता यह होगी कि एक साथ 50 सैंपलों की जांच की जा सकेगी। कंपनी की ओर से मशीनों पर 10 वर्षों तक मेंटेनेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। नई मशीनों के माध्यम से यूरिन और ब्लड से संबंधित लगभग सभी पैथोलॉजिकल जांचें की जा सकेंगी। मशीन से प्राप्त जांच रिपोर्ट सीधे मरीज के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जा सकेगी। कंपनी संबंधित मैनपावर को प्रशिक्षण देने के साथ सॉफ्टवेयर संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी निभाएगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव के साथ अवर सचिव धीरंजन शर्मा, मेरिल कंपनी के पदाधिकारी और सी कैड के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसपी सख्त लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** जिले में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, सभी अंचल निरीक्षक, थाना एवं ओपी प्रभारी तथा शाखा प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रामगढ़ ने की। बैठक में शीर्षवार लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी, कांड उद्भेदन और त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। अप्रैल 2026 में दर्ज विशेष और अविशेष मामलों की समीक्षा कर मई माह में अधिक मामलों के निष्पादन का लक्ष्य तय किया गया। बलात्कार और पोक्सो एक्ट से जुड़े मामलों को 60 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश भी दिया गया। सभी थाना प्रभारियों को पासपोर्ट सत्यापन पांच दिनों के भीतर पूरा कर पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया। वहीं डायल-112 के तहत प्राप्त शिकायतों पर अधिकतम 10 मिनट के भीतर रिस्पॉन्स देने का निर्देश दिया गया। पॉकेट पेडिंग, चेन स्नैचिंग, मोबाइल और पर्स छिनतई से जुड़े मामलों की समीक्षा कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पिछले दो, तीन और पांच वर्षों से लंबित मामलों की अलग-अलग सूची तैयार कर त्वरित निष्पादन का आदेश दिया गया। संगठित आपराधिक गिरोहों की गतिविधियों पर निगरानी रखने, जेल से बाहर आए अपराधियों का सत्यापन करने और आवश्यकतानुसार निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। गैर तामिला वारंट, स्थायी वारंट और फरार अपराधियों की अद्यतन सूची तैयार करने पर भी जोर दिया गया। आईटी एक्ट, ई-साक्ष्य, सीसीटीएनएस, ईडीएआर/आईआरएडी, नेटग्रिड के गांडीवा एवं सुदर्शन एप्लीकेशन के उपयोग की समीक्षा की गई। सात वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में फोरेंसिक जांच और वैज्ञानिक अनुसंधान को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार मामलों, यूडी कांडों और आईटीएसएसओ में लंबित मामलों की भी समीक्षा हुई। बैठक में अवैध खनन और अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी चलाने का निर्देश दिया गया। सड़क सुरक्षा के तहत वाहन जांच अभियान तेज करने तथा संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी लगाने की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही जन शिकायत, पीजी पोर्टल और सीपी ग्राम में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन करने के निर्देश भी दिए गए।

## जागरुक होकर ही अधिकारों को प्राप्त किया जा सकता है : गौतम कुमार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** 90 दिन गहन विधिक जागरुकता शिविर के तहत पूर्णानगर पंचायत भवन कोडरमा में बुधवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को कानून के प्रति जागरूक करना है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंच सके। वही डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता किरण कुमारी ने महिला प्रताड़ना एवं पोक्सो एक्ट पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। वहीं राजेंद्र मंडल ने आईटी एक्ट, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। वही अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने सामाजिक कुरीतियों, बाल विवाह बाल मजदूरी, शिक्षा का अधिकार, अधिकार और कर्तव्य पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून की अवहेलना करने पर दंड का प्रावधान है। वहीं उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है जिसे हम सभी को मिलकर दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह करना या कराना या उसमें शामिल होना कानूनन दंडनीय अपराध है, इसकी रोकथाम करना हम सब की नैतिक जिम्मेवारी है। इसके दोषियों को दो साल तक कि सजा एवं एक लाख रुपये तक का जुमार्ना है। इसकी रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत, शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविकाएं, बाल संरक्षण समिती सहित बाल विवाह निषेध पदाधिकारी की जवाबदेही सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की सूचना ग्राम पंचायत, पुलिस प्रशासन, बाल विवाह निषेध पदाधिकारी को कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा, रमाकांत मिश्रा सर के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।

## सीबीएसई बारहवीं की परीक्षा में जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जिले के डोमचांच स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सी.बी.एस.ई. बारहवीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी बच्चों ने शत प्रतिशत परिणाम के साथ बाजी मारी। बतादें की सी.बी.एस.ई. द्वारा बुधवार को बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित हुआ,तत्पश्चात बच्चों ने रिजल्ट देख अपनी खुशी जाहिर करते हुए माता पिता व शिक्षकों के योगदान की बात कही उन्होंने अपने परिणाम के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों को श्रेय दिया। इस खुशी के मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं व अपने आशीर्वचन दिए। उपस्थित विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने बच्चों बधाई दी साथ ही कहा यह पल विद्यालय के लिए बहुत ही गौरव का पल है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा आगे होने वाले आगामी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए




विद्यालय हमेशा तत्पर है। विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बारहवीं के छात्र-छात्राओ में गौतम कुमार गुप्ता 88%, झील शर्मा 87.4%, कोमल पांडे 84%, आदित्य कुमार 83.4%, प्राची कुमारी 79%, आर्यन राज 78.4%, अभिनव सिंह 78.2%, प्रियांशु कुमार 74.6%, आदित्य आदर्श 73.6%, अंकित राज 73.4%, अभिनव कुमार 72%, विवेकानंद गुप्ता 71% अंक प्राप्त किए। उपनिदेशक नीरज सिंह ने भी बच्चों को बधाई तथा ढेरों शुभकामनाएं दी।

## हमारा अल्ट्रासाउंड एंड डायग्नोस्टिक सेंटर का झामुमो नेत्री ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात

**कोडरमा :** जिले के डोमचांच प्रखंड में डोमचांच - गिरिडीह रोड, स्टेट बैंक के बगल में दिन बुधवार को समय 11:00 बजे हमारा अल्ट्रासाऊंड एंड डायग्नोसिस सेंटर का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा नेत्री शालिनी गुप्ता के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि डोमचांच में अल्ट्रासाउंड के खुलने से आसपास के लोगों को काफी सुविधा होगी उन्हें तिलैया जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मौके पर उपस्थित पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि डोमचांच प्रखंड में एक अल्ट्रासाउंड सेंटर की अत्यंत आवश्यकता थी जो आज पूरी हो



गई। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए, माता एवं बहनों के लिए यह अल्ट्रासाउंड काफी उपयोगी है। सेंटर मे उपस्थित डॉ लूना मित्र ने कहा कि मैं प्रतिदिन हमारा अल्ट्रासाउंड एवं डायग्नोस्टिक सेंटर में उपस्थित रहूंगी व अल्ट्रासाउंड करूंगी। इस अवसर पर डोमचांच नगर अध्यक्ष श्री उमेश वर्मा, डॉ. अभिजीत, डॉ सुजीत राज, डॉक्टर अभिलाषा गुप्ता, डॉ दयानंद मेहता, सुदेश मोदी, निमेष सिह आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## सपनों को दी नई उड़ान : आर्ट्स में गौरव झा ने रचा इतिहास, बने जिला टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सीबीएसई 12वीं परीक्षा के घोषित परिणाम में भुरकुंडा के जयप्रकाश नगर निवासी गौरव कुमार झा ने शानदार प्रदर्शन कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। आर्ट्स संकाय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर गौरव जिला टॉपर बने हैं। परिणाम घोषित होने के



बाद परिवार, मोहल्ले और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। गौरव कुमार झा ने परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंग्रेजी में 90 अंक, इतिहास में 94 अंक, पॉलिटिकल साइंस में 98 अंक, भूगोल में 92 अंक तथा पेंटिंग में शत-प्रतिशत यानी 100 अंक प्राप्त किए। खासकर पेंटिंग और पॉलिटिकल साइंस में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की क्षेत्रभर में चर्चा हो रही है। गौरव की इस सफलता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। परीक्षा परिणाम सामने आते ही गौरव के घर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। उनकी दादी ने मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पिता सरोजकांत झा सहित पूरे परिवार ने गौरव की उपलब्धि पर गर्व जताया। स्थानीय लोगों ने भी गौरव को बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। अपनी सफलता पर गौरव कुमार झा ने कहा कि कठिन परिश्रम, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय कर निरंतर मेहनत करने से हर छात्र अपने सपनों को पूरा कर सकता है। गौरव की इस उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल रही है।

## 'जल ही जीवन है' के संदेश के साथ मारवाड़ी युवा मंच ने शुरू किया वाटर कूलर और चलंत प्याऊ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** गर्मी को देखते हुए सामाजिक सरोकार की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए मारवाड़ी युवा मंच और प्रेरणा शाखा द्वारा श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर अड्डी बंगला परिसर में वाटर कूलर एवं चलंत प्याऊ का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम के दौरान जल ही जीवन है एवं जल संरक्षण जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जल बचाने और उसके सदुपयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। मौके पर वाटर कूलर का शुभारंभ चौधरी परिवार के द्वारा प्रदत वाटर कूलर का शुभारंभ नारियल प्रधारकर बिनोद चौधरी ने किया जबकि पूजा अर्चना राम उदय पांडेय ने कराई।



इस अवसर पर विनोद चौधरी ने कहा कि चौधरी परिवार के द्वारा इस मंदिर में वाटर कूलर लगाने का उद्धेश्य मुख्य रूप से राहगीरों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है। वहीं मारवाडी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा के द्वारा एक चलंत वाटर कूलर का शुभारंभ नगर परिषद के अध्यक्ष रमेश हर्षधर वार्ड पार्षद विशाल सिंह मारवाडी युवा मंच के उपाध्यक्ष प्रतीक संघई शिक्षाविद् नारायण सिंह,कुंज बिहारी त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष रमेश हर्षधर ने कहा कि सेवा के क्षेत्र में मारवाडी युवा मंच का प्रयास सराहनीय है। मंच से लोगो से सिखने की जरूरत है। शिक्षा, स्वास्थ्य, गौसेवा,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित कई कार्यक्रम इनके द्वारा संचालित किये जा रहे है। पनशाला, पाठशाला एवं धर्मशाला जैसी सेवा इनके मुख्य उद्धेश्य है। वहीं वार्ड पार्षद विशाल सिंह ने मारवाड़ी युवा मंच की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। वहीं मंच के उपाध्यक्ष प्रतीक संघई ने कहा कि गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं आम लोगों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना मंच का मुख्य उद्देश्य है। पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार है और इसके संरक्षण के लिए समाज के हर व्यक्ति को आगे आना चाहिए। मंच का संचालन करते हुए सचिव अतुल खेतान ने कहा कि मारवाडी युवा मंच सेवा के कार्यो से पहचाना जाता है और युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति होती है। इसी उद्धेश्य को लेकर समाज के अंतिम पैदान तक मंच के सदस्य सेवा के लिए तत्पर्य रहते हैं। प्रांत संयोजक राज पचीसिया मंच के संयोजक अरविन्द चौधरी अमृत धारा के परियोजना निर्देशक सौरभ लोहारिया, शिवेश पचीसिया, पीयूष सहल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जल की प्रत्येक बूंद अनमोल है, इसलिए पानी की बबार्दी रोकें और जल संरक्षण को अपनी आदत बनाएं। मौके पर प्रेरणा शाखा के अध्यक्ष आकृति चौधरी ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच का मानव सेवा के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए भी कई योजनाएं कोडरमा क्षेत्र में सुचारू रूप से आयोजित की जा रही है और प्रेरणा शाखा की महिलाएं भी इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## एक नजर

### 95% अंक के साथ शायन्तिका मोदी बनी विवेकानंद कान्वेंट स्कूल की टॉपर



**कोडरमा :** चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा आयोजित बारहवीं बोर्ड परीक्षा, विज्ञान संकाय मे अच्छे अंक लाकर सफलता का परचम लहराया। कुल 31 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा मे शामिल हुआ था। जिसमें अधिकतर छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से पास किया। शायन्तिका मोदी ने सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। वही रागिनी बरगवे ने 92 प्रतिशत अंक लाकर द्वीतीय टॉपर बनी। राजा कुमार ने 91.8 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान व साची गुप्ता ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया। निदेशक अनिल कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जब बच्चें बेहतर करते हैं तो माता पिता के साथ शिक्षकों को भी खुशी होता हैं। उन्होंने कहा कि बच्चें लगन व मेहनत से आगे की पढ़ाई करते हुए सफलता अर्जित करें। प्राचार्य राधेश्याम पंडित सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को बधाई व शुभकामनायें प्रेषित किये।

### निर्माणाधीन सड़क पर फंसा हाइवा, घंटों जाम से ग्रामीण परेशान

**रामगढ़ :** मतकमा चौक से चिकोर, पाली, सांकी होते हुए चुटुपालू तक बन रही महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना का अधूरा कार्य बुधवार को ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बन गया। पाली दुमुहान गढ़ा के पास डायवर्सन में एक हाइवा फंसने से घंटों यातायात बाधित रहा, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रशासन और निर्माण एजेंसी को मौके पर पहुंचना पड़ा। जानकारी के अनुसार कोड़ी क्रेशर से चिप्स लेकर आ रही हाइवा संख्या बीआर 02जीडी7846 निर्माणाधीन डायवर्सन में फंस गई। सड़क पूरी तरह जाम हो जाने से स्कूल जाने वाले कई बच्चे बीच रास्ते से लौट गए। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए वाहनों का परिचालन रोक दिया और निर्माण एजेंसी के खिलाफ नाराजगी जताई। घटना की सूचना मिलते ही बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने उपायुक्त ऋतुराज से दूरभाष पर संपर्क कर मामले की गंभीरता से अवगत कराया। करीब चार घंटे तक चली बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग उठाई।

### चर्चित अपहरण कांड का मुख्य आरोपी मो. जमीर गिरफ्तार

**रामगढ़ :** अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में रामगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पतरातु थाना क्षेत्र में दर्ज चर्चित कांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी मो. जमीर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को बुधवार को न्यायिक प्रक्रिया के तहत रामगढ़ न्यायालय में पेश करने के लिए भेजा गया। गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में इस मामले को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। जानकारी के अनुसार 12 मई 2026 को वादी विकास कुमार सिंह, उम्र लगभग 32 वर्ष, पिता द्वारिका सिंह, निवासी भास्कर कॉम्प्लेक्स फ्लैट नंबर-402, कांके थाना, जिला रांची का अपहरण कर रंगदारी की मांग की गई थी। मामले को लेकर पतरातु (भुरकुंडा) थाना कांड संख्या-264/2025 दिनांक 06 नवंबर 2025 के तहत धारा 126(2), 115(2), 308(3), 140 और 3(5) बीएनएस के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन क्लोजिंग एड्रेस, सांस्कृतिक संध्या की तैयारी पूर्ण



**कोडरमा :** कोडरमा बागीटांड़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक, कोडरमा परिसर में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय हजारीबाग के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के नौवें दिन क्लोजिंग एड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार सेना मेडल ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए लगभग 650 एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में कर्नल विजय कुमार ने कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र सेवा की भावना को जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल परेड एवं कैंप तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कैडेट्स को नियमित एवं एकाग्र होकर अध्ययन करने, सामान्य ज्ञान बढ़ाने, समाचार पत्र पढ़ने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही समय प्रबंधन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने कहा कि आज के युवा ही देश का भविष्य हैं और शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनना भी अत्यंत आवश्यक है। कैडेट्स को मोबाइल एवं सोशल मीडिया का सीमित उपयोग करते हुए अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने की सलाह दी गई। शिविर के दौरान टीएससी प्रक्रिया के अंतर्गत फायरिंग, ऑब्स्टेकल प्रशिक्षण, टेंट पिचिंग, ड्रिल, जजिंग डिस्टेंस एंड फील्ड सिग्नल तथा टग ऑफ वार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त एनसीसी कैडेट्स को कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले कैडेट्स में उत्साह एवं गर्व का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में एएनओ, पीआई स्टाफ, जीसीआई एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर पूरे शिविर परिसर में उत्साह, अनुशासन एवं देशभक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

### सीबीएसई 12वीं में श्री अग्रसेन स्कूल का शानदार प्रदर्शन, रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत



**रामगढ़ :** सीबीएसई 12वीं परीक्षा के घोषित परिणाम में श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। इस वर्ष स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। बेहतर परिणाम आने के बाद विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। साइंस संकाय में रोहिणी कौशल ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं माही कुमारी ने 87.6 प्रतिशत, रिशु गुप्ता ने 87 प्रतिशत, टिया सिंह ने 84.4 प्रतिशत, बेबो भारती ने 84.4 प्रतिशत, वैभव कश्यप साव ने 84.4 प्रतिशत, आयुष कुमार ने 84 प्रतिशत, शुभम कुमार ने 83.6 प्रतिशत, समृद्धि कुमारी ने 82.4 प्रतिशत तथा अजमेर खान ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर साइंस के टॉप टेन में अपनी जगह बनाई। कॉमर्स संकाय में कौशिकी सिंह ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। इसके अलावा इशांत कुमार सिंह ने 83.8 प्रतिशत, मनीष कुमार ब्राहिल ने 79.4 प्रतिशत, आदित्य कुमार ने 79 प्रतिशत तथा विद्या यादव ने 73.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉमर्स के टॉप फाइव में स्थान बनाया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि बच्चों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह सकारात्मक परिणाम है। वहीं प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय एवं क्षेत्र का सम्मान बढ़ाया है। विद्यार्थियों की सफलता पर अंकित विश्वकर्मा, सोहैल अहमद, संतोष कुमार, कुमुल कुमार, मंजू कुमारी, सोनम खातून, रीतिका, आयुष मजूमदार और अरविंद दुबे सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रामगढ़ कोर्ट का बड़ा आदेश, मुआवजा नहीं देने पर पीआरसी कैंट की संपत्ति कुर्क करने का निर्देश



**रामगढ़ :** भूमि अधिग्रहण मुआवजा मामले में रामगढ़ व्यवहार न्यायालय ने बड़ा और सख्त फैसला सुनाते हुए रक्षा मंत्रालय से संबंधित पंजाब रेजिमेंट सेंटर (पीआरसी) कैंट की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया है। सिविल जज (सीनियर डिवीजन)-सह विशेष न्यायाधीश (एल.ए.) शिवेन्दु द्विवेदी की अदालत ने यह आदेश लैंड रेफरेंस केस संख्या 26/1990 एवं लैंड एग्जीक्यूशन केस संख्या 1/2005 में पारित किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वर्ष 2004 में पारित अवार्ड के अनुसार अवार्डधारकों और याचिकाकर्ताओं को मुआवजा राशि के साथ 15 प्रतिशत वार्षिक ब्याज का भुगतान किया जाना था। बावजूद इसके अब तक कुल ?1,42,20,809.48 की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मामले में लगातार देरी को गंभीर मानते हुए न्यायालय ने कुर्की की कार्रवाई का निर्देश दिया। न्यायालय ने बैलिफ को निर्देश दिया है कि पंजाब रेजिमेंट सेंटर, रामगढ़ कैंट से संबंधित विभिन्न खातों एवं प्लॉटों की चल संपत्तियों को कुर्क किया जाए। यह भूमि रामगढ़ जिले के बुजुर्ग जमीरा और पोछरा गांवों में स्थित बताई गई है, जो लंबे समय से भूमि अधिग्रहण विवाद का हिस्सा रही है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि बकाया राशि और कुर्की प्रक्रिया में हुए खर्च का भुगतान नहीं किया जाता है, तो संपत्ति को न्यायालय के अगले आदेश तक कुर्क रखा जाएगा। साथ ही बैलिफ को वारंट निष्पादन की विस्तृत रिपोर्ट 14 मई 2026 तक न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। मामले में कुर्की वारंट 13 मई 2026 को जारी किया गया, जिसके बाद प्रशासनिक और कानूनी हलकों में इस फैसले की व्यापक चर्चा शुरू हो गई है।

## एक नजर

### मौत की घाटी में फिर बहा खून, अज्ञात वाहन ने ली युवक की जान

**चौपारण** : प्रखंड की चर्चित और खतरनाक घाटी, जिसे स्थानीय लोग मौत की घाटी के नाम से जानते हैं, में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सांझा कट के समीप पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनू कुमार, पिता विजय चौधरी, निवासी बेलाउर, जिला भोजपुर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात करीब 11:30 बजे सोनू कुमार पैदल जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनके सिर में गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल बरही भेज दिया।

# छिपादोहर व हेहेगढ़ा रेलवे स्टेशन हटाने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन, विधायक का मिला साथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लातेहार** : लातेहार जिला स्थित पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) क्षेत्र स्थित छिपादोहर व हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन को हटाये जाने की चर्चा जोरों पर है। बताया जाता है कि पीटीआर के कोर एरिया क्षेत्र में वन्य जीवों की सुरक्षा के मद्देनजर वन विभाग ने हेहेगढ़ा और छिपादोहर रेलवे स्टेरशन को हटाने व रेलवे रूट डायवर्ट करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके विरोध में बुधवार को छिपादोहर स्टेशन परिसर में सर्वदलीय संघर्ष समिति के बैनर तले धरना-प्रदर्न किया गया। धरना में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह भी शामिल हुए। उन्होंयने कहा कि दोनों रेलवे स्टेरशन ग्रामीणो की लाइफ लाइन हैं। इन्हें किसी भी सूरत में हटाने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने सरकार से वैकल्पिक व्य वस्थार करने की मांग की। कहा कि इन स्टेहशनों को हटाने से क्षेत्र को लोगों को जिला मुख्योलय तक आने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सड़क मार्ग से दोगनी दूरी तय करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वे ग्रामीणों के साथ हैं और उनके आंदोलन को समर्थन करते हैं। समिति के अध्यक्ष बेरोनिका कुजूर ने कहा कि ग्रामीण एकजुट हैं और स्टेशन हटाने का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष शशिभूषण तिवारी व प्रखंड उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने कहा कि दोनों स्टेशनों का विकास बेहद जरूरी हैं। मौके पर सांसद प्रतिनिधि भीमानंद गिरि, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनीता कुमारी, रामचरित्र प्रसाद, दीपा देवी, उमेश राम, मुना गुप्ता, संजय सिन्हा, सुनील प्रसाद, सोनू प्रसाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला टॉपर अनुपम लाहा को पप्पू वर्मा ने किया सम्मानित, आगे की पढ़ाई के लिए दी आर्थिक सहायता



**ईचागढ़** : कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत ईचाडीह गांव निवासी छात्र अनुपम लाहा ने 459 अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर भाजपा जिला महामंत्री पप्पू वर्मा ने उनके घर पहुंचकर सम्मानित किया। इस दौरान पप्पू वर्मा ने अनुपम लाहा को अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया तथा आगे की पढ़ाई एवं नामांकन में सहयोग के लिए आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर सीमित संसाधनों में इतनी बड़ी सफलता हासिल करना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।सुदूरवर्ती गांव ईचाडीह निवासी अनुपम एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता गांव में छोटा सा किराना दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक तंगी के बावजूद परिवार ने बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं आने दी। कठिन परिस्थितियों में मेहनत और लगन के दम पर अनुपम ने यह उपलब्धि हासिल की है। वहीं स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी भी देखी गई कि जिला टॉपर बनने के बावजूद अब तक जिला प्रशासन एवं प्रखंड प्रशासन की ओर से न तो कोई छात्र से मिलने पहुंचा और न ही किसी प्रकार का फोन कर बधाई दी गई। लोगों ने मेधावी छात्रों को उचित सम्मान एवं प्रोत्साहन देने की मांग की है। पप्पू वर्मा ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने अनुपम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

## नशे के खिलाफ छापेमारी, पुलिस ने 2 को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : जिले में बढ़ते अवैध मादक पदार्थ कारोबार और नशे के खिलाफ हजारीबाग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार रात विशेष अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर जिलेभर में एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की गई, जिससे नशे के कारोबारियों और संदिग्धों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, पिछले 5 वर्षों में अवैध मादक पदार्थ मामलों में शामिल अभियुक्तों, नशा सेवन करने वालों और खरीद-बिक्री से जुड़े लोगों के खिलाफ यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक और पुलिस निरीक्षकों ने किया। इस अभियान के लिए जिलेभर में कुल 43 विशेष टीमों का गठन किया गया था, जिसमें 118 पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों को लगाया गया। गठित टीमों ने रातभर कार्रवाई करते हुए जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में 100 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 77 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाना लाया। बाद में चेतावनी एवं पीआर बॉन्ड पर उन्हें छोड़ा गया। वहीं कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 32 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है। हजारीबाग पुलिस ने साफ कहा है कि जिले में नशे के कारोबार, सेवन और अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से भी अपील की है कि यदि उनके इलाके में नशा कारोबार, अड्डेबाजी या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी थाना को सूचना दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## नए थाना प्रभारी से मिले युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता, शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बड़कागांव आनंद मेहता ने कटकमदाग नए थाना प्रभारी के पदभार ग्रहण करने के पश्चात औपचारिक मुलाकात किया। इस दरमियान प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता ने नए थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी को साल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया।और कटकमदाग के नए थाना प्रभारी के पदभार ग्रहण करने पर बधाई दिया। आनंद मेहता ने थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति व्यवस्था एवं नशामुक्ती को लेकर बेहतर पुलिसिंग करने की उम्मीद जताई।

ज्ञापांक–3786/र0का0
वरीय पुलिस अधीक्षक, का कार्यालय,रॉची
रॉची, दिनांक :–11.05.26

अति आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि रॉची जिलाबल के निलंबित आ0/3275 शशिकांत तिर्की पे0 स्व0 नोबेल तिर्की, ग्राम–मेहा ( छोटका टोली ) पोस्ट+थाना–कर्रा, जिला खुंटी वर्तमान ग्राम हरचण्डा पो0–डहु थाना ओरमांझी ,जिला रॉची ,दिनांक 19.03.2019 से बिना किसी सूचना/अनुमति के अपने कर्तव्य से फरार हो गये हैं। जिस आरोप में रॉची जिला वि0कार्य0 सं0 241/2020 संचालित किया गया है। आरक्षी श्री तिर्की को वर्तमान घर के पता पर पुलिस पदाधिकारी भेजकर कर्तव्य पर उपस्थित होने एवं अपना बचाव स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु पत्र हस्तगत कराया गया है। उसके बावजूद भी न तो अपना बचाव स्पष्टीकरण समर्पित किये न ही अभी तक अपने कर्तव्य पर उपस्थित हुए हैं।

समाचार पत्र के माध्यम से आपको अपना बवाव स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु अंतिम अवसर देते हुए सूचित किया जाता है कि 15 दिनों के अन्दर अपने कर्तव्य पर उपस्थित हों अन्यथा संचालित वि0का0 में एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा।

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉची

PR 379675 (Police)26-27*D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh

Very Short Notice Inviting
e-quotation Notice No-04/2026-27 (2nd Call)

P.R. NO.- 378380 Drinking Water and Sanitation (26-27).D

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction Works from Quarry Owners/Crusher owners/ Reputed Manufacturer / authorized dealers/ Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website . Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. **The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 14.05.2026 at 10:30 hrs. to 21.05.2026 at 17:00 hrs. The quotation will be opened on 22.05.2026 at 10:30 Hours.**

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

**Address for Communication:**
Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh
Mob. No :- 9973461837
Phone No. - 06546-262291
Fax No. N/A
e- mail ID:- eedwsd.hazaribagh@gmail.com

(Anil Prasad Gupta)
Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division,
Hazaribagh

PR 379665 Drinking Water and Sanitation(26-27)#D

## सीओ संजय यादव की कार्रवाई से बदला चतरा मोड़ का चेहरा, सड़कें हुईं खुली और व्यवस्थित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण** : प्रखंड का चर्चित चतरा मोड़ प्रशासन की सख्ती के बाद पहली बार पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त नजर आया। जिस इलाके में देर रात तक होटल कर्मियों, ठेला संचालकों, फल विक्रेताओं और अवैध कब्जाधारियों की चहल-पहल बनी रहती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रशासन की लगातार कार्रवाई और चेतावनी का असर ऐसा दिखा कि सड़क किनारे वर्षों से जमे अस्थायी कब्जे हट गए और पूरा क्षेत्र खुला एवं व्यवस्थित दिखाई देने लगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व कर रहे अंचल अधिकारी संजय यादव ने बताया कि 14 से 16 मई तक विशेष अभियान चलाकर सड़क किनारे अतिक्रमण कर बैठे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि चौपारण में सड़क दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण सड़क किनारे किया गया अतिक्रमण भी है। इसी को ध्यान में रखते हुए चतरा मोड़ के साथ-साथ चैथी मोड़, केंदुआ मोड़ और महूदी मोड़ समेत अन्य स्थानों से भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व ही सीओ संजय यादव द्वारा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया गया था। सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए ठेले, टीन शेड और होटलों के बाहर फैलाई गई सामग्री को हटाने का निर्देश दिया गया था। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया था कि सरकारी जमीन और सड़क सुरक्षा से किसी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## गांधी कॉलेज ऑफ एलाइड साइंस में लैंप लाइटिंग समारोह एवं नर्सेस डे का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सरायकेला-खरसावां** : गांधी कॉलेज ऑफ एलाइड साइंस, छोटा सिजुलाटा, राजनगर में लैम्प लाइटिंग समारोह एवं नर्सेस डे का भव्य आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग छात्राओं को सेवा, समर्पण एवं मानवता के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एवं कस्तूरबा गांधी गर्ल्स हाई स्कूल, राजनगर की प्राचार्या उपस्थित थीं। समारोह में निदेशक एस. के. गुप्ता, चेयरमैन लक्ष्मी गुप्ता, प्राचार्या डॉ. संध्या साहू, डॉ. अंकिता सिंह, चंद्रजीत कुमार यादव, भृगु नारायण राणा, कविता कुमारी, खुशबू महली, पूनम जोजो, शम्पा दास सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्ज्वलन एवं लैम्प लाइटिंग समारोह के माध्यम से नर्सिंग पेशे की गरिमा एवं सेवा भावना को दशार्या गया। सभी अतिथियों ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए नर्सों की समाज एवं स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नर्सें स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती हैं तथा मानव सेवा में उनका योगदान अतुलनीय है। इस अवसर पर छात्राओं ने नर्सिंग शपथ ग्रहण कर सेवा, अनुशासन एवं पेशे की नैतिकता का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची

Very Short
e-Procurement Notice

ई–निविदा सं0– राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची/राँची 16/2026–27, दिनांक:

| क्रम सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि/ प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला अन्तर्गत बड़ागाँई अंचल के मौजा–मोराबादी में सरना स्थल की घेराबन्दी कार्य। | 2,49,58,000/- | 5,00,000/- | 10,000/- | 12 Months | कार्य के अनुरूप |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtendrs.gov.in |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | Start Date 19.05.2026 to 11.00 AM<br>End Date 26/05/2026 up to : 2.00 PM |
| 5. | Bids online Submission | Start Date 19.05.2026 Time : 11.00 AM<br>End Date 26/05/2026 Time : 11.00 AM |
| 6. | Technical Bid Opening Date | Date 28/05/2025 Time : 11.00 AM |
| | Officer Inviting Bids | कार्यपालक अभियंता<br>राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची<br>Address : कार्यपालक अभियंता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची |

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची

PR 379756 NREP(26-27).D

# झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में पानी संकट के बीच देवदूत बनकर पहुंचे हरे लाल महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सरायकेला** : खरसावां जिले के कुकड़ू स्थित झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक स्कूल की जलापूर्ति व्यवस्था ठप हो गई। सैकड़ों छात्राएं पानी के लिए परेशान हो उठीं। पीने के पानी से लेकर दैनिक जरूरतों तक संकट गहरा गया, लेकिन इसी मुश्किल घड़ी में एक नाम फिर लोगों की जुबान पर छा गया – HLM

HLM यानी Hare Lal Mahato

वही हरे लाल महतो, जिन्हें लोग सिर्फ एक नेता नहीं बल्कि हर संकट में खड़े रहने वाले समाजसेवी के रूप में पहचानते हैं। जन सेवा ही लक्ष्य संस्था के संस्थापक और आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो एक बार फिर जरूरतमंदों के लिए उम्मीद बनकर सामने आए।

बताया जाता है कि हरे लाल महतो साल के 365 दिन और दिन के 24 घंटे लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। दिलचस्प बात यह है कि चुनाव के समय जनता भले किसी और को चुन ले, लेकिन जब मुसीबत सामने आती है तो सबसे पहले लोगों को याद हरे लाल महतो ही आते हैं। दरअसल, विद्यालय में लगे मोटर का पाइप अचानक फट गया, जिससे पानी की आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई। स्थिति और गंभीर इसलिए हो गई क्योंकि स्कूल परिसर का एकमात्र चापाकल भी पहले से खराब पड़ा हुआ है। विद्यालय में करीब 340 छात्राएं रहती हैं, जबकि शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को मिलाकर यह संख्या 360 से 370 तक पहुंच जाती है। ऐसे में पानी का संकट छात्राओं के लिए बड़ी परेशानी बन गया। इसी दौरान आजसू पार्टी के कुकड़ू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो को मामले की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत फोन पर हरे लाल महतो को पूरी स्थिति से अवगत कराया। फिर क्या था, सूचना मिलते ही हरे लाल महतो ने बिना एक पल गंवाए जन सेवा ही लक्ष्य संस्था की ओर से तत्काल एक पानी टैंकर विद्यालय भेजवा दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने सिर्फ एक टैंकर पर ही भरोसा नहीं किया, बल्कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक अतिरिक्त पानी टैंकर भी बैकअप के तौर पर उपलब्ध करा दिया। हरे लाल महतो की इस त्वरित पहल से छात्राओं और स्कूल प्रबंधन ने राहत की सांस ली। वहीं जब अभिभावकों को पूरे मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने हरे लाल महतो की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनका आभार जताया। साथ ही प्रशासन से विद्यालय में जल्द स्थायी जलापूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी सिस्टम कई बार देर से जागता है, लेकिन हरे लाल महतो हर बार बिना इंतजार किए लोगों के बीच पहुंच जाते हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या:– SPUF/MID/KODERMA/F2-02/2026-27
पत्रांक:–346दिनांक:–13.05.2026

1.विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 20.05.2026 से 02.06.2026 तक (कार्यालय अवधि में)
3.निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–04.06.2026 समय अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–04.06.2026, 03:30 बजे अपराह्न।
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–(1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।
(2) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,कोडरमा।
(3) जिला योजना पदाधिकारी, कार्यालय, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

| ग्रुप सं0 | प्रखंड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि(रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य(रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | प्रखंड कोडरमा के पंचायत पुरनानगर में अरूण महतो के घर से रेणु पाण्डेय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 858600.00 | 1250.00 | 17200.00 | 3 माह |

नोट:– निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा

PR 379728 (Minor Irrigation)26-27*D

# दूरगामी सोच का परिणाम है प्रधानमंत्री की अपील

ऐसा नहीं है कि भारत विदेशी मुद्रा मामले में संकट में हो बल्कि वास्तविकता यह है कि 10 अप्रैल, 2026 के आंकड़ों की ही बात करें तो भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार आज उच्चतम स्तर पर है। 700 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का विदेशी मुद्रा भण्डार भारत के पास है। एक अनुमान के अनुसार आगामी 11 माह से अधिक समय तक आयात मांग की पूर्ति इस राशि से आसानी से हो सकती है। विदेशी मुद्रा भण्डार से एफसीए यानी कि विदेशी मुद्रा संपत्ति, स्वर्ण भण्डार और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में आरक्षित राशि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसके सबके बावजूद भविष्य के संभावित संकट के हालातों से निपटने की आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जाती है तो यही दूरदृष्टि कहलाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भविष्य के वैश्विक हालात साफ दिखाई दे रहे हैं। इसमें सुधार की संभावना निकट भविष्य में दिखाई भी नहीं दे रही है। ऐसे में उन्होंने देशवासियों से केवल एक वर्ष के लिए अनावश्यक खर्चों में कटौती का आग्रह किया है। इसमें ईंधन बचाना, सोना नहीं खरीदने, विदेशी यात्राओं व विदेशों में शादी नहीं करने, खाने के तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत तक की कटौती व खेती में रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में 50 प्रतिशत तक की कटौती का सुझाव प्रमुख है। प्रधानमंत्री के देशवासियों से आग्रह को आलोचक भले मुद्दा बनाने का प्रयास करें पर वैश्विक हालात आज सबके सामने है। देशवासियों को मालूम है कि पेट्रोलियम उत्पादों इनमें कच्चे तेल से लेकर गैस आदि शामिल है, उसके लिए आयात पर निर्भरता अधिक है। देश में 979 अरब अमेरिकी डॉलर का सालाना आयात होता है जिसमें करीब 38 प्रतिशत आयात केवल पेट्रोलियम पदार्थों पर हो रहा है। सोना-चांदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ फर्टिलाइजर के मामले में भी विदेशों पर निर्भरता अधिक है। करीब 10 प्रतिशत राशि सोने के आयात पर खर्च होती है। यदि समग्र रुप से देखा जाए तो प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के सिकन्दराबाद से देशवासियों से जो आग्रह किया है वह ऐसा नहीं है जो किसी भी तरह से देशवासियों के लिए दुविधाजनक हो। वैश्विक संकट के चलते देश-दुनिया की इकोनॉमी पर पड़ने वाले संभावित असर को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी की देशवासियों से दूरदृष्टियुक्त अपील से कोरोना काल की याद ताजा हो रही है तो पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की तत्कालीन अन्न संकट के दौरान सप्ताह में एक दिन के उपवास के आग्रह की ओर चला जाता है। ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल के सीजफायर के आसार अभी दिखाई नहीं दे रहे हैं तो दूसरी ओर दोनों पक्षों की हठधर्मिता के कारण हार्मुज जलडमरुमध्य से परिवहन बाधित होने का परिणाम दुनिया के देशों के सामने है। दुनिया के देशों को यह समझ लेना होगा कि अमेरिका-ईरान युद्ध केवल दो या तीन देशों के बीच सीमित ना होकर इसके असर से आज कोई देश अछूता नहीं है। यह दो देशों की अहम की लड़ाई न होकर समूची मानवता को प्रभावित करने वाले हालात हैं। आज दुनिया के देशों की एक-दूसरे पर निर्भरता बढ़ी है। बिना किसी अन्य देश के सहयोग के कोई भी देश अपने स्तर पर अपने देशवासियों की आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थिति में नहीं है। आर्थिक उदारीकरण के बाद से आज दुनिया एक विश्व ग्राम में परिवर्तित हो गयी है। एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि आज ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल संकट का हल निकल भी आता है तब भी वैश्विक हालात सामान्य होने में लंबा समय लग जाएगा। युद्धरत देश यह समझने की कोशिश नहीं कर रहे कि उनके चलते दुनिया आज सालों पीछे जा रही है। विकास बाधित हो रहा है, आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं और हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। सबको मालूम है कि अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते रास्ता अवरुद्ध होने के कारण आज कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयात प्रभावित है।

# नीट संकटः परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत की प्रतियोगी परीक्षा व्यवस्था केवल प्रवेश की प्रक्रिया नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, अवसर और प्रतिभा-परीक्षण का आधार है। जब राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा को लेकर अनियमितता, संदिग्धता या रद्दीकरण की स्थिति बनती है तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती बल्कि लाखों विद्यार्थियों का भरोसा, समय और मानसिक संतुलन भी टूटता है। परीक्षा किसी तकनीकी आयोजन भर का नाम नहीं है; यह उस भरोसे का प्रतीक है जिसमें राज्य यह सुनिश्चित करता है कि परिश्रम, योग्यता और तैयारी का उचित मूल्य मिलेगा। इसलिए परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता किसी भी लोकतांत्रिक शिक्षा-व्यवस्था की रीढ़ होती है।

नीट जैसे मामलों में सबसे चिंताजनक तथ्य केवल यह नहीं कि कोई एक घटना घट गई बल्कि यह है कि ऐसी घटनाएँ बार-बार क्यों सामने आती हैं। जब कोई राष्ट्रीय परीक्षा संदेह के घेरे में आती है, तो पूरा सार्वजनिक विश्वास डगमगाने लगता है। विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक, कोचिंग संस्थान और प्रशासन, सभी एक ऐसे प्रश्न से जूझते हैं जिसका उत्तर केवल प्रेस विज्ञप्तियों से नहीं मिल सकता। प्रश्न यह है कि क्या हमारी परीक्षा-व्यवस्था वास्तव में इतनी मजबूत है कि वह पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुरक्षा—तीनों मोर्चों पर एक साथ टिक सके? यदि नहीं तो समस्या केवल एक परीक्षा की नहीं बल्कि पूरे तंत्र की है।

परीक्षा-व्यवस्था का संकट अचानक पैदा नहीं होता। यह उन छोटी-छोटी कमजोरियों से बनता है जिन्हें समय रहते ठीक नहीं किया जाता। प्रश्नपत्र निर्माण की प्रक्रिया, गोपनीय सामग्री का संरक्षण, लॉजिस्टिक ट्रांसपोर्ट, परीक्षा केंद्रों की निगरानी, तकनीकी सत्यापन, पहचान-प्रक्रिया और उत्तर-पत्रों की हैंडलिंग—इन सभी स्तरों पर यदि एक भी कड़ी कमजोर हो जाए, तो पूरी व्यवस्था संदेह के घेरे में आ सकती है। आधुनिक समय में परीक्षा केवल कागज-कलम का आयोजन नहीं रह गयी है; वह सूचना, सुरक्षा और नियंत्रण के अत्यंत जटिल नेटवर्क से जुड़ी प्रणाली बन चुकी है। इसलिए किसी भी स्तर पर हुई लापरवाही का सीधा प्रभाव छात्रों के भविष्य पर पड़ता है।

यह भी समझना होगा कि परीक्षा-प्रणाली में भरोसा केवल पारदर्शिता से नहीं बनता बल्कि निरंतरता से बनता है। यदि विद्यार्थी को यह आश्वासन न हो कि उसकी मेहनत का मूल्य स्थिर और सुरक्षित है, तो उसकी तैयारी अनिश्चितता में बदल जाती है। एक ईमानदार छात्र परीक्षा केंद्र तक पहुँचने से पहले ही मन में कई प्रश्न लेकर आता है- क्या प्रश्नपत्र सुरक्षित रहेगा? क्या कोई अनुचित लाभ नहीं ले जाएगा? क्या पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष होगी? जब ऐसे प्रश्न सामान्य हो जाएँ, तब समझ लेना चाहिए कि संकट केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक भी है। शिक्षा का मूल उद्देश्य अवसर की समानता है, और यदि वही कमजोर पड़ जाए, तो व्यवस्था अपने उद्देश्य से भटक जाती है।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा जैसी परीक्षा में यह चिंता और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि यह केवल एक पेशेवर प्रवेश-परीक्षा नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के सामाजिक-आर्थिक सपनों का केंद्र है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र, निम्न-मध्यम वर्ग के अभ्यर्थी और छोटे शहरों के युवा सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी योग्यता के बल पर आगे बढ़ने का सपना देखते हैं। लेकिन जब परीक्षा की शुचिता पर प्रश्न उठते हैं, तब सबसे अधिक नुकसान इन्हीं विद्यार्थियों का होता है। जिनके पास प्रभाव, संसाधन या नेटवर्क है, वे कई बार व्यवस्था की कमजोरियों से निकल जाते हैं; पर जिनके पास केवल मेहनत है, वे सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए परीक्षा की पारदर्शिता केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय का भी प्रश्न है।

परीक्षा-व्यवस्था का संकट विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालता है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पहले ही अत्यधिक तनावपूर्ण होती है। छात्र लंबे समय तक कठोर अनुशासन, सीमित सामाजिक जीवन, पारिवारिक अपेक्षाओं और भविष्य की अनिश्चितता के बीच रहते हैं। जब ऐसी स्थिति में परीक्षा का भविष्य ही संदिग्ध हो जाए तो मानसिक दबाव कई गुना बढ़ जाता है। कुछ विद्यार्थी हताश हो जाते हैं, कुछ अपनी रणनीति बार-बार बदलते हैं, और कुछ गहरे अवसाद में भी चले जाते हैं। इसलिए परीक्षा-प्रशासन को यह समझना चाहिए कि वह केवल तिथियाँ घोषित करने या केंद्र स्थापित करने का काम नहीं कर रहा बल्कि युवाओं के भविष्य का भरोसा संभाल रहा है।

डिजिटल युग ने परीक्षा-प्रशासन को सुविधाएँ भी दी हैं और नई चुनौतियाँ भी। ऑनलाइन पंजीकरण, डिजिटल पहचान, सीसीटीवी निगरानी, एन्क्रिप्टेड डेटा और केंद्रीकृत नियंत्रण जैसी व्यवस्थाओं ने परीक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाया है। लेकिन इसी के साथ तकनीकी जोखिम भी बढ़े हैं। डेटा लीक, सॉफ्टवेयर में छेड़छाड़, आंतरिक मिलीभगत, साइबर घुसपैठ और गलत सूचना का प्रसार—ये सभी नई चुनौतियाँ बनकर सामने आए हैं। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उसकी सुरक्षा, ऑडिट और जवाबदेही भी उतनी ही मजबूत होनी चाहिए। यदि तकनीक ही कमजोर हो जाए, तो पारदर्शिता का दावा खोखला साबित होगा।

परीक्षा-व्यवस्था में सुधार के लिए सबसे पहले जवाबदेही तय करनी होगी। जब कोई परीक्षा विवाद में आती है, तो अक्सर ध्यान केवल घटना पर केंद्रित रहता है। लेकिन असली प्रश्न यह है कि उस घटना की अनुमति किसकी लापरवाही से मिली। परीक्षा-आयोजक संस्था, संबंधित मंत्रालय, सुरक्षा एजेंसियाँ, केंद्र-स्तरीय अधिकारी और स्थानीय प्रशासन- सभी की भूमिका की समीक्षा आवश्यक है। जवाबदेही का अर्थ केवल किसी एक अधिकारी को हटाना नहीं बल्कि पूरे ढाँचे का पुनर्मूल्यांकन करना है। यदि दोषी पकड़े नहीं जाते, प्रक्रिया की कमियाँ सार्वजनिक नहीं होतीं और सुधारात्मक कदम नहीं उठाए जाते, तो हर बार वही संकट दोहराया जाएगा।

दूसरी आवश्यकता स्वतंत्र और समयबद्ध ऑडिट की है। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर परीक्षा-समापन तक हर चरण का सुरक्षित रिकॉर्ड होना चाहिए। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल जांच संभव हो, इसके लिए ऐसा तंत्र चाहिए जो पारदर्शी भी हो और तेज भी। साथ ही परीक्षा-प्रबंधन में बहुस्तरीय निगरानी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जहाँ कोई एक व्यक्ति या विभाग पूरी प्रक्रिया पर एकाधिकार न रखे। नियंत्रण का विकेंद्रीकरण और निगरानी का केंद्रीकरण- यही संतुलन सुरक्षित परीक्षा तंत्र की आधारशिला बन सकता है।

तीसरी आवश्यकता विश्वसनीय संवाद व्यवस्था की है। सोशल मीडिया के दौर में अफवाहें बहुत तेजी से फैलती हैं। ऐसे में संस्थाओं को केवल सही सूचना ही नहीं बल्कि समय पर सूचना भी देनी चाहिए। अस्पष्टता संदेह को जन्म देती है। यदि छात्रों को यह स्पष्ट न हो कि अगला कदम क्या होगा, परिणाम कब आएगा या पुनर्परीक्षा होगी या नहीं, तो वे अनावश्यक तनाव में घिर जाते हैं। इसलिए परीक्षा-प्रशासन को अपने संवाद को औपचारिकता से निकालकर भरोसेमंद सार्वजनिक सेवा में बदलना होगा।

चौथी और सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता कठोर और निश्चित दंड व्यवस्था की है। प्रश्नपत्र लीक, जालसाजी, सेंधमारी या आंतरिक सहयोग जैसी अनियमितताओं पर केवल नैतिक निंदा पर्याप्त नहीं है। जब तक अपराधियों को त्वरित और निश्चित दंड नहीं मिलेगा, तब तक व्यवस्था में सुधार अधूरा रहेगा। शिक्षा-क्षेत्र में दंड का उद्देश्य प्रतिशोध नहीं बल्कि निवारण होना चाहिए। व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि अनियमितता करने वाला यह समझ सके कि उसे लाभ नहीं बल्कि त्वरित क्षति मिलेगी। तभी ईमानदार विद्यार्थी को यह भरोसा मिलेगा कि उसकी मेहनत सुरक्षित है।

भारत को अब ऐसी परीक्षा संस्कृति की आवश्यकता है जिसमें छात्र को शक नहीं, सुरक्षा का अनुभव हो; जिसमें प्रशासन केवल आदेश देने वाला नहीं बल्कि उत्तरदायी संरक्षक बने; और जिसमें पारदर्शिता केवल शब्दों में नहीं, बल्कि हर प्रक्रिया में दिखाई दे। यही वह मार्ग है जिससे शिक्षा-व्यवस्था पर लौटता विश्वास संभव हो सकता है। यदि सुधार अभी नहीं किए गए, तो हर नई परीक्षा पुराने संदेहों की पुनरावृत्ति बनती रहेगी। और जब भरोसा बार-बार टूटता है, तो केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि एक पीढ़ी का आत्मविश्वास भी आहत होता है।

इसलिए नीट संकट को केवल एक घटना मानकर भूल जाना समाधान नहीं होगा। इसे एक चेतावनी की तरह समझना होगा। यह चेतावनी है कि यदि परीक्षा-व्यवस्था को तकनीकी चमक, औपचारिक घोषणाओं और तात्कालिक प्रतिक्रियाओं के भरोसे छोड़ दिया गया, तो भविष्य में संकट और गहरे होंगे। अब समय आ गया है कि परीक्षा-व्यवस्था को केवल नियंत्रण का नहीं, बल्कि न्याय, विश्वास और जवाबदेही का संस्थान बनाया जाए। यही सुधार आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है और वर्तमान विद्यार्थियों के प्रति राज्य की नैतिक जिम्मेदारी भी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सूडोकु नवताल- 7794

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 7793 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# पश्चिम बंगाल में बदलाव, 'इंडिया' से बांग्लादेश तक सहमा

**संजय सक्सेना**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा उलटफेर हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में अपनी सरकार बना ली है, जो दशकों पुरानी तृणमूल कांग्रेस की सत्ता को समाप्त करने वाला ऐतिहासिक कदम है। इस बदलाव ने न केवल राज्य की सीमाओं को पार किया है, बल्कि पूरे देश और पड़ोसी बांग्लादेश तक हलचल मचा दी है। विपक्षी दलों के नेताओं से लेकर बुद्धिजीवियों तक सबकी चिंता बढ़ गई है। मुस्लिम समुदाय के कुछ मौलाना और कट्टरपंथी तत्व सदमे में हैं, जबकि 'इंडिया' गठबंधन से लेकर बांग्लादेश तक संसद से सड़क तक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। जबकि बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना जैसी प्रमुख हस्तियां बंगाल में बीजेपी की जीत पर खुशी जता रही हैं, वहीं ममता बनर्जी हार के गम में डूबी हुई हैं। यह बदलाव राज्य की राजनीति को नई दिशा और सोच दे रहा है। भारतीय जनता पार्टी की जीत ने कांग्रेस और गांधी परिवार को सबसे ज्यादा झटका दिया है। लंबे समय से पश्चिम बंगाल को वामपंथी और उसके बाद तृणमूल के गढ़ के रूप में देखा जाता रहा, लेकिन अब भाजपा का उदय विपक्ष की एकजुटता को चुनौती दे रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने इस हार को लेकर चुप्पी साध ली है, लेकिन उनके करीबी सर्कल में चर्चा है कि इससे राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन की रणनीति प्रभावित होगी। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की है कि यह जीत अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ जनादेश है, लेकिन आंतरिक रूप से वे चिंतित हैं क्योंकि उत्तर प्रदेश में भी भाजपा मजबूत हो रही है।

राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव ने इसे बिहार के लिए खतरे की घंटी बताया है। वे मानते हैं कि पश्चिम बंगाल का मॉडल बिहार में मुस्लिम-यादव गठजोड़ को कमजोर कर सकता है। आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली से बयान दिया कि भाजपा की जीत विकास के नाम पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का परिणाम है। केजरीवाल की पार्टी, जो खुद अल्पसंख्यक समर्थन पर निर्भर है, अब पंजाब और दिल्ली में अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने को मजबूर हो गई है। बुद्धिजीवी वर्ग, जो लंबे समय से धर्मनिरपेक्षता के नाम पर तुष्टिकरण की राजनीति का समर्थन करता रहा, अब असहज है। टीवी डिबेट्स में वे भाजपा की जीत को लोकतंत्र के लिए खतरा बता रहे हैं, लेकिन जनता का जनादेश उनके तर्कों को कमजोर कर रहा है। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी करीब 27 प्रतिशत है, जो तृणमूल की जीत का प्रमुख आधार रही। भाजपा की सरकार बनने से कई मौलाना और कट्टरपंथी नेता स्तब्ध हैं। मुर्शिदाबाद और मालदा जैसे जिलों में, जहां मुस्लिम बहुल इलाके हैं, वहां अब चिंता की लहर है। कुछ मौलाना ने फतवे जारी करने की धमकी दी है, जबकि मदरसों में बैठकें हो रही हैं। वे डर जता रहे हैं कि भाजपा की नीतियां उनके प्रभाव को कम करेंगी। वास्तव में, भाजपा ने चुनाव में हिंदू एकजुटता के साथ-साथ विकास और सुशासन का एजेंडा चलाया, जिससे अल्पसंख्यक वोट बंट गए। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले नेता अब अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर हैं। यह बदलाव लंबे समय से चली आ रही सांप्रदायिक संतुलन को तोड़ सकता है। सबसे चौंकाने वाली बात है पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत पर बांग्लादेश का मातम।

सत्ता परिवर्तन का असर सीमा पार बांग्लादेश ही नहीं, पाकिस्तान में भी दिख रहा है। बांग्लादेश की संसद में विपक्षी नेता पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार को अपने देश के लिए खतरा बता रहे हैं। वे दावा कर रहे हैं कि इससे अवैध घुसपैठ और सीमा विवाद बढ़ेंगे। ढाका की सड़कों पर प्रदर्शन हो रहे हैं, जहां नारे लगाए जा रहे हैं कि भाजपा की सरकार बांग्लादेशी हितों के खिलाफ है। बांग्लादेश की वर्तमान सरकार, जो शेख हसीना के बाद आई है, इस बदलाव से असहज है। उनका मानना है कि ममता बनर्जी की सरकार बांग्लादेश के साथ नरम रुख रखती थी, जबकि भाजपा कठोर रवैया अपनाएगी। नागरिकता कानून और घुसपैठ के मुद्दे पर अब दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह हंगामा आंतरिक राजनीति का हिस्सा है, जहां पश्चिम बंगाल का मुद्दा बांग्लादेशी विपक्ष अपने एजेंडे के लिए इस्तेमाल कर रहा है। उधर, भारत में शरणार्थी जीवन जी रही बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इस सत्ता परिवर्तन से बेहद प्रसन्न हैं। उन्होंने निजी बातचीत में कहा कि भाजपा की जीत उनके लंबे संघर्ष को मजबूती देगी। हसीना का मानना है कि ममता बनर्जी की सरकार ने बांग्लादेशी कट्टरवादियों को संरक्षण दिया था, जो अब समाप्त होगा। वहीं, ममता बनर्जी हार के सदमे से उबर नहीं पा रही हैं। कोलकाता के निवास पर वे चुपचाप बैठी रहती हैं, जबकि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस सड़कों पर चुनावी धांधली के आरोप लगा रही है। वे राज्यपाल के खिलाफ मोर्चा खोल रही हैं और अदालतों में याचिकाएं दायर कर रही हैं। ममता की पार्टी के कार्यकताओं में भटकाव है, कई विधायक भाजपा की ओर झुक रहे हैं। यह स्थिति तृणमूल के भविष्य को अनिश्चित बना रही है।

बहरहाल, पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने से राज्य में नई ऊर्जा आई है।

नए मुख्यमंत्री ने विकास, बेरोजगारी हटाओ और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का वादा किया है। सिंदूर सहायता योजना और दुर्गा पूजा को राष्ट्रीय उत्सव का दर्जा देने जैसे कदम पहले ही लोकप्रिय हो चुके हैं। लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं तृणमूल का विरोध, मुस्लिम बहुल इलाकों में तनाव और बांग्लादेश सीमा पर दबाव। फिर भी, भाजपा का राष्ट्रीय एजेंडा राज्य को केंद्र के करीब लाएगा। केंद्रीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन होगा, जैसे आयुष्मान भारत और पीएम आवास। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह जीत 2026 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मजबूत बनाएगी। विपक्ष को अब नई रणनीति बनानी होगी, जहां तुष्टिकरण के बजाय विकास पर जोर देना पड़ेगा। इस सत्ता परिवर्तन ने न केवल पश्चिम बंगाल बल्कि भारतीय राजनीति की धरती हिला दी है। जहां एक ओर खुशी की लहर है, वहीं चिंता और विरोध की धाराएं बह रही हैं। आने वाले दिनों में यह देखना रोचक होगा कि भाजपा कैसे इन चुनौतियों का सामना करती है। कुल मिलाकर, जनता ने बदलाव चुना है, जो लोकतंत्र की ताकत दिखाता है।

# क्या क्लस्टर योजना से गरीब छात्रों की उच्च शिक्षा पर संकट मंडरा रहा है!



**विजय शंकर नायक**

झारखंड जैसे सामाजिक और आर्थिक रूप से संवेदनशील राज्य में शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि लाखों गरीब और ग्रामीण परिवारों के सपनों का आधार है। गाँवों, कस्बों और दूरदराज इलाकों से आने वाले छात्र कठिन परिस्थितियों में रोज कई किलोमीटर की यात्रा कर कॉलेज पहुँचते हैं। कई परिवार खेत मजदूरी, दिहाड़ी और छोटी-मोटी आय से अपने बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाते हैं। ऐसे समय में रांची विश्वविद्यालय में लागू की जा रही "क्लस्टर योजना" ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सरकार इस योजना को नई शिक्षा नीति (NEP 2020) के तहत आधुनिक और संसाधन-साझाकरण वाली व्यवस्था बता रही है। कहा जा रहा है कि इससे कॉलेजों के बीच सहयोग बढ़ेगा और शिक्षा की गुणवत्ता सुधरेगी। लेकिन जमीन की सच्चाई इससे अलग दिखाई देती है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या यह योजना वास्तव में गरीब और ग्रामीण छात्रों की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाई गई है?

आज झारखंड के हजारों छात्र ऐसे हैं जो प्रतिदिन 20 से 50 किलोमीटर तक की यात्रा कर कॉलेज पहुँचते हैं। बसों की कमी, खराब सड़कें, महँगा किराया और समय की समस्या पहले से ही उनके सामने बड़ी चुनौती है। क्लस्टर योजना लागू होने के बाद यदि किसी छात्र को एक विषय की पढ़ाई के लिए दूसरे कॉलेज और दूसरे विषय के लिए तीसरे कॉलेज जाना पड़े, तो उसकी स्थिति कितनी कठिन हो जाएगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

एक गरीब परिवार का छात्र, जो पहले ही सीमित साधनों में पढ़ाई कर रहा है, अतिरिक्त यात्रा खर्च कैसे उठाएगा? जो छात्र सुबह जल्दी घर से निकलकर शाम को लौटते हैं, क्या उनके लिए रोज अलग-अलग कॉलेजों का चक्कर लगाना संभव होगा? यह आशंका वास्तविक है कि बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर छात्र पढ़ाई बीच में छोड़ने को मजबूर हो सकते हैं। ग्रामीण छात्राओं की स्थिति और भी चिंताजनक हो सकती है। दूर-दराज क्षेत्रों में सुरक्षित और नियमित परिवहन की कमी पहले से एक गंभीर समस्या है। यदि उन्हें दूसरे कॉलेजों में जाना पड़ा, तो अभिभावकों की चिंता बढ़ेगी और कई परिवार बेटियों की पढ़ाई रोकने का निर्णय ले सकते हैं। यह सामाजिक दृष्टि से भी एक बड़ा नुकसान होगा।

इस योजना के समर्थक कहते हैं कि कॉलेज संसाधन साझा करेंगे, लेकिन सवाल यह है कि क्या झारखंड के अधिकांश कॉलेज इसके लिए तैयार हैं? क्या सभी कॉलेजों में पर्याप्त डिजिटल व्यवस्था, प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय और परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध हैं? वास्तविकता यह है कि आज भी कई कॉलेज बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं।

देश के अन्य राज्यों के अनुभव भी उत्साहजनक नहीं रहे हैं। ओडिशा में लागू खल्लीकोट क्लस्टर यूनिवर्सिटी मॉडल प्रशासनिक भ्रम, संसाधनों की कमी और समन्वय विफलता के कारण अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर सका। महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी क्लस्टर यूनिवर्सिटी की कई योजनाएँ अधूरी रहीं या व्यवहारिक कठिनाइयों में फँस गईं। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि केवल कागजों पर बनाई गई योजना जमीनी हकीकत में सफल नहीं होती।


झारखंड की परिस्थितियाँ और भी चुनौतीपूर्ण हैं। यहाँ बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। आर्थिक असमानता अधिक है। परिवहन और डिजिटल ढाँचा अभी पूरी तरह विकसित नहीं हुआ है। ऐसे राज्य में बिना व्यापक तैयारी और संवाद के क्लस्टर योजना लागू करना शिक्षा व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डाल सकता है।

शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों को सुविधा देना होना चाहिए, न कि नई कठिनाइयाँ पैदा करना। यदि कोई योजना गरीब और ग्रामीण छात्रों की पहुँच को कम करती है, उनका खर्च बढ़ाती है और उन्हें मानसिक तथा आर्थिक दबाव में डालती है, तो उस पर गंभीर पुनर्विचार आवश्यक है।

सरकार को चाहिए कि वह इस योजना को लागू करने से पहले छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और शिक्षा विशेषज्ञों से व्यापक चर्चा करे। विशेष रूप से ग्रामीण और गरीब छात्रों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। क्योंकि उच्च शिक्षा पर पहला अधिकार उन्हीं युवाओं का है जो संघर्ष के बीच अपने सपनों को बचाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। यदि शिक्षा व्यवस्था ऐसी बन जाए जिसमें केवल आर्थिक रूप से सक्षम छात्र ही टिक सकें, तो यह सामाजिक न्याय और समान अवसर की भावना के विरुद्ध होगा। झारखंड को ऐसी शिक्षा नीति चाहिए जो गाँव के गरीब छात्र को आगे बढ़ाए, न कि उसे कॉलेज के दरवाजे से वापस लौटने पर मजबूर करे।

## दैनिक पंचांग

**14 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.27 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मिथुन | 07.25 बजे से |
| मंगल | मेष में | कर्क | 09.38 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 11.55 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 14.06 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 16.17 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.32 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 20.48 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 22.53 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | कुंभ | 00.39 बजे से |
| | | मीन | 02.12 बजे से |
| | | मेष | 03.43 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 134 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वादशी 11.21 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रेवती 22.34 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 17.53 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 11.21 बजे तदनन्तर गर 22.01 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 35'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872709
**जूलियन दिन** 2461174.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद **तारीख** 26
**विशेष** गुरु प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरायी दो युवक घायल

**साहिबगंज** : राजमहल–उधवा निमार्णाधीन फोर लेन सड़क पर मंगलवार की देर रात तेज रफ्तार पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के हसनटोला के मो. रिंटू शेख (25) और समस्तीपुर खास टोला निवासी फिरोज शेख (29) बाइक से राजमहल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान लखीपुर पेट्रोल पंप के पास निमार्णाधीन फोर लेन सड़क पर तेज रफ्तार के कारण बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। उधर, हादसे के बाद आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. नजिस अहमद ने दोनों घायलों का इलाज किया। डॉक्टर ने बताया दोनों युवक खतरे से बाहर हैं। घटना की सूचना राजमहल थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### बोरियो थाना गेट के समीप चला वाहन जांच अभियान

**साहिबगंज**: डीटीओ साहिबगंज के निर्देश पर यातायात नियम के पालन को लेकर बुधवार की संध्या परिवहन कर्मी व बोरियो पुलिस ने वाहन जाँच अभियान चलाया। यह अभियान बोरियो थाना गेट के समीप परिवहन कर्मी अनुज परासर के नेतृत्व में संचालित किया गया। जांच अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजात व हेलमेट की जांच की। जहां 50 मोटरसाइकिल, 12 टेंपू,1 ट्रैक्टर, 3 पिकप, 1 सुपर मैजिक, 2 टोटो सहित अन्य वाहनों का जांच किया गया, पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालक को यातायात नियमों का पालन करने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने, शराब पी कर गाड़ी नहीं चलाने तथा हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की हिदायत दी। अभियान के दौरान पुलिस बल के जवान भी मौके पर तैनात थे।

### मुफ्फसिल थाना पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज**: मुफ्फसिल थाना क्षेत्र की पुलिस ने दो अलग अलग कांड में दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 49/23, दिनांक 27/ 5/23, धारा –147 /148/ 149/ 302 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त/वारंटी अनिल यादव, उम्र 50 वर्ष, पिता स्वर्गीय रामसकल यादव, साकिन पूरब टोला मंदिर के पास, महादेवगंज, थाना मुफ्फसिल, जिला साहेबगंज, व दूसरे मामले में एसटी नम्बर 338/24 के वारंटी मनीष यादव उर्फ मनीष सिंह, पिता दिनेश यादव उर्फ दिनेश सिंह, साकिन महादेवगंज, थाना मुफ्फसिल, जिला साहेबगंज, दोनों वारंटी को विधिवत गिरफ्तार कर उचित मार्गरक्षी दल के साथ न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### खरकाई नदी में डूबने से युवक की मौत

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मंझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत तांतनगर ओपी के नारगीं गांव में बुधवार को एक हादसे में 24 वर्षीय युवक की खरकाई नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पीलका गांव निवासी सनी टुडू के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है, जबकि परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सनी टुडू अपने दोस्त गुप्तेश्वर मार्डी के घर नारगीं गांव आया हुआ था। वह 16 मई को आयोजित होने वाले डबरा बुरू सेंद्र पर्व मेले में शामिल होने के लिए यहां पहुंचा था। बुधवार को वह अपने पांच दोस्तों के साथ खरकाई नदी में नहाने गया था।

# मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने दिए सख्त निर्देश लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और अपराध नियंत्रण पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

▶ बकरीद को लेकर विशेष सतर्कता
सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश



**पाकुड़ :** जिले के पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस कार्यालय में मासिक अपराध गोष्ठी सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों के साथ अप्रैल माह में दर्ज अपराध मामलों, लंबित कांडों, विधि-व्यवस्था, सड़क सुरक्षा एवं आगामी बकरीद पर्व को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निष्पादन और आम लोगों को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध कराने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में समीक्षा के दौरान बताया गया कि अप्रैल माह में जिले में कुल 76 कांड प्रतिवेदित हुए थे, जबकि पुलिस द्वारा कुल 82 कांडों का निष्पादन किया गया। शेष लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लूट, डकैती, चोरी, गृहभेदन, छिनतई जैसे संपत्तिमूलक अपराधों की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस त्वरित कार्रवाई करे और प्राथमिकता के आधार पर मामलों का उद्भेदन कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराध नियंत्रण और रोकथाम को लेकर थाना गश्ती एवं टाइगर मोबाइल टीमों को अधिक सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। विशेष रूप से रात्रि में सघन वाहन जांच एवं गश्ती अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखने को कहा गया, ताकि अपराध की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। बैठक में सामाजिक मुद्दों पर भी विशेष चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने बाल विवाह, नशामुक्ति, मानव तस्करी, साइबर अपराध, महिला अत्याचार एवं सड़क सुरक्षा को लेकर प्रत्येक माह स्कूल, कॉलेज, बाजार एवं हाटों में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध रोकथाम के साथ-साथ लोगों को जागरूक करना भी पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक ने जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित वाहन जांच अभियान चलाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन समय और स्थान बदल-बदलकर वाहन जांच अभियान चलाया जाए तथा हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की जाए। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ नियमित रूप से विशेष जांच अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया।

## बरहेट के गांधी मैदान से तीन मोहानी चौक तक चला अतिक्रमण मुक्त अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के बरहेट प्रखंड के बरहेट बाजार में बुधवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीओ अंशु कुमार पांडे तथा थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया ने किया। इस दौरान सड़क किनारे दोनों ओर के क्षेत्र को अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। वही सड़क किनारे अतिक्रमण किये मकान, दुकान और अन्य निर्माण को हटाने का अल्टीमेटम दिया। बीडीओ सह सीओ अंशु कुमार पांडे ने लोगों को 5 मई के पूर्व अतिक्रमण हटा लेने को कहा था। बीडीओ ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में ही सभी को नोटिस दिया जा चुका है। उन्हें स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था।अभियान की शुरूआत बरहेट गांधी मैदान से सिद्धों कान्हू चौक से हुई, जिसके बाद बरहेट प्रशासन की टीम ने बारी बारी अवैध रूप से बना दुकान का चिन्हित कर हटाने को बात कही गई। कहा की अंचल द्वारा दूसरी बार नोटिस देकर हटाने की बात कही गई। सभी दुकानदार चिन्हित की गई जगह को जल्द से जल्द सामान हटा ले अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### नमामि गंगे परियोजना कार्यों की समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा

## गंगा घाटों पर स्वच्छता, जागरूकता और पौधरोपण अभियान को बढ़ावा देने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गंगा संरक्षण, स्वच्छता, जन-जागरूकता गतिविधियों तथा विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने गंगा नदी में किसी भी प्रकार के अपशिष्ट एवं नालों के प्रत्यक्ष प्रवाह को रोकने हेतु संचालित कार्यों की जानकारी ली तथा संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने साहिबगंज एवं राजमहल क्षेत्र में प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेंट परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक विभागीय प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कराने पर बल दिया। बैठक में गंगा घाटों पर स्वच्छता, जागरूकता एवं जनसहभागिता आधारित कार्यक्रमों के आयोजन पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड एवं स्वयंसेवी समूहों की सहभागिता से गंगा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियों को और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। साथ ही गंगा घाटों पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जोड़ने पर बल दिया गया। बैठक में नमामि गंगे अंतर्गत संचालित आईइसी गतिविधियों की समीक्षा करते हुए जन-जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही गंगा घाटों के सौंदर्यीकरण, लाइटिंग व्यवस्था एवं जनसुविधाओं से संबंधित प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने कहा कि गंगा नदी केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि पर्यावरण एवं जनजीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण धरोहर है।

## उपायुक्त ने विभिन्न आवासीय विद्यालयों एवं कल्याण गुरुकुल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले की उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बुधवार को कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, हिरणपुर, कल्याण विभाग अंतर्गत एनजीओ प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल तथा लिट्टीपाड़ा प्रखंड स्थित एनजीओ द्वारा संचालित पीवीटीजी आवासीय प्राथमिक विद्यालय, धनगढा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रावास, आधारभूत सुविधाओं, खेल गतिविधियों एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने विद्यालय में संचालित 10वीं, 7वीं एवं 6वीं कक्षाओं का निरीक्षण कर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई, खेलकूद एवं विद्यालय की गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि वे फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन खेलते हैं। इस पर उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन कोर्ट निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने छात्रावास, बाथरूम एवं किचेन की स्थिति का जायजा लेते हुए मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी टंकी को दुरुस्त कराने तथा विद्यालय परिसर में किचन गार्डन विकसित करने को कहा, ताकि बच्चों को ताजी एवं पौष्टिक सब्जियां उपलब्ध हो सकें। उपायुक्त ने टूटे हुए बाउंड्री वॉल का आकलन कर उसकी सूची तैयार करने का निर्देश दिया। जानकारी दी गई कि परिसर में तीन बोरिंग संचालित हैं। उपायुक्त ने पुराने क्वार्टर को कंडम घोषित करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने को कहा।विद्यालय में ऑडिटोरियम एवं जनरेटर की अनुपलब्धता पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बिजली कटने के बाद परिसर पूर्णतः अंधेरे में डूब जाता है। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत इन्वर्टर अथवा सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय के लैब का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## शराब के नशे में बेटे ने की पिता की हसुआ से हत्या, पाकुड़ में सनसनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़:** जिले के नगर थाना क्षेत्र के कित्ताझोर गांव में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। शराब के नशे में एक बेटे ने मामूली कहासुनी के बाद अपने ही पिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अनूप सरदार (65 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि हत्या का आरोपी उनका पुत्र दिवाकर सरदार (40 वर्ष) बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात पिता और पुत्र घर में साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान किसी छोटी सी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर गुस्से में आकर दिवाकर ने घर में रखा हसुआ उठाया और पिता पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पिता के सिर पर कई वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और अत्यधिक रक्तस्त्राव होने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी घर से भागा नहीं, बल्कि पूरी रात घर में ही मौजूद रहा। बुधवार सुबह आरोपी की बेटी वर्षा सरदार जब घर पहुंची तो उसने अपने दादा को मृत अवस्था में देखा। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई और मामले की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं, घटना में इस्तेमाल किए गए हसुआ को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी दिवाकर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# 10वें दिन शेरशाहबादी महाधरना को मिला राजनीतिक समर्थन पूर्व विधायक व भाजपा नेत्री ने धरनास्थल पहुंच जताया समर्थन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** शेरशाहबादी समाज के जाति प्रमाण पत्र को पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में चल रहा अनिश्चितकालीन महाधरना बुधवार को दसवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के दसवें दिन धरनास्थल पर राजनीतिक समर्थन भी देखने को मिला, जिससे आंदोलन को नई मजबूती मिली। पाकुड़ के पूर्व विधायक एवं एआईएमआईएम नेता अकिल अख्तर तथा भाजपा नेत्री सह पूर्व मुखिया मिस्फीका हसन धरनास्थल पहुंचीं और आंदोलनकारियों को अपना समर्थन दिया। धरनास्थल पहुंचने पर आंदोलनकारियों एवं शेरशाहबादी समाज के लोगों ने नेताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान नेताओं ने आंदोलन में शामिल छात्र-युवाओं, बुजुर्गों एवं समाज के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और मांगों को जायज बताते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। पूर्व विधायक अकिल अख्तर ने आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शेरशाहबादी समाज वर्षों से अपने अधिकार और पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन सरकार और प्रशासन इस गंभीर विषय को लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके विधायक कार्यकाल के अंतिम दिनों में शेरशाहबादी समाज का जाति प्रमाण पत्र निर्गत होना बंद हो गया था, जिसके बाद उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा से लेकर प्रशासनिक स्तर तक कई बार उठाया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कागज का मामला नहीं है, बल्कि हजारों छात्र-युवाओं के भविष्य, अधिकार और सामाजिक पहचान से जुड़ा गंभीर विषय है। आज भी समाज को अपने संवैधानिक अधिकार के लिए धरना देने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आंदोलनकारियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह पहले भी इस लड़ाई में समाज के साथ थे और आगे भी मजबूती से खड़े रहेंगे। अकिल अख्तर ने प्रशासन को चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि प्रशासन यह मुगालता न पाले कि समाज चुप बैठ जाएगा। यदि जरूरत पड़ी तो महिलाओं की भी भागीदारी बढ़ेगी और पूरे क्षेत्र में चक्का जाम जैसे आंदोलन किए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ वन विभाग की कार्रवाई, 15 बोटा शीशम लकड़ी जब्त



**साहिबगंज** : साहिबगंज वन प्रमंडल अंतर्गत राजमहल वन क्षेत्र के मुकिमपुर में 4 लेन कन्हैया स्थान के समीप वन विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चलाते हुए एक भुटभूटीया वाहन सहित 15 बोटा शीशम लकड़ी जब्त की गई। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग को अवैध रूप से लकड़ी परिवहन किए जाने की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वनकर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर वाहन की जांच की। जांच के दौरान वाहन पर लदी शीशम की लकड़ियों एवं वाहन को जब्त कर लिया गया। वन विभाग द्वारा जब्त लकड़ी एवं वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने बताया कि अवैध कटाई एवं तस्करी के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर वनपाल राणा रंजीत चौधरी, वन रक्षी पप्पू कुमार, प्रेम कुमार सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।

### विद्यालय से मध्यान भोजन के बर्तन समेत अन्य सामान ले उड़े चोर, जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज**: मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के तेतरिया के पास बिचकानी पहाड़ पर स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय के रसोई घर का ताला तोड़कर मध्यान भोजन से संबंधित कई सामानों की चोरी कर ली। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार चोरों ने रसोई रूम का ताला तोड़कर मध्यान भोजन बनाने में उपयोग होने वाले पांच बड़े हंडा, कढ़ाई, स्टील थाली, प्लेट सहित अन्य जरूरी सामान अपने साथ ले गए। इस मामले में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शहनाज खातून ने मिजाचौकी थाना में अज्ञात लोगों के विरुद्ध आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में इससे पहले भी असामाजिक तत्वों ने नुकसान पहुंचाया था। उन्होंने कहा कि तीन–चार दिन पहले अज्ञात लोगों ने विद्यालय का इलेक्ट्रिक वायर भी काट लिया था। इससे विद्यालय की व्यवस्था प्रभावित हुई है। लगातार हो रही घटनाओं से विद्यालय कर्मियों में भय बना है। इधर, आवेदन मिलने के बाद मिजाचौकी पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने बताया कि चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में 12 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**पाकुड़** : सदर प्रखंड के सोनाजोड़ी स्थित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, पाकुड़ की ओर से पाकुड़, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा, अमड़ापाड़ा, महेशपुर एवं पाकुड़िया प्रखंड के पलाश जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडल की दीदियों के लिए 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी एवं सब्जी खेती एवं पौधशाला प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक पवन कुमार, निदेशक आरसेटी राजेश कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस प्रवीण मिश्रा एवं जिला प्रबंधक राजेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक पवन कुमार ने उपस्थित दीदियों को संबोधित करते हुए स्वरोजगार अपनाने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण जीवन स्तर को बेहतर बनाने एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनने का महत्वपूर्ण माध्यम है। निदेशक आरसेटी राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि पाकुड़ जिले में सखी मंडल की महिलाओं को एसबीआई आरसेटी द्वारा विभिन्न प्रकार के निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हुनरमंद होना अत्यंत आवश्यक है और इसी उद्देश्य से फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी एवं सब्जी खेती एवं पौधशाला प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस प्रवीण मिश्रा ने प्रशिक्षण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए दीदियों को प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ने की सलाह दी।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार दो युवक को मारा टक्कर, गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज**: मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के डीबीएल रोड में बुधवार की देर शाम तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। वहीं बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घायल शोभनपुर दियारा डीबीएल रोड के बगल के रहने वाले मो. ताहिर का पुत्र मस्कूर आलम (30) व मो. हुसैन का पुत्र मो. मुशिफक (25) है। घायल के परिजन ने बताया कि दोनों युवक बाइक से अपने घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। इसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वही मौके से ट्रैक्टर ले कर फरार हो गया। वही डॉक्टर डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि मस्कूर का पैर टूट गया है। इसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। इधर संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### नीट पेपर लीक मामले को लेकर एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

**पश्चिमी सिंहभूम** : नीट–2026 परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने बुधवार को चाईबासा में विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अनीष गोप ने कहा कि नीट–2026 परीक्षा में पेपर लीक की घटना से देशभर के लाखों छात्र–छात्राओं और उनके परिवारों की मेहनत पर पानी फिर गया है। उन्होंने कहा कि कई परिवारों ने आर्थिक परेशानियों के बावजूद बच्चों की पढ़ाई और कोचिंग पर भारी खर्च किया था, लेकिन परीक्षा रद्द होने से छात्रों में निराशा और आक्रोश है। कांग्रेस जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय ने कहा कि नीट परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए ) की है। उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी की कार्यप्रणाली पहले भी सवालों के घेरे में रही है और कई परीक्षाएं पेपर लीक तथा नकल के कारण रद्द हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद केंद्र सरकार ने न तो एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारियों पर ठोस कार्रवाई की और न ही व्यवस्था में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाए।

# जमशेदपुर में गहराया पेट्रोल-डीजल संकट, वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत से आम लोगों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को हालात और अधिक गंभीर हो गए, जब शहर के कई प्रमुख पेट्रोल पंपों पर ईंधन पूरी तरह खत्म हो गया, जबकि कई पंपों पर सीमित मात्रा में ही पेट्रोल और डीजल की बिक्री की गई।

साकची, मानगो, डिमना, सिदगोड़ा, पटमदा, बिष्टुपुर और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई वाहन चालक घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद बिना ईंधन लिए वापस लौटने को मजबूर हुए।



बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से तेल कंपनियों की अनियमित आपूर्ति और अचानक बढ़ी मांग के कारण स्थिति बिगड़ गई है।

शहर के कई पंप संचालकों ने स्वीकार किया कि सामान्य दिनों की तुलना में पिछले दो दिनों में ग्राहकों की संख्या कई गुना बढ़ गई। ईंधन खत्म होने की खबर फैलते ही लोगों ने जरूरत से अधिक पेट्रोल और डीजल भरवाना शुरू कर दिया, जिससे संकट और गहरा गया।

कुछ पंपों पर प्रति वाहन तीन हजार रुपये तक का पेट्रोल और सीमित मात्रा में डीजल देने का निर्णय लिया गया है। डीजल की कमी का असर परिवहन व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ऑटो चालक, बस संचालक और मालवाहक वाहन मालिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि यदि जल्द आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई प्रभावित हो सकती है। होटल, छोटे उद्योग और जनरेटर पर निर्भर व्यवसायियों ने भी चिंता जताई है।

इधर, पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि जिला प्रशासन तेल कंपनियों से समन्वय स्थापित कर जल्द ईंधन आपूर्ति सामान्य कराए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। साथ ही श्री भुईयां विभिन्न पेट्रोल पंपों पर जाकर स्थित का जायजा लिया।

फिलहाल प्रशासन की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन तेल कंपनियों की नई खेप पहुंचने के बाद अगले एक-दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एक नजर

### गिरिडीह से छह साईबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह :** साईबर पुलिस ने जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के कोलहरिया जंगल में साईबर अपराध की वारदात को अंजाम दे रहे छह अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार को एसपी डा. विमल कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि प्रतिबिंब पोर्टल के सूचना के आधार पर साईबर डीएसपी आविद खा के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी कर छह ठगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये ठगों में महेन्द्र मंडल, कृष्णा मंडल, ईश्वर मंडल, पंकज मंडल, राजेश मंडल और आदित्य मंडल शामिल है। बताया गया कि इनकी पास से 11 मोबाईल, 13 सिम और पांच बाइक बरामद की गई है। बताया गया कि दबोचे गये ठगों में कृष्णा मंडल और महेन्द्र मंडल पहले भी साईबर अपराध में जेल जा चुके है।

### हादसे में झुलसे बुजुर्ग की मौत

**पूर्वी सिंहभूम :** साकची थाना क्षेत्र के काशीडीह निवासी 61 वर्षीय परवीन जायसवाल की हादसे में झुलसने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से परिवार समेत पूरे इलाके में शोक का माहौल है। परवीन जायसवाल काशीडीह लाइन नंबर-23 के रहने वाले थे और पिछले 16 दिनों से टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में भर्ती थे, जहां मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। जानकारी के अनुसार यह हादसा 26 अप्रैल को धालभूम क्लब में आयोजित एक रिसेप्शन समारोह के दौरान हुआ था। समारोह परवीन जायसवाल के भतीजे की शादी के उपलक्ष्य में रखा गया था, जिसमें परिवार और रिश्तेदार खुशी के माहौल में शामिल थे। परवीन जायसवाल आयोजन की व्यवस्थाओं में लगे हुए थे और इसी दौरान वे किचन एरिया में पहुंचे, जहां बड़े कड़ाहे में तेल खौल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक उन्हें चक्कर आया और संतुलन बिगड़ने से वे सीधे गर्म तेल से भरे कड़ाहे में गिर पड़े। घटना होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन और मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें गंभीर हालत में टाटा मेन हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज शुरू किया गया।

### भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष महावीर राम का निधन

**खूंटी :** मुरहू प्रखंड के ग्राम कोड़ाकेल निवासी एवं मुरहू मंडल भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष महावीर राम का बुधवार को निधन हो गया। वे 48 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष काशीनाथ महतो उनके आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान भाजपा के महामंत्री विजय राम, मुरहू मंडा के मुखिया पति बबलू खान, मुरहू मंडल के उपाध्यक्ष भुनेश्वर मांझी सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## चोरी मामले में युवक गिरफ्तार 89 किलो गैर-लौह धातु बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** टाटा स्टील की सुरक्षा टीम ने कंपनी संपत्ति की चोरी रोकने के अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भारी मात्रा में चोरी की गैर-लौह धातु सामग्री बरामद की गई है। इस कार्रवाई को टाटा स्टील सिक्योरिटी की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का महत्वपूर्ण परिणाम माना जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर रात करीब 2:14 बजे विशेष सूचना मिलने के बाद टाटा स्टील सिक्योरिटी की टीम ने आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान टीम ने पीछा कर बिष्टुपुर स्थित पार्वती घाट निवासी 20 वर्षीय किशन सरदार को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कुल 89 किलो गैर-लौह धातु सामग्री बरामद की गई। इसमें लगभग 27 किलो तांबा शामिल है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 16,200 रुपये बताई गई है। इसके अलावा 62 किलो पीतल भी बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 27,900 रुपये आंकी गई है। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 44,100 रुपये बताई गई है।

गिरफ्तार युवक का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बिष्टुपुर थाना के हवाले कर दिया गया।

## टैंकर ने यात्री वाहन को मारी टक्कर, तीन गंभीर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर बामनी गांव के समीप बड़डीह इलाके में तेज रफ्तार तेल टैंकर ने यात्रियों से भरी टाटा मैजिक वैन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि मैजिक वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब मैजिक वैन जमशेदपुर से पटमदा की ओर जा रही थी। वाहन में रोजमर्रा के यात्री, बाजार जाने वाले लोग और कुछ छात्र भी सवार थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रहे तेल टैंकर ने वैन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वैन सड़क से नीचे उतरकर झाड़ियों में पलट गई। हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसके कई हिस्से टूटकर सड़क पर बिखर गए।

घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण और राहगीर सहायता के लिए दौड़ पड़े। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद वैन में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। कई घायल दर्द से कराह रहे थे। ग्रामीणों ने निजी वाहनों और एंबुलेंस की मदद से घायलों को इलाज के लिए पटमदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर भेजा। बताया जा रहा है कि कुछ यात्रियों को सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि तीन लोगों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

हादसे के बाद चालक टैंकर लेकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने पीछा कर वाहन को रोक लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस एवं उत्पाद विभाग बड़ी कार्रवाई, पांच भट्ठियां ध्वस्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में अवैध शराब निर्माण और कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस एवं उत्पाद विभाग ने बुधवार को संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम लातार्सिका में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान जंगलों और गांव के आसपास संचालित अवैध महुआ शराब की पांच भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान करीब 4000 लीटर जावा महुआ और कच्ची शराब को मौके पर ही नष्ट किया गया।

जानकारी के अनुसार, प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि लातार्सिका गांव के जंगल क्षेत्र में बड़े पैमाने पर महुआ शराब तैयार की जा रही है। सूचना के आधार पर मुफस्सिल थाना प्रभारी विनोद कुमार और उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक निर्भय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में संयुक्त टीम गठित की गई। इसके बाद पुलिस बल और उत्पाद विभाग के कर्मियों ने इलाके में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान टीम को जंगल के भीतर और बस्ती से सटे स्थानों पर अवैध तरीके से संचालित कई भट्ठियां मिलीं। वहां बड़ी मात्रा में महुआ से शराब तैयार करने का काम चल रहा था। पुलिस ने शराब बनाने में उपयोग किए जा रहे ड्रम, पाइप, भट्ठी, बर्तन और अन्य उपकरणों को जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि करीब 4000 लीटर जावा महुआ और कच्ची शराब बरामद हुई, जिसे नियमानुसार नष्ट किया गया ताकि उसका दोबारा उपयोग न हो सके। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही शराब कारोबार से जुड़े लोग मौके से फरार हो गए, जिसके कारण किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। प्रशासन ने बताया कि आसपास के लोगों से पूछताछ कर अवैध कारोबार में शामिल व्यक्तियों की पहचान की जा रही है।

## दुलाल भुईयां ने दिवंगत लक्ष्मण सिंह के परिजनों से की मुलाकात, दी सांत्वना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत आमझोर गांव निवासी और पूर्व प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह के निधन के बाद बुधवार को पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता दुलाल भुईयां उनके आवास पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

इस दौरान दुलाल भुईयां ने कहा कि लक्ष्मण सिंह क्षेत्र के जुझारू, ईमानदार और समाजहित में काम करने वाले नेता थे। उन्होंने बोड़ाम, पटमदा, नीमडीह और चांडिल क्षेत्र में सामाजिक एकता और जनसुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके निधन से पूरे क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। परिजनों ने बताया कि रविवार देर शाम अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। पैरालिसिस की शिकायत के बाद उन्हें इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के कालीमाटी ले जाया गया, जहां सोमवार सुबह हार्ट अटैक आने से उनका निधन हो गया। वे करीब 63 वर्ष के थे। दिवंगत लक्ष्मण सिंह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके दो पुत्र हैं, जिनमें श्याम प्रसाद सिंह का नाम शामिल है। उनकी पत्नी सोना मणि सिंह है।

पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने परिवार के सदस्यों से मिलकर कहा कि दुख की इस घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं और जरूरत पड़ने पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# सफेदपोशों के संरक्षण से बोकारो के दारु स्मगलर रामगढ़ में जमा रहे पांव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले के गोला थाना क्षेत्र में अवैध शराब की मिनी फैक्ट्री का खुलासा हुआ। इस अवैध फैक्ट्री के पीछे कई हिस्ट्रीशीटर का नाम भी सामने आया है। रामगढ़ पुलिस की छानबीन में यह स्पष्ट हो गया कि जो लोग अवैध शराब फैक्ट्री का संचालन कर रहे थे, वे लोग बोकारो जिले के स्मगलर रह चुके हैं। बोकारो जिले में अवैध शराब की तस्करी के मामले में उनका नाम काफी पहले ही उजागर हो चुका था। बोकारो पुलिस की दबिश के कारण उन लोगों ने अपना ठिकाना बदला। वे लोग बोकारो और रामगढ़ जिला के सीमावर्ती इलाके में अपनी मिनी फैक्ट्री खोली। गोला थाना क्षेत्र का ऊपर खाखरा गांव उस जगह मौजूद है जिसके बाद बोकारो जिले की सीमा प्रारंभ हो जाती है।



ऊपर खाखरा गांव में आदिवासियों को बरगला कर जो लोग अवैध शराब का कारोबार कर रहे थे, उनका सरगना विनोद साहू और जगदीश तेली है। इन दोनों के खिलाफ बोकारो जिले में डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। रामगढ़ जिले की गोला पुलिस ने उन दोनों का नाम इस कांड में सामने लाया है। गोला पुलिस के द्वारा दर्ज मामले में गोला निवासी विनोद साहू और बोकारो निवासी जगदीश तेली का नाम उजागर हुआ है। गिरफ्तार शराब तस्करों ने यह स्पष्ट किया है कि उन दोनों ने ही नकली शराब बनाने के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराया था। इस पूरे सिंडिकेट में ऊपर खाखरा निवास मनोज मुर्मू, सुदेश करमाली, बद्रीनाथ किस्कू, चोपदारू निवासी भदरू सिंह, रंजन महतो, सहदेव सिंह, दिलीप सिंह, नकुल सिंह, गोला निवासी विनोद साहू, बाजुन मांझी, जीवन मांझी, मंटू मांझी, बोकारो निवासी सुरेंद्र गुप्ता, जगदीश तेली शामिल रहे हैं।

विनोद साहू और जगदीश तेली काफी लंबे अर्से तक बोकारो जिले में ही अवैध शराब का कारोबार करते रहे हैं। बोकारो पुलिस और आबकारी विभाग की छापेमारी ने उनकी कमर तोड़ दी। दोनों ने बोकारो जिले को छोड़कर रामगढ़ जिले की जमीन पर अपना कारोबार जमाने का प्रयास किया। यहां कुछ सफेदपोशों ने उन्हें पूरा संरक्षण दिया। इसके बाद उस इलाके को उन्होंने अपना ठिकाना बनाया, जो बोकारो और रामगढ़ जिले की सीमा पर मौजूद है। साथ ही आदिवासी समाज के उस वर्ग को इन लोगों ने अपना मोहरा बनाया जो पहले से ही अवैध शराब के कारोबार में शामिल थे।

रामगढ़ एसपी मुकेश लुनायत की सक्रियता से अवैध शराब से जुड़ा सिंडिकेट पूरी तरीके से बिखर गया। उनके निर्देश पर गोला पुलिस ने छापेमारी की। इस इलाके में पिछले 06 महीने से पूरा सिंडिकेट सक्रिय तौर पर काम कर रहा था। इसकी भनक पुलिस को नहीं होगी, यह बात किसी को पच नहीं रही है। अवैध शराब के कारोबार में शामिल जमीनी लोग तो गिरफ्तार कर लिए गए हैं, लेकिन मास्टरमाइंड विनोद साहू और जगदीश तेली अभी भी पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं।

## NOTICE

मैं, प्रवीण कुमार, पुत्र- स्वर्गीय शिव कुमार शर्मा , उम्र- लगभग 37 वर्ष, निवासी 1-बी, मोडवेल गार्डन्स, काजू बागान, हेहल, रांची- 834005, एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा पूर्वक शपथ पत्र संख्या-305 दिनांक- 08-05-2026 को घोषणा करता हूं कि :

1. कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम प्रवीण कुमार दर्ज है।
2. अब से मैं केवल प्रवीण शर्मा के नाम से जाना जाउंगा।
3. प्रवीण कुमार और प्रवीण शर्मा एक ही व्यक्ति हैं।
4. यह शपथ पत्र झारखंड राज्य बार काउंसिल के अभिलेखों में मेरे नाम के सुधार/अद्यतन तथा अन्य आधिकारिक उद्देश्यों के लिए दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### बालिका उच्च विद्यालय में बच्चियों को मिठाई के डिब्बे व मेडल देकर किया सम्मानित



**सरिया :** बुधवार को बड़की सरैया नगर पंचायत अंतर्गत स्थित बालिका उच्च विद्यालय में टीचर-पेरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिठाई के डिब्बे और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि के रूप में सरिया नगर अध्यक्ष शोभा देवी उपस्थित रहीं। उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चियों की शिक्षा पर विशेष जोर देने की अपील की। साथ ही बाल विवाह की कुरीति पर पूर्ण रोक लगाने और बालिकाओं को शिक्षा पूरी करने देने का आह्वान भी किया।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मुकेश प्रसाद यादव, गौतम प्रसाद मंडल, नगर प्रतिनिधि फागु पंडित, विनोद ठाकुर, वार्ड नंबर 06 की कल्पना कुमारी समेत विद्यालय की शिक्षिकाएं उषा कुमारी, प्रीति तरंग, बीना मैडम, विनीत जायसवाल, उर्मिला कुमारी और सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई और विद्यालय प्रबंधन के इस पहल की सराहना की।

### टाटानगर स्टेशन यार्ड में तेंदुआ दिखने की चर्चा से हड़कंप, वन विभाग और रेलवे अलर्ट

**पूर्वी सिंहभूम :** टाटानगर रेलवे स्टेशन यार्ड के पास तेंदुआ देखे जाने की खबर ने मंगलवार शाम शहर में सनसनी फैला दी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में तेंदुए जैसा दिखने वाला एक बड़ा जंगली जानवर रेलवे यार्ड के समीप दौड़ता नजर आ रहा है। वीडियो सामने आते ही वन विभाग, रेलवे प्रशासन और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) हरकत में आ गए हैं। हालांकि अब तक यह पुष्टि नहीं हो सकी है कि वीडियो में दिख रहा जानवर वास्तव में तेंदुआ है या कोई अन्य जंगली जीव इसकी जांच की जा रही है। बुधवार को जमशेदपुर की प्रभागीय वनाधिकारी सबा आलम अंसारी ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी गई है। वन विभाग की विशेष टीम को संभावित इलाके में भेजा गया है, जहां झाड़ियों और सुनसान हिस्सों की जांच की जा रही है। विभाग की ओर से कई स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए जा रहे हैं ताकि जानवर की गतिविधियों को रिकॉर्ड किया जा सके और उसके पगमार्क की पहचान हो सके। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो में दिखाई दे रहा जानवर बड़ी जंगली बिल्ली भी हो सकता है, इसलिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। इधर, रेलवे प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। टाटानगर स्टेशन यार्ड में दिन-रात शंटिंग और मालगाड़ियों की आवाजाही होती है, जिससे बड़ी संख्या में रेलकर्मी वहां कार्यरत रहते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर कर्मचारियों को रात के समय झाड़ियों और सुनसान क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई है। आरपीएफ की टीम लगातार इलाके में गश्त कर रही है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध जानवर को देखने पर तुरंत सूचना दें और अफवाह फैलाने से बचें।

### कमरे में बंद विवाहिता को पुलिस ने कराया मुक्त



**पूर्वी सिंहभूम :** शहर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के गरमनाला स्थित बीएसएनएल ऑफिस के पास एक विवाहिता को कथित रूप से कमरे में बंद कर प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता रोशनी कुमारी वर्मा की मां प्रभा देवी ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को उसके ससुराल वालों ने कमरे में कैद कर बाहर से ताला लगा दिया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद समाजसेवी रानी गुप्ता और पुलिस के हस्तक्षेप से महिला को कमरे से बाहर निकाला गया। प्रभा देवी ने बताया कि उनकी बेटी ने कौटिल्य नामक युवक से प्रेम विवाह किया था। परिवार की नाराजगी के बावजूद दोनों की शादी हुई, लेकिन शादी के कुछ समय बाद से ही रोशनी को प्रताड़ित किया जाने लगा। उनका आरोप है कि पिछले दो वर्षों तक बेटी को मायके में रखा गया और जब वह दोबारा ससुराल पहुंची तो उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न शुरू हो गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसके सास-ससुर उसे बहू मानने से इनकार कर रहे हैं, जबकि पति भी साथ रखने को लेकर टालमटोल कर रहा है। रोशनी ने बताया कि घटना वाली रात उसे कमरे में बंद कर दिया गया था। खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं की गई और शौच के लिए कमरे में केवल एक बाल्टी रख दी गई। जब उसकी मां मिलने पहुंचीं तो उनके साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। परिवार को बेटी को साथ ले जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जब उसने मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग करने की कोशिश की तो उसका फोन छीन लिया गया और तोड़ने का प्रयास किया गया। प्रभा देवी ने बताया कि उन्होंने पहले ही पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी और इंजरी रिपोर्ट भी बनवाई थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, जबकि पीड़िता और उसके परिजन सुरक्षा तथा न्याय की मांग कर रहे हैं।

### तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने 70 वर्षीय बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौके पर मौत



**सरिया :** सरिया-राजधनवार मुख्य मार्ग में बुधवार दोपहर करीब एक बजे नावाडीह में टोल प्लाजा के सामने तेज रफ्तार टाटा मैजिक वाहन ने एक बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बिरनी प्रखंड के कपिलो निवासी 70 वर्षीय अब्दुल रहमान की मौके पर ही मौत हो गई।घटना इतनी भीषण थी कि आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए बाजार क्षेत्र में वाहनों की अत्यधिक तेज रफ्तार पर चिंता जताई। लोगों का कहना है कि रेलवे फाटक पर अक्सर लगने वाले जाम के कारण वाहन चालक जल्दबाजी में बाजार क्षेत्र से तेज गति से गुजरते हैं, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।सूचना मिलते ही मृतक अब्दुल रहमान के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। पूरे इलाके में शोक का माहौल छा गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बाजार क्षेत्र में वाहनों की गति नियंत्रित करने, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और यात्रियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

संक्षिप्त डायरी

## मोबाइल छीनने के विरोध पर शिक्षक को मारी गोली

**पटना (एजेंसी)** पटना सिटी से अमिताभ की रिपोर्ट पटना सिटी. बेखौफ बाइक सवार अपराधियों ने बुधवार की अहले सुबह शिक्षक को गोली मारकर मोबाइल व बैग छीन लिया. लूपपाट के विरोध पर बदमाशों ने शिक्षक को गोली मार दी, जिससे वे जख्मी हो गये. घटना अगमकुंआ थाना के भागवत नगर मुहल्ले की है. घायल शिक्षक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, भागवत नगर स्थित घर से शिक्षक शंभू कुमार और वीणा कुमारी पैदल नालंदा जिले के चंडी स्थित एक सरकारी विद्यालय में कार्यरत हैं. दोनों पैदल बस पकड़ने बाइपास की ओर भूतनाथ रोड से पैदल जाने के क्रम में एनआरएल पैट्रोल पंप के पास बाइक सवार अपराधियों ने मोबाइल लूटने का विरोध करने पर शिक्षक को कंधे में गोली मार दिया. इसके बाद मोबाइल व बैग लूटकर फरार हो गये. सूचना मिलने के बाद डीएसपी राज किशोर सिंह पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की. नालंदा के चंडी में तैनात हैं घायल शिक्षक घायल शिक्षक शंभु कुमार नालंदा जिले के चंडी में तैनात हैं. वह बुधवार की सुबह स्कूल के लिए घर से निकले थे कि घटना हुई. शिक्षक की पत्नी अंजली कुमारी ने बताया कि उनके पति का किसी से कोई विवाद नहीं था. सुबह घर से नाश्ता कर वह हमेशा की तरह स्कूल के लिए निकले थे. करीब एक घंटे बाद पुलिसकर्मी घर पहुंचे और घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया.

## पटना में बादल छाये रहेंगे, दो दिन बाद बढ़ेगी गर्मी, ओपीडी का भी जानें हाल

**पटना (एजेंसी)** पटना जिले की दिनभर की गतिविधियों से आपको रू-ब-रू कराने के लिए हम आपके लिए आपके शहर की पूरी जानकारी एक साथ लेकर आ रहे हैं. शहर का मौसम कैसा रहेगा, कौन से धार्मिक स्थल कब खुलेंगे, कब बंद होंगे, ओपीडी में कौन से डॉक्टर किस विभाग में तैनात रहेंगे, शहर में आज कौन से कार्यक्रम होंगे, यह सब जानकारी इस खबर में आपको एक साथ मिल जायेगी. शहर के मौसम में अगले दो दिनों में बदलाव के आसार हैं. उत्तर पश्चिमी विक्षोभ की वजह से तापमान बढ़ने के आसार हैं. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार पटना सहित दक्षिण बिहार के ज्यादातर भागों में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री की वृद्धि की संभावना है. पटना सहित अन्य भागों में मौसम का मिलाजुल प्रभाव देखने को मिलेगा. 16 मई तक अलग-अलग भागों में वज्रपात और मेघ गर्जन और तेज हवा चलने के साथ वर्षा की गतिविधियां बनी रहेगी. मंगलवार को पटना के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी पटना का अधिकतम तापमान 34.7 और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया. अगले 24 घंटों के दौरान पटना में हवा की गति 40-50 किमी प्रतिघंटा रहने के आसार है. पटना सहित अन्य भागों में नमी युक्त हवा के कारण उमस भरी गर्मी का प्रभाव बना रहेगा.

## रोहतास में फिलिंग स्टेशन के मालिक का शव बरामद, इलाके में मची खलबली

**पटना (एजेंसी)** रोहतास के दिनारा फिलिंग स्टेशन के मालिक प्रमोद कुमार शव पुलिस ने बरामद किया है. घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. (दिनारा से उमेश कुमार) बिहार के रोहतास से बड़ी खबर सामने आ रही है. जहां दिनारा फिलिंग स्टेशन के मालिक प्रमोद सिंह का शव बरामद किया गया है. घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है. दिनारा फिलिंग स्टेशन के मालिक का शव बरामद पुलिस ने प्रमोद सिंह का शव दिना हाई स्कूल के तलाब किनारे बना पुराने छात्रावास से बरामद किया है. खबर सुनते ही क्षेत्र में खलबली मच गई. घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए. जांच में जुटी पुलिस घटना के बाद पुलिस जांच में जुटी है. वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. आसपास के इलाके में चर्चा तेज है. स्थानीय पुलिस जांच में जुटी हुई है हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है.

## बिहार में अब सिर्फ शनिवार को ही अंचल कार्यालय में मिलेंगे राजस्व कर्मी, बाकी के दिन बदला ठिकाना

**पटना (एजेंसी)**बिहार में अब अंचल कार्यालयों में राजस्व कर्मचारी सिर्फ शनिवार को ही मिलेंगे. बाकी के दिन ब्लॉक में रहकर वे काम करेंगे. बिहार के नए राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल की ओर से आदेश जारी किया गया है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के नए मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल पदभार संभालते ही एक्शन मोड में हैं. लोगों की जमीन से जुड़े समस्याओं का निपटारा जल्द से जल्द हो, इसके लिए आदेश जारी किए जा रहे हैं. इसी क्रम में डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा, राजस्व कर्मचारी केवल शनिवार को ही अंचल कार्यालय में रहेंगे, बाकी दिन वे ब्लॉक में रहकर जमीन से संबंधित समस्याओं का समाधान करेंगे. हर रोज कार्यालयों में नहीं होगी बैठक जानकारी के मुताबिक, इस संबंध में डॉ. दिलीप जायसवाल ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे हर रोज कार्यालय में होने वाली बैठक को समाप्त कर राजस्व कर्मचारियों को अपने ब्लॉक में उपस्थिति सुनिश्चित कराएं. अंचल अधिकारी जरूरी होने पर बाकी के दिन ऑनलाइन मोड में बैठक करना सुनिश्चित करेंगे. उन्होंने कहा है कि विभाग की पहली प्राथमिकता आम लोगों को राहत पहुंचाना है और जमीन से जुड़ी समस्याओं का समय सीमा के अंदर समाधान सुनिश्चित करना आवश्यक है. ऑनलाइन बैठक में शामिल होंगे राजस्व कर्मचारी नई व्यवस्था के तहत राजस्व कर्मचारी हर रोज अंचल कार्यालय में होने वाली बैठकों में शामिल नहीं होंगे. सभी कर्मचारी केवल शनिवार को अंचल कार्यालय में उपस्थित रहेंगे. उस दिन भू-समाधान दिवस के दौरान भी उनकी उपस्थिति हो जायेगी. आवश्यकता पड़ने पर शनिवार को छोड़कर अन्य दिनों में वे ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल होंगे. मंत्री ने निर्देश दिया है कि सभी राजस्व कर्मचारी रोस्टर के अनुसार अपने-अपने ब्लॉक में उपस्थित रहकर दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-मापी समेत अन्य राजस्व मामलों के समाधान को प्राथमिकता दें. उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर पर ही समस्याओं का समाधान होने से आम लोगों को अंचल कार्यालय के अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे.

# बिहार कैबिनेट: कर्मचारियों का DA बढ़ा, 5 जिलों में ग्रामीण SP और नए कॉलेज मंजूर




**पटना (एजेंसी)** सम्राट कैबिनेट की बैठक में 19 एजेंडों पर मुहर लगी. इस बैठक में दोनों डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र यादव मौजूद रहे. इस बैठक में लाखों सरकारी कर्मचारियों को लेकर खास निर्णय लिया गया है. इनके डीए में बढ़ोतरी कर दी गई है. सम्राट कैबिनेट की बैठक बुधवार को हुई. इस बैठक में नए मंत्रियों के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र यादव शामिल हुए. इस बैठक में बिहार के लाखों सरकारी कर्मचारियों के डीए में बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया. वित्त विभाग की ओर से सरकारी कर्मचारियों के डीए को 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है. जानकारी के मुताबिक, बिहार में सबसे कम 19 हजार रुपए मूल वेतन मिलने वाले कर्मचारियों के वेतन में 390 रुपए की बढ़ोतरी होगी. जबकि 2.25 लाख रुपये मूल वेतन पाने वाले अधिकारियों को हर महीने 4500 रुपए बढ़कर मिलेंगे. इतना ही नहीं, पेशनर्स के मासिक पेंशन में भी बढ़ोतरी की गई है. 5 जिलों में ग्रामीण एसपी के पदों को मंजूरी आज की सम्राट कैबिनेट की बैठक में राज्य के बेहद अपराध और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील जिलों पूर्वी चंपारण, समस्तीपुर, मधुबनी, वैशाली और सिवान में ग्रमीण एसपी के पदों को मंजूरी दी गई. इसके अलावा उद्योग विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, शिक्षा विभाग, परिवहन विभाग समेत अन्य विभागों से जुड़े जरूरी फैसले लिए गए. वैशाली में 100 एकड़ जमीन अधिग्रहण की मंजूरी साथ ही उद्योग विभाग से जुड़े फैसले भी लिए गए हैं. बिहार में लगातार उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है. इसी को ध्यान में रखते हुए वैशाली जिले में 100 एकड़ जमीन पर राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (NIFTEM) की स्थापना होने वाले है. इसके लिए जमीन अधिग्रहण को मंजूरी दी गई. साथ ही NIFTEM कैंपस की स्थापना की जाएगी, जिससे युवाओं को फायदा हो सकेगा. उच्च गुणवत्ता की तकनीकी शिक्षा और कौशल मिल सकेगा. निजी डेयरी परियोजना को भी मंजूरी इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक निजी डेयरी परियोजना को भी मंजूरी मिली. इसमें हर रोज 84 हजार लीटर दूध प्रसंस्करण, दही, मक्खन और अन्य दुग्ध उत्पादों के उत्पादन की व्यवस्था होगी. परियोजना से करीब 170 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना जताई गई है. खुलेंगे तीन नए डिग्री कॉलेज उच्च शिक्षा विभाग के तहत राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 योजना के अंतर्गत तीन नये डिग्री कॉलेजों की स्थापना को मंजूरी दी. इन कॉलेजों में शिक्षकों और कर्मियों के कुल 132 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई. सरकार का कहना है कि इससे उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ेगा और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को सुविधा मिलेगी. साथ ही शिक्षा विभाग ने जहानाबाद के शिक्षक मो. इरशाद अंसारी को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए नामित करने का फैसला किया है. इसके तहत इलेक्ट्रिक गाड़ियों की खरीद पर प्रोत्साहन राशि दी जायेगी. सरकार ने साल 2030 तक राज्य में 30 प्रतिशत नई गाड़ियों को इलेक्ट्रिक बनाने का लक्ष्य तय किया है. योजना के तहत निजी और व्यावसायिक दोनों प्रकार की गाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा और राज्य में चार्जिंग स्टेशन डेवलप किए जायेंगे.

## बिहार में चलेंगी 400 इलेक्ट्रिक बसें, जून में मिलेगा 200 ई-बसों का तोहफा

**पटना (एजेंसी)** बिहार को 400 इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा मिलने वाला है. पहले फेज में 200 ई-बसों को चलाया जाएगा. जानकारी के मुताबिक, जून के अंतिम सप्ताह तक इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन शुरू हो जाएगा. इन बसों को जीसीसी मॉडल पर चलाया जाएगा. बिहार में अब डीजल बसों की जगह इलेक्ट्रिक बसों को चलाए जाने की प्लानिंग है. राज्य में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाया जाएगा. इसी को लेकर पीएम ई-बस सेवा फेज-2 के तहत राज्य में 200 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन का रास्ता साफ हो गया है. जून में मिलेंगी 200 इलेक्ट्रिक बसें बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से इस संबंध में ग्रीनसेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को लेटर ऑफ अवार्ड जारी किया गया है. एजेंसी का चयन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से किया गया है. परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि योजना के पहले फेज में जून महीने के पहले सप्ताह तक 200 इलेक्ट्रिक बसें आ रही हैं. कब से होगा इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन? इसके बाद जून महीने के अंतिम सप्ताह तक इन बसों का परिचालन शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. उन्होंने बताया कि पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत बिहार में कुल 400 इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन किया जाएगा. पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा. ग्रीनसेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 9 मीटर श्रेणी की 200 ई-बसों की आपूर्ति, संचालन और रखरखाव किया जाएगा. यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं जानकारी के मुताबिक, इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन को देखते हुए मॉडर्न बस स्टैंड, चार्जिंग स्टेशन और अन्य तकनीकी सुविधाओं को लेकर भी काम किया जा रहा है. इससे यात्रियों को भी काफी सहूलियत मिल सकेगी, क्योंकि इसमें उनकी सुविधाओं और सुरक्षा को ध्यान में रखा गया है. बसों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम को भी लगाया जाएगा, जिससे उसका लाइव लोकेशन पता किया जा सकेगा. इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन की भी सुविधा होगी. इन बसों को दिव्यांगों की सहूलियत को देखते हुए भी तैयार किया गया है

## बिहार में आधी रात 2 अपराधियों का एनकाउंटर, पुलिस ने शार्प शूटर विदेशी और पप्पू को दौड़ाकर मारी गोली

**पटना (एजेंसी)** पटना में आधी रात को 2 अपराधियों का एनकाउंटर किया गया. विदेशिया और पप्पू राय को पुलिस ने गोली मारी. दोनों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. यह वारदात बिहटा में हुई. (शुभम कुमार और मोनु कुमार मिश्रा) बिहार में एक के बाद एक अपराधियों का एनकाउंटर किया जा रहा है. इस बीच पटना में रात करीब 2 बजे दो शार्प शूटर्स का एनकाउंटर किया गया. बिहटा के पास पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई. इस दौरान दोनों अपराधियों को दौड़ाकर पुलिस ने गोली मारी. दोनों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. घटना स्थल से हथियार बरामद जानकारी के मुताबिक, घायल अपराधियों में विदेशी राय और पप्पू राय शामिल है. पटना पुलिस की विशेष टीम इस ऑपरेशन में शामिल रही. इस तरह से आधी रात में हुए एनकाउंटर की वजह से पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया. कहा जा रहा है कि पुलिस को घटना स्थल से हथियार भी बरामद हुए हैं. पुलिस के अनुसार, ये दोनों अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से इलाके में जमा हुए थे. घेराबंदी देख अपराधियों ने शुरू की फायरिंग घटना के संबंध में दानापुर डीएसपी-2 अमरेंद्र कुमार झा ने बताया कि स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहटा के आनंदपुर गांव के पास बांध के पास कुछ अपराधी किसी बड़ी साजिश को रचने के लिए इकट्ठा हुए हैं.


## बिहार में आधी रात 2 अपराधियों का एनकाउंटर, पुलिस ने शार्प शूटर विदेशी और पप्पू को दौड़ाकर मारी गोली





**पटना (एजेंसी)** पटना में आधी रात को 2 अपराधियों का एनकाउंटर किया गया. विदेशिया और पप्पू राय को पुलिस ने गोली मारी. दोनों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. यह वारदात बिहटा में हुई. (शुभम कुमार और मोनु कुमार मिश्रा) बिहार में एक के बाद एक अपराधियों का एनकाउंटर किया जा रहा है. इस बीच पटना में रात करीब 2 बजे दो शार्प शूटर्स का एनकाउंटर किया गया. बिहटा के पास पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई. इस दौरान दोनों अपराधियों को दौड़ाकर पुलिस ने गोली मारी. दोनों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. घटना स्थल से हथियार बरामद जानकारी के मुताबिक, घायल अपराधियों में विदेशी राय और पप्पू राय शामिल है. पटना पुलिस की विशेष टीम इस ऑपरेशन में शामिल रही. इस तरह से आधी रात में हुए एनकाउंटर की वजह से पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया. कहा जा रहा है कि पुलिस को घटना स्थल से हथियार भी बरामद हुए हैं. पुलिस के अनुसार, ये दोनों अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से इलाके में जमा हुए थे. घेराबंदी देख अपराधियों ने शुरू की फायरिंग घटना के संबंध में दानापुर डीएसपी-2 अमरेंद्र कुमार झा ने बताया कि स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहटा के आनंदपुर गांव के पास बांध के पास कुछ अपराधी किसी बड़ी साजिश को रचने के लिए इकट्ठा हुए हैं.

सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी शुरू की. खुद को पुलिस से घिरा देख अपराधियों ने बचने के लिए अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें दोनों शूटर्स के पैर में गोली लगी. इलाज के लिए पटना एम्स रेफर मुठभेड़ के बाद घायल अपराधियों ने सरेंडर कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तत्काल हिरासत में ले लिया. मौके से पुलिस ने कई अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं. अपराधियों को पहले प्राथमिक उपचार के लिए बिहटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन घाव की गंभीरता को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना एम्स रेफर कर दिया गया है. फिलहाल दोनों पुलिस की कड़ी निगरानी में है. पुलिस इन अपराधियों की तलाश में जुटी थी. पकड़े गए दोनों शूटर्स पर पहले से ही हत्या और लूट जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं. पुलिस अब इनके आपराधिक इतिहास को खंगालने के साथ-साथ इनके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में छापेमारी कर रही है. छह महीने में एनकाउंटर के आंकड़ों में बढ़ोतरी राज्य में पिछले कुछ महीनों से अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान तेज हुआ है.

## बिहार में आंधी-बारिश की चेतावनी, 50-60 KMPH की रफ्तार से चलेगी हवा, IMD की एडवाइजरी जारी



**पटना (एजेंसी)** पूरे बिहार में एक बार फिर मौसम बिगड़े रहने की संभावना जताई गई है. उत्तर बिहार के जिलों में ऑरेंज अलर्ट जबकि दक्षिण बिहार के जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान आंधी के साथ तेज बारिश होने की संभावना जताई गई है. बिहार में लोगों को अभी तपती गर्मी से राहत मिली हुई है. राज्य में मंगलवार को मौसम अचानक बदल गया. पटना, अरवल, गया, जहानाबाद सहित कई जिलों में तेज बारिश हुई. इस बीच आज भी पूरे बिहार में अलर्ट जारी किया गया है. तेज बारिश के साथ ठनका गिरने की चेतावनी जारी की गई है. इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है. इन जिलों में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी मौसम विभाग ने आज जिन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया, उनमें पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा, कटिहार, पूर्णिया, सिवान, सारण, वैशाली और समस्तीपुर शामिल है. इसके साथ ही जिन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है, उनमें बक्सर, भोजपुर, पटना, बेगूसराय, नालंदा, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, अरवल, जहानाबाद, शेखपुरा, लखीसराय, नालंदा, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा, जमुई और बांका शामिल है. कब तक चलेगा आंधी-बारिश का दौर? इस तरह से मौसम विभाग ने 13 मई के लिए उत्तर बिहार और सीमांचल के कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. जबकि पटना समेत दक्षिण बिहार के जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. यहां 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और हल्की बारिश की संभावना है. 14 मई को 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. 15 मई को पटना समेत कई जिलों और 16 मई को सात जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया. बिहार में मौसम बिगड़ने की वजह मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र और सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के कारण यह बदलाव आया है. 13 मई को मौसम और ज्यादा एक्टिव हो सकता है. मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 15 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ भी दस्तक देने वाला है, जिससे उत्तर और पूर्वी बिहार में मौसम की सक्रियता और बढ़ेगी. ऐसे में आंधी-पानी का दौर 16 मई तक जारी रहेगा. पूर्वानुमान के अनुसार 17 मई से बारिश का दौर रुक जायेगा.

## आरा में घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा, प्रेमिका ने शादी से किया इंकार तो मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक





**पटना (एजेंसी)** भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र में प्रेम प्रसंग का एक अजीब मामला सामने आया. शादी टूटने से नाराज युवक आत्महत्या करने की नीयत से मोबाइल टावर पर चढ़ गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाकर युवक को नीचे उतारा. अनिल कुमार राय की रिपोर्ट) भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के गुलजारपुर गांव में बुधवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब शादी टूटने से नाराज एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया. मोबाइल टावर पर चढ़ने के बाद युवक आत्महत्या करने की बात करनेव लगा. करीब तीन से चार घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. बाद में पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा. पिछले साल तय हुई थी शादी जानकारी के अनुसार, गुलजारपुर गांव निवासी गणेश पासवान का 22 वर्षीय पुत्र मंटू कुमार हैदराबाद में काम करता था. उसकी शादी पिछले वर्ष उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रामपुर मिल्की गांव निवासी राकेश पासवान की बेटी से तय हुई थी. दोनों परिवारों ने आपसी सहमति से इस वर्ष शादी करने की बात कही थी. शादी तय होने के बाद युवक अपनी होने वाली पत्नी से लगातार संपर्क में था. परिवार वालों के अनुसार मंटू कुमार ने हैदराबाद में कमाई गई अपनी अधिकांश रकम भी लड़की पर खर्च कर दी थी. लड़की पक्ष ने शादी से किया इनकार इधर कुछ दिनों से लड़की पक्ष घर की स्थिति ठीक नहीं होने की बात कहकर शादी से इनकार करने लगा. बुधवार सुबह युवक की फोन पर लड़की से बात हो रही थी. इसी दौरान लड़की के भाई ने कथित रूप से युवक के साथ गाली-गलौज कर दी. इससे नाराज होकर मंटू कुमार घर से निकल गया और गांव के पास लगे मोबाइल टावर पर चढ़ गया. आत्महत्या की दी सूचना टावर पर चढ़ने के बाद युवक ने खुद 112 नंबर पर फोन कर आत्महत्या करने की बात कही. घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचने लगे. देखते ही देखते वहां ग्रामीणों की भीड़ जुट गई. पुलिस ने समझाकर उतारा नीचे सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने काफी देर तक युवक को समझाने की कोशिश की. पुलिस और ग्रामीणों ने उसे भरोसा दिलाया कि मामले को बातचीत से सुलझाया जाएगा. काफी समझाने-बुझाने के बाद युवक टावर से नीचे उतरने को तैयार हुआ. कुछ देर के लिए पुलिस ने लिया हिरासत में पुलिस ने युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के बाद कुछ समय के लिए अपने कब्जे में रखा. स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते पुलिस पहुंच गई,

## गुलजारबाग में 108 फीट ऊंची लगेगी भगवान महावीर की प्रतिमा



**पटना (एजेंसी)** गुलजारबाग में बनने वाली भगवान महावीर की 108 फीट ऊंची यह प्रतिमा पूरे बिहार ही नहीं, देश के प्रमुख धार्मिक आकर्षणों में शामिल होने की क्षमता रखती है गुलजारबाग स्थित कमलदह जी क्षेत्र में इतिहास, आस्था और आधुनिकता का यह अद्भुत संगम होगा. बिहार की पावन धरती सदियों से धर्म, अध्यात्म और संस्कृति की जननी रही है. इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गुलजारबाग स्थित कमलदह जी क्षेत्र में एक भव्य और ऐतिहासिक जैन तीर्थ का निर्माण होने जा रहा है. यह वही पुण्यभूमि है जहां जैन धर्म के महान आचार्य श्री स्थूलीभद्र स्वामी की साधना स्थली और श्रेष्ठी सुदर्शन स्वामी का अलौकिक स्थान स्थित है. जैन श्वेतांबर समाज के लिए यह स्थान किसी स्वर्ग से कम नहीं माना जाता. संपूर्ण जैन श्वेतांबर समाज के सहयोग से यह भावनात्मक और ऐतिहासिक तीर्थ आकार ले रहा है. माना जा रहा है कि निर्माण पूरा होने के बाद यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बनेगा और देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचेंगे.जैन धर्म में श्रेष्ठी सुदर्शन की कथा सदाचार, सत्य और चरित्र की प्रेरणा देने वाली मानी जाती है. कहा जाता है कि जब उन्हें सूली पर चढ़ाया गया, तब उन्होंने नवकार महामंत्र का स्मरण किया और सूली सिंहासन में परिवर्तित हो गई. यह घटना आज भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था और चमत्कार का प्रतीक बनी हुई है. इस ऐतिहासिक धरोहर के जीर्णोद्धार और भव्य निर्माण का जिम्मा मणि लक्ष्मी तीर्थ के दिनेश भाई शाह ने लिया है. श्री स्थूलीभद्र श्रेष्ठी सुदर्शन जैन श्वेतांबर मणि लक्ष्मी तीर्थ नाम से बनने वाला यह विशाल परिसर लगभग 100000 वर्गफीट क्षेत्र में फैला होगा. सफेद संगमरमर से निर्मित यह मंदिर अपनी अद्भुत नक्काशी और भव्य स्थापत्य कला के कारण देश ही नहीं बल्कि विदेशों के श्रद्धालुओं को भी आकर्षित करेगा. मंदिर की वास्तुकला ऐसी होगी कि श्रद्धालु यहां पहुंचते ही आध्यात्मिक शांति का अनुभव करेंगे. प्रतिमा की ऊंचाई होगी देश के प्रमुख धार्मिक आकर्षणों में शामिल होने की क्षमता रखती है. धर्मशाला, भोजनशाला और कमल सरोवर बनेंगे आकर्षण तीर्थ परिसर को केवल पूजा स्थल तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे संपूर्ण आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा. बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सर्वसुविधायुक्त धर्मशाला का निर्माण होगा, जहां आधुनिक सुविधाओं के साथ ठहरने की व्यवस्था रहेगी.इसके साथ ही विशाल भोजनशाला, साधु-साध्वियों के उपाश्रय और श्रद्धालुओं के लिए ध्यान एवं साधना केंद्र भी बनाए जाएंगे. चूंकि यह भूमि आचार्य स्थूलीभद्र स्वामी की साधना स्थली रही है, इसलिए यहां एक भव्य कमल सरोवर का निर्माण भी प्रस्तावित है. हरियाली और पेड़-पौधों से घिरा यह सरोवर आने वाले श्रद्धालुओं को अद्भुत मानसिक शांति प्रदान करेगा. चित्रशाला भी जायेगी बनाई परिसर में जैन जगत, तीर्थंकरों, आचार्य स्थूलीभद्र स्वामी और श्रेष्ठी सुदर्शन स्वामी के जीवन पर आधारित चित्रशाला भी बनाई जाएगी. यहां आने वाले लोग केवल दर्शन ही नहीं, बल्कि जैन इतिहास और संस्कृति को भी करीब से जान सकेंगे.




# कर्नाटक की यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग, आप भी जरूर करें एक्सप्लोर

दक्षिण भारत देश का खूबसूरत और प्रमुख हिस्सा माना जाता है। दक्षिण भारत में कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जिसको पर्यटन का मुख्य केंद्र माना जाता है। यह एक ऐसा राज्य है, जहां पर हर दिन हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक घूमने और मौज-मस्ती के लिए आते हैं। कर्नाटक में गोकर्ण, कूर्ग, बेंगलुरु, हम्पी और मैसूर जैसी फेमस जगहों पर घूमने के लिए सबसे ज्यादा संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं।

हालांकि इन जगहों की खूबसूरती पर्यटकों को बहुत आकर्षित करती है, लेकिन कर्नाटक में अन्य और भी कई शानदार और अद्भुत जगहें मौजूद हैं। जिसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। कर्नाटक की हसीन वादियों में मौजूद अंगुबे एक ऐसी जगह है, जिसके बारे में बहुत कम लोगों को पता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको अंगुबे की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं। जिन्हें आपको जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

### अंगुबे

बता दें कि यह खूबसूरत और मनमोहक हिल स्टेशन कर्नाटक के शिमोगा जिले में पड़ता है। अंगुबे को एक बेहद खूबसूरत गांव के साथ ही यहां का शानदार और छिपा हुआ खजाना भी माना जाता है।

अगुंबे कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से करीब 345 किमी दूर स्थित है। वहीं यह उडुपी से करीब 60 किमी दूर, मंगलूरू से 100 किमी और कर्नाटक के चिकमंगलूर से करीब 112 किमी की दूरी पर मौजूद है।

### अंगुबे की खासियत

अंगुबे में ऐसी अनगिनत खासियत है, जो पर्टयकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। यह समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर स्थित अंगुबे को कर्नाटक का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। वहीं यह कर्नाटक का सबसे हसीन और खूबसूरत हिल स्टेशन्स में से एक माना जाता है।

अंगुबे न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। इसलिए इसको प्रकृति प्रेमियों के लिए जन्नत भी माना जाता है। अंगुबे को कर्नाटक का चेरापूंजी भी कहा जाता है। क्योंकि यहां पर खूब बारिश होती है। इस हिल स्टेशन की खूबसूरती के आगे हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड भी फीके लगते हैं।

### जानिए क्यों है खास

सैलानियों के लिए अंगुबे बेहद ही खास और अद्भुत पर्यटन स्थल है। यह जगह उन लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है, जो प्रकृति से प्रेम करते हैं। यह अपने शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है।

अंगुबे हिल स्टेशन न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि एडवेंचर के लिए भी जाना जाता है। कई पर्यटक यहां पर हाईकिंग, ट्रैकिंग और कैंपिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर स्थित सबसे ऊंची बिंदू से फोटोग्राफी करना हर किसी का सपना होता है।

### अगुंबे सनसेट पॉइंट

जब भी अंगुबे में किसी शानदार जगह घूमने की बात होती है, तो सबसे पहले अंगुबे सनसेट पॉइंट की बात होती है। यह सबसे लोकप्रिय पॉइंट है, जहां से पूरे शहर का खूबसूरत नजारा दिखाई देता है। वहीं यहां से सनसेट और सनराइज का नजारा काफी मनमोहक होता है।

### जोगीगुंडी फॉल्स

अंगुबे में स्थित यह जगह जोगीगुंडी फॉल्स बेहद शानदार और अद्भुत खजाने से कम नहीं है। हर दिन दर्जन से अधिक पर्यटकों को यह खूबसूरत वॉटरफॉल आकर्षित करता है। इस वॉटरफॉल के आसपास काफी हरियाली है। बताया जाता है कि इसका पानी एक गुफा से निकलता है और मानसून का समय यहां पर घूमने के लिए सबसे बेस्ट है।

# ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक समृद्धि का केंद्र है कपूरथला शहर

**कपूरथला ज्यूडिशियल किला भी एक ऐतिहासिक स्थल है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। इस किले की वास्तुकला और इसे बनाने की शैली अत्यंत रोचक है। किला आज भी अपनी भव्यता और ऐतिहासिक धरोहर को बनाए हुए है।**



कपूरथला, पंजाब राज्य का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है, जो अपनी भव्य वास्तुकला, शाही इतिहास और अद्भुत पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर न केवल पंजाब, बल्कि पूरे भारत में एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है। कपूरथला का सांस्कृतिक वैभव, ऐतिहासिक किले, महल और खूबसूरत बगीचे यहाँ आने वाले पर्यटकों को एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करते हैं। आइए जानते हैं कपूरथला के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

### 1. कपूरथला महल

कपूरथला का सबसे प्रमुख आकर्षण है कपूरथला महल, जिसे फ्पंजाबी वर्सायफ् के नाम से भी जाना जाता है। यह महल फ्रांसीसी वास्तुकला से प्रेरित है और इसकी भव्यता और आकर्षण पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। महल के अंदर शानदार कमरे, खूबसूरत गैलरी और विस्तृत बगीचे हैं। महल की संरचना और इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इसे कपूरथला का प्रमुख पर्यटन स्थल बनाती है। यहाँ का बगीचा और झील पर्यटकों को शांति और सौंदर्य का अनुभव कराते हैं।

### 2. शाही मस्जिद

कपूरथला में स्थित शाही मस्जिद एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जो अपनी अद्भुत वास्तुकला और शांत वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। इस मस्जिद को कपूरथला के तत्कालीन शाही परिवार द्वारा बनवाया गया था। मस्जिद का शाही और भव्य रूप पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ की आंतरिक सजावट और विस्तृत बगीचों में भ्रमण करते हुए लोग शांति का अनुभव करते हैं।

### 3. सुंदरबाग

सुंदरबाग, कपूरथला का एक और प्रमुख आकर्षण है। यह बगीचा कपूरथला महल के पास स्थित है और इसकी सुंदरता पर्यटकों को बेहद आकर्षित करती है। यहाँ की हरियाली, फूलों की सुगंध और शांत वातावरण आपको एक अद्भुत अनुभव प्रदान करते हैं। सुंदरबाग में घूमने से पर्यटकों को पंजाब की प्राकृतिक सुंदरता का अहसास होता है।

### 4. कपूरथला ज्यूडिशियल किला

कपूरथला ज्यूडिशियल किला भी एक ऐतिहासिक स्थल है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाता है। इस किले की वास्तुकला और इसे बनाने की शैली अत्यंत रोचक है। किला आज भी अपनी भव्यता और ऐतिहासिक धरोहर को बनाए हुए है। किले के चारों ओर फैला हरित क्षेत्र और इसके प्राचीन कक्ष पर्यटकों को बहुत आकर्षित करते हैं।

### 5. गुलाबबाग

कपूरथला का गुलाबबाग एक शानदार बगीचा है, जो विशेष रूप से अपनी गुलाब की झाड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ विभिन्न प्रकार के गुलाबों का संग्रह देखने को मिलता है, जो बाग को एक अद्वितीय सुंदरता प्रदान करते हैं। गुलाबबाग की सैर करते हुए पर्यटक गुलाबों की खूबसूरती और बाग के शांत वातावरण का आनंद लेते हैं। यह स्थान फूलों के शौकिनों के लिए आदर्श है।

### 6. चरणबीर बाग

चरणबीर बाग कपूरथला का एक ऐतिहासिक बाग है, जो अपने अद्भुत सौंदर्य और शाही संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है। इस बाग में कई आकर्षक फूल और पेड़-पौधे हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। बाग में स्थित ऐतिहासिक स्मारक और शाही महल इस स्थान को और भी खास बनाते हैं। यहाँ घूमते हुए पर्यटक प्रकृति के साथ-साथ इतिहास की समृद्धि को भी महसूस कर सकते हैं।


### 7. फव्वारा

फव्वारा कपूरथला के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। यह एक खूबसूरत और आकर्षक फव्वारा है, जो शहर के बीच स्थित है। इसके आसपास का माहौल और पानी के बहाव का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यहाँ पर अक्सर लोग आराम करने के लिए आते हैं और शहर की हलचल से दूर शांति का अनुभव करते हैं।

### 8. शहीदी स्मारक

कपूरथला के शहीदी स्मारक में भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। यह स्मारक उन वीर शहीदों की याद में बनवाया गया था जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। यह स्थल इतिहास प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण और शिक्षाप्रद स्थल है।

कपूरथला एक ऐसा शहर है, जहाँ ऐतिहासिक धरोहर, शाही महल, धार्मिक स्थल और प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत मिश्रण है। कपूरथला महल, शाही मस्जिद, सुंदरबाग और गुलाबबाग जैसे स्थल इस शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि को दर्शाते हैं। यहाँ आने वाले पर्यटक न केवल पंजाब की लोक कला और संस्कृति से परिचित होते हैं, बल्कि वे यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहर का भी आनंद लेते हैं। अगर आप इतिहास, वास्तुकला और प्रकृति प्रेमी हैं, तो कपूरथला की यात्रा आपके लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हो सकती है।



# ओडिशा की प्राचीन धरोहर हैं उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ

उदयगिरी गुफाएँ पहाड़ी की ऊपरी चोटी पर स्थित हैं और यहाँ कुल 18 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं में से कुछ का उपयोग ध्यान, पूजा, और साधना के लिए किया जाता था, जबकि अन्य गुफाएँ विश्राम स्थल के रूप में बनायीं गई थीं।

ओडिशा राज्य के भुवनेश्वर शहर के निकट स्थित उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ प्राचीन भारतीय कला, संस्कृति और धार्मिकता का अद्भुत उदाहरण हैं। ये गुफाएँ न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि शिल्पकला और वास्तुकला के दृष्टिकोण से भी अत्यधिक मूल्यवान हैं। उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ जैन धर्म से संबंधित हैं और ये गुफाएँ 2,000 साल पुरानी मानी जाती हैं। इन गुफाओं को देखकर हम प्राचीन भारत की धार्मिक आस्थाओं और उनकी जीवनशैली के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाओं का इतिहास

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएँ मुख्य रूप से जैन साधुओं द्वारा vst शताब्दी ईसा पूर्व में बनाई गई थीं। इन गुफाओं का निर्माण शासक कुमारगुप्त I के शासनकाल में हुआ था, जो गुप्त साम्राज्य के सम्राट थे। यह गुफाएँ उनके द्वारा प्रोत्साहित किए गए धार्मिक और सांस्कृतिक उद्देश्यों के तहत बनाई गई थीं। उदयगिरी का नाम उदय यानी सूर्योदय से जुड़ा हुआ है, जबकि खंडगिरी का अर्थ है खंडित पर्वत, जो यहाँ की पर्वत श्रृंखलाओं की विशेषता को दर्शाता है।

उदयगिरी गुफाएँ

उदयगिरी गुफाएँ पहाड़ी की ऊपरी चोटी पर स्थित हैं और यहाँ कुल 18 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं में से कुछ का उपयोग ध्यान, पूजा, और साधना के लिए किया जाता था, जबकि अन्य गुफाएँ विश्राम स्थल के रूप में बनायीं गई थीं। यहाँ की गुफाओं में जैन धर्म से संबंधित चित्रकला और मूर्तिकला का अद्भुत उदाहरण देखने को मिलता है।

उदयगिरी की गुफाओं में प्रमुख गुफा हाथी गुफा है, जिसका नाम यहाँ की हाथी के आकार की मूर्ति के कारण पड़ा। इसके अलावा, गांधार गुफा भी प्रसिद्ध है, जहां एक बड़ी मूर्ति और शिलालेख पाए जाते हैं। ये गुफाएँ जैन साधुओं द्वारा ध्यान और तपस्या के लिए इस्तेमाल की जाती थीं। यहाँ की दीवारों और छतों पर उकेरी गई मूर्तियाँ और चित्र आज भी उस समय के कला और शिल्प कौशल की गवाही देती हैं।

खंडगिरी गुफाएँ

खंडगिरी गुफाएँ उदयगिरी के पास स्थित हैं और यहाँ कुल 15 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं का आकार उदयगिरी की गुफाओं से थोड़ा अलग है, और इनका निर्माण भी जैन साधुओं द्वारा ध्यान और पूजा के उद्देश्य से किया गया था। खंडगिरी गुफाओं की दीवारों पर जैन धर्म के अनुयायियों के जीवन और उनके अनुशासन की छवियाँ उकेरी गई हैं। खंडगिरी की एक प्रसिद्ध गुफा रानी गुफा है, जिसे शाही गुफा भी कहा जाता है। यह गुफा अपनी सुंदर वास्तुकला के लिए जानी जाती है। इसमें एक शाही परिवार की मूर्तियाँ और चित्रकला देखने को मिलती हैं। यहाँ की अन्य गुफाओं में साधारण साधुओं के चित्र और मूर्तियाँ हैं जो उनके जीवन की गाथाएँ बयान करती हैं।

शिल्पकला और मूर्तिकला

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाओं की दीवारों पर उकेरी गई मूर्तियाँ और चित्र शिल्पकला और मूर्तिकला का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। यहाँ पर जैन धर्म से संबंधित कई दृश्य और भगवान महावीर की मूर्तियाँ, जो कि जैन धर्म के प्रमुख तीर्थंकर हैं, देखने को मिलती हैं। गुफाओं में शिलालेख भी पाए जाते हैं, जो उस समय की धार्मिक और सांस्कृतिक जीवनशैली के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं।

इन गुफाओं की शिल्पकला में रचनात्मकता और सूक्ष्मता दिखाई देती है। उदाहरण के लिए, उदयगिरी की हाथी गुफा में उकेरी गई हाथी की मूर्ति और खंडगिरी की रानी गुफा में शाही सजावट इसकी विशेषता हैं।

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाओं का धार्मिक महत्व

इन गुफाओं का धार्मिक महत्व बहुत अधिक है, खासकर जैन धर्म के अनुयायियों के लिए। इन गुफाओं में ध्यान और साधना के लिए विशेष स्थान बनाए गए थे। यहाँ की मूर्तियाँ और चित्र जैन धर्म के अनुयायियों के जीवन और उनकी आस्थाओं को व्यक्त करते हैं। इन गुफाओं के माध्यम से हम जैन धर्म के इतिहास, विचारधारा और आस्था को समझ सकते हैं।

# आईपीएल 2026 : धीमी ओवर गति के कारण पैट कमिंस पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के कप्तान पैट कमिंस पर गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह मुकाबला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 56वां मैच था, जो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया।

आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत न्यूनतम ओवर गति से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण यह कार्रवाई की गई। चूंकि इस सीजन में यह सनराइजर्स हैदराबाद का पहला ओवर-रेट अपराध था, इसलिए कप्तान पैट कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।



मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को गुजरात टाइटंस के हाथों 82 रन से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 168 रन बनाए थे। जवाब में हैदराबाद की पूरी टीम 14.5 ओवर में सिर्फ 86 रन पर सिमट गई।

गुजरात की शुरूआत खराब रही थी। कप्तान शुभमन गिल 5 रन और जोस बटलर 7 रन बनाकर जल्दी आउट हो गए थे। इसके बाद साई सुदर्शन ने 61 रन और वॉशिंगटन सुंदर ने 50 रन की अहम पारियां खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

169 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। मोहम्मद सिराज ने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड को शून्य पर आउट कर बड़ा झटका दिया। इसके बाद कगिसो रबाडा ने घातक गेंदबाजी करते हुए शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया। हैदराबाद की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने सबसे ज्यादा 19 रन बनाए, लेकिन टीम को हार से नहीं बचा सके।

गुजरात की ओर से कगिसो रबाडा ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं जेसन होल्डर और प्रसिद्ध कृष्णा ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट झटके।

इस जीत के साथ शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है।

# एफआईएच नेशंस कप की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप न्यूजीलैंड 2025-26 की तैयारियों के तहत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। हॉकी इंडिया ने बुधवार को उक्त घोषणा की। यह दौरा 21 मई से 3 जून 2026 तक आयोजित होगा, जबकि नेशंस कप का आयोजन 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होना है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारतीय टीम पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मुकाबले खेलेगी। ये मैच 26, 27, 29 और 30 मई को खेले जाएंगे। पहले दो मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे शुरू होंगे, जबकि आखिरी दो मैच सुबह 11 बजे खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड रवाना होगी, जहां नेशंस कप से पहले अभ्यास मुकाबलों के जरिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देगी। भारतीय महिला हॉकी टीम इससे पहले इस साल अर्जेंटीना दौरे पर शानदार प्रदर्शन कर चुकी है। टीम ने चार मैचों की सीरीज में दो जीत दर्ज कर मजबूत खेल का प्रदर्शन किया था। दौरे से लौटने के बाद से खिलाड़ी साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में लगातार अभ्यास कर रही हैं और अंतरराष्ट्रीय सीजन को ध्यान में रखते हुए अपनी कमजोरियों पर काम कर रही हैं। इस दौरे के दौरान टीम की ड्रैग-फ्लिकर खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन आनंदना के सहयोग से नीदरलैंड के दिग्गज ताएके ताएकेमा 26 मई से 21 जून तक पर्थ और ऑकलैंड में खिलाड़ियों को विशेष ड्रैग-फ्लिक प्रशिक्षण देंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने ने इस दौरे को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया का धन्यवाद, जिसकी वजह से यह दौरा संभव हो पाया। इन मुकाबलों से हमें अपने खेल की कमियों और सुधार दोनों को समझने का मौका मिलेगा। अर्जेंटीना दौरे में हमने देखा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर का मानक क्या है। अब हम यह परख पाएंगे कि हम उस स्तर के कितने करीब पहुंचे हैं। उन्होंने आगे कहा, न्यूजीलैंड पहुंचने से पहले यह दौरा खिलाड़ियों को वहां की परिस्थितियों के अनुसार ढलने में मदद करेगा। लंबी यात्रा को हिस्सों में बांटने से खिलाड़ियों को जल्दी अनुकूल माहौल मिलेगा। न्यूजीलैंड का मौसम ठंडा रहता है और पर्थ की परिस्थितियां उससे काफी मिलती-जुलती हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम घोषित, एमिलियो गे, जेम्स रियू को मौका

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने लॉर्ड्स में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में एमिलियो गे, जेम्स रियू और ओली रॉबिन्सन जैसे खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जबकि जैक क्रॉली को बाहर कर दिया गया है। यह पहली टेस्ट टीम है जिसमें इंग्लैंड के नए राष्ट्रीय चयनकर्ता मार्कस नॉर्थ की भूमिका रही है। ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज 4-1 से हारने वाली टीम की तुलना में इस बार इंग्लैंड की टेस्ट टीम में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। सबसे चर्चित फैसला जैक क्रॉली को बाहर करना रहा। बैजबॉल दौर के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल रहे क्रॉली का प्रदर्शन लगातार खराब रहा है। एशेज सीरीज में उनका औसत 27.30 रहा था, जबकि इस घरेलू सीजन में केंट के लिए खेलते हुए वह 10 पारियों में सिर्फ 44 रन का सर्वोच्च स्कोर बना सके। क्रॉली की जगह डरहम के एमिलियो गे को मौका मिला है, जिन्होंने इस सीजन में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 552 रन बनाए हैं। इसमें तीन शतक भी शामिल हैं। वहीं समरसेट के जेम्स रियू को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने भी घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर टीम को अतिरिक्त विकल्प देंगे। इंग्लैंड के लिए एक और बड़ी वापसी तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन की हुई है। वह दो साल से अधिक समय बाद टेस्ट टीम में लौटे हैं। फिटनेस समस्याओं के कारण वह लंबे समय से टीम से बाहर थे, लेकिन ससेक्स की कप्तानी संभालने के बाद उनका प्रदर्शन बेहतर हुआ है।

# थाईलैंड ओपन : सिंधु और श्रीकांत प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, आयुष शेट्टी बाहर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने शानदार जीत दर्ज करते हुए बुधवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। वहीं युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने महिला एकल के पहले दौर में चीनी ताइपे की तुंग चिउ-तोंग को एकतरफा मुकाबले में 21-9, 21-12 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधु ने यह मुकाबला सिर्फ 33 मिनट में अपने नाम किया। अब अगले दौर में उनका सामना डेनमार्क की अमाली शुल्ज से होगा। सिंधु 2024 सैयद मोदी इंटरनेशनल के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में हैं। पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत ने सिंगापुर के



आठवीं वरीयता प्राप्त लोह कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। यह मुकाबला 2021 विश्व चैंपियनशिप फाइनल का रीमैच था। श्रीकांत, जिन्होंने 2013 में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था, अब अगले दौर में चीनी ताइपे के सु ली यांग से भिड़ेंगे। बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयुष शेट्टी को जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। पहले गेम गंवाने के बाद आयुष ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। हालांकि तीसरे गेम में जापानी खिलाड़ी पूरी तरह हावी रहे और उन्होंने 21-13, 17-21, 21-4 से जीत दर्ज की। महिला एकल में युवा भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब भी हारकर बाहर हो गईं। उन्नति हुड्डा ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ पहला गेम जीतकर शानदार शुरूआत की, लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 11-21, 21-17, 21-16 से मुकाबला जीत लिया। फरीदाबाद की 19 वर्षीय अनमोल खरब ने मौजूदा चैंपियन चीन की चेन यू फेई को कड़ी टक्कर दी। निर्णायक गेम में अनमोल एक समय 11-2 से आगे थीं, लेकिन चीनी खिलाड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए 19-21, 21-13, 21-18 से मैच अपने नाम कर लिया।


# आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप की रेस में साई सुदर्शन दूसरे स्थान पर

## पर्पल कैप में रबाडा ने की भुवनेश्वर की बराबरी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में मंगलवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) की सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) पर जीत के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस और भी रोमांचक हो गई है। बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 61 रन की शानदार पारी खेलकर ऑरेंज कैप की दौड़ में बड़ा उछाल मारा। यह उनकी लगातार तीसरी फिफ्टी और पिछले पांच मैचों में चौथी अर्धशतकीय पारी रही। साई सुदर्शन कुछ समय के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए थे, लेकिन बाद में एसआरएच के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उन्हें पीछे छोड़ दिया। क्लासेन ने मैच में सिर्फ 14 रन बनाए, लेकिन उनके कुल रन 508 हो गए, जिससे वह अब भी ऑरेंज कैप अपने पास बनाए हुए हैं। वहीं साई सुदर्शन 501 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। इस सीजन अब तक केवल क्लासेन और साई सुदर्शन ही 500 रन का आंकड़ा पार कर पाए हैं। ऑरेंज कैप सूची में तीसरे स्थान पर एसआरएच के अभिषेक शर्मा हैं, जिनके 481 रन हैं। हालांकि जीटी के खिलाफ वह सिर्फ 6 रन ही बना सके। दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल 477 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल 467 रन के साथ पांचवें स्थान पर मौजूद हैं। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर 3 विकेट झटके और पर्पल कैप की रेस में भुवनेश्वर कुमार की बराबरी कर ली। रबाडा ने पावरप्ले में अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और आर स्मरण के विकेट लेकर एसआरएच की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। उनके नाम अब 21 विकेट हो गए हैं, जो भुवनेश्वर कुमार के बराबर हैं। हालांकि बेहतर इकॉनमी रेट (7.46) की वजह से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार अब भी पर्पल कैप अपने पास बनाए हुए हैं, जबकि रबाडा का इकॉनमी रेट 9.15 है।

# महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित, सोफी मालिनक्स फिट, डार्सी ब्राउन टीम से बाहर



एजेंसी

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। कप्तान सोफी मालिनक्स फिट होकर टूर्नामेंट में वापसी करेंगी, जबकि तेज गेंदबाज डार्सी ब्राउन को टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह 19 वर्षीय बाएं हाथ की तेज गेंदबाज लूसी हैमिल्टन को मौका मिला है। वहीं ग्रेस हैरिस की भी टीम में वापसी हुई है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकताओं ने टीम में दो लेग स्पिनर अलाना किंग और जॉर्जिया वेयरहैम को शामिल किया है। इनके अलावा बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मालिनक्स और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर भी टीम का हिस्सा हैं। राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेग्लर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हवाले से कहा कि जरूरत पड़ने पर चारों स्पिनर एक साथ प्लेइंग इलेवन में खेल सकती हैं, लेकिन अलाना किंग फिलहाल स्पिन मददगार परिस्थितियों के लिए चौथे विकल्प के रूप में देखी जा रही हैं। उन्होंने कहा, सोफी हमारी कप्तान हैं और वह निश्चित रूप से खेलेंगी। महिला क्रिकेट में बाएं हाथ की स्पिन बेहद अहम मानी जाती है। जॉर्जिया लंबे समय से प्रमुख लेग स्पिनर रही हैं और अलाना ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। लेकिन फिलहाल हमारी प्राथमिकता एश, सोफी और जॉर्जिया हैं। परिस्थितियां अनुकूल होने पर अलाना को मौका मिलेगा। डार्सी ब्राउन का बाहर होना काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है। उन्होंने 2023 महिला टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 18 रन देकर 2 विकेट लिए थे, जबकि फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 25 रन देकर 1 विकेट हासिल किया था। हालांकि हाल के समय में उनका प्रदर्शन फीका रहा। 2024 टी20 वर्ल्ड कप में उन्होंने सिर्फ तीन मैच खेले और इस साल भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ चार टी20 मुकाबलों में वह कोई विकेट नहीं ले सकीं। फ्लेग्लर ने कहा, डार्सी निराश जरूर हैं, लेकिन हमने पिछले कुछ वर्षों में उन्हें नई गेंद की प्रमुख गेंदबाज बनाने की कोशिश की। वह अभी युवा हैं और हमें भरोसा है कि उनका भविष्य शानदार रहेगा। यह उनके करियर का अंत नहीं है। लूसी हैमिल्टन का चयन उनके शानदार उभार का नतीजा है। उन्होंने मार्च में कैरेबियन दौरे पर टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। अब तक वह सिर्फ एक टी20, दो वनडे और एक टेस्ट खेली हैं, लेकिन भारत के खिलाफ टेस्ट डेब्यू में छह विकेट लेकर उन्होंने सभी को प्रभावित किया था। ऑस्ट्रेलिया की मुख्य कोच शेली निट्शके ने कहा, लूसी अच्छी बाउंस निकालती हैं और उनकी गेंदबाजी में अलग तरह की ताकत है। हमारे गेंदबाजी आक्रमण में वह अलग पहचान जोड़ती हैं। ग्रेस हैरिस की टीम में वापसी निचले क्रम की बल्लेबाजी को मजबूती देने के लिए की गई है। उन्होंने मार्च में क्वींसलैंड को डब्ल्यूएनसीएल फाइनल जिताने में शतक लगाया और फरवरी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को डब्ल्यूपीएल खिताब जिताने में भी योगदान दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### पीतांबरा पीठ पहुंचे गौतम गंभीर, मां बगलामुखी की विशेष पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**दतिया :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर मंगलवार देर रात मध्य प्रदेश के दतिया पहुंचे। उन्होंने यहां विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ पीतांबरा धाम में मां बगलामुखी के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर में धूमावती माई की आरती में हिस्सा लिया और देश व भारतीय क्रिकेट टीम की सफलता के लिए प्रार्थना की। गौतम गंभीर की श्री पीतांबरा पीठ में गहरी आस्था है। वह इससे पहले भी कई बार दतिया आ चुके हैं। उन्होंने टी-20 विश्व कप के दौरान भी मां पीतांबरा देवी के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद लिया था। गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम की बड़ी प्रतियोगिताओं से पहले यहां आते रहे हैं, इसीलिए उनका यह दौरा भी चर्चा का विषय बन गया है। जैसे ही उनके मंदिर पहुंचने की खबर फैली, बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्रिकेट फैंस मंदिर परिसर में पहुंच गए। हर कोई अपने पसंदीदा क्रिकेटर और भारतीय टीम के मुख्य कोच की एक झलक पाने के लिए उत्साहित नजर आया। गंभीर जैसे ही पीतांबरा पीठ पहुंचे, परिसर के आसपास श्रद्धालुओं और क्रिकेट प्रशंसकों की भीड़ जुटने लगी। लोगों में उन्हें करीब से देखने और तस्वीरें लेने का काफी उत्साह दिखाई दिया। जिला प्रशासन और पुलिस ने मंदिर परिसर में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए थे। मंदिर के मुख्य मार्गों और परिसर में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जा सके। इन अतिरिक्त व्यवस्थाओं के चलते भीड़ के बावजूद दर्शन प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रही।

### हॉकी इंडिया ने नए शहरों तक बढ़ाया लेवल-1 कोचिंग कोर्स का दायरा, 600 से अधिक कोच हुए प्रमाणित



**नई दिल्ली :** भारतीय हॉकी में जमीनी स्तर पर तकनीकी विकास को मजबूत करने और कोचिंग मानकों को बेहतर बनाने की दिशा में हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे लेवल-1 कोचिंग कोर्स के नए शेड्यूल की घोषणा की है। इस बार कार्यक्रम का विस्तार नए शहरों तक किया गया है, जिससे देशभर में इसकी पहुंच और प्रभाव बढ़ेगा। हॉकी इंडिया के अनुसार यह कोर्स मई और जून 2026 के दौरान तमिलनाडु के कोयंबटूर और उत्तराखंड के हरिद्वार में विभिन्न बैचों में आयोजित किया जाएगा। कोर्स के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 13 मई से शुरू होकर 17 मई तक चलेगी। हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे कार्यक्रम की शुरूआत से लेकर अब तक, यानी 2019 से 2026 के बीच, देशभर में 600 से अधिक कोच औपचारिक रूप से प्रमाणित किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा भारतीय हॉकी में मजबूत घरेलू कोचिंग ढांचा तैयार करने की दिशा में महासंघ की पहल को दर्शाता है। यह कार्यक्रम कोचों को ग्रासरूट स्तर से लेकर हाई-परफॉर्मेंस और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसमें ऑनलाइन मॉड्यूल और प्रत्यक्ष प्रशिक्षण सत्रों का संयोजन रखा गया है, ताकि प्रतिभागियों को आधुनिक कोचिंग तकनीकों की बेहतर समझ मिल सके। भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान रानी, जो स्वयं इस कार्यक्रम का हिस्सा रह चुकी हैं और एफआईएच अकादमी लेवल-3 प्रमाणित कोच हैं, ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा, एक खिलाड़ी से कोच बनने का सफर अलग होता है और इस कार्यक्रम ने उस बदलाव में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे आधुनिक कोचिंग तकनीकों, रणनीतिक योजना और खिलाड़ियों के प्रबंधन को समझने में काफी मदद मिली। उन्होंने आगे कहा, घरेलू हॉकी ढांचे के लिए यह कार्यक्रम गेम-चेंजर साबित हो रहा है।

### सीएसके ने चोटिल रामकृष्ण घोष की जगह मैकनील नरोन्हा को टीम में किया शामिल

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बड़ा झटका लगा है। टीम के ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष दाएं पैर में चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। इसके बाद सीएसके ने उनके स्थान पर कर्नाटक के युवा ऑलराउंडर मैकनील नरोन्हा को टीम में शामिल किया है। रामकृष्ण घोष को 3 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान दाएं पैर में चोट लगी थी। मेडिकल जांच के बाद उन्हें बाकी सीजन से बाहर कर दिया गया। सीएसके ने मैकनील नरोन्हा को 30 लाख रुपये में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में अपनी टीम में शामिल किया है। मैकनील नरोन्हा हाल ही में शानदार घरेलू प्रदर्शन के कारण चर्चा में आए थे। उन्हें 2024-25 कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने के लिए एमए चिदंबरम ट्रॉफी से सम्मानित किया गया था। शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें कर्नाटक की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टीम में भी जगह मिली, जहां उन्होंने राज्य के लिए तीन मुकाबले खेले। सीएसके को उम्मीद होगी कि युवा ऑलराउंडर मैकनील नरोन्हा टीम को संतुलन देने के साथ आगामी मुकाबलों में उपयोगी योगदान देंगे।

### आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : जसप्रीत बुमराह नंबर-1 गेंदबाज बरकरार



**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बुधवार को जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गेंदबाजों की सूची में अपना नंबर-1 स्थान बरकरार रखा है। वहीं बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के युवा सितारे यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल टॉप-10 में शामिल हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट 880 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल 750 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं, जबकि शुभमन गिल एक स्थान की छलांग लगाकर नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। गिल के खाते में 730 रेटिंग अंक हैं। बल्लेबाजों की सूची में जो रूट के बाद इंग्लैंड के हैरी ब्रूक दूसरे, ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड तीसरे और स्टीव स्मिथ चौथे स्थान पर हैं। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने 2026 में अभी तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का कोई मुकाबला नहीं खेला है। टीम इंडिया ने आखिरी टेस्ट सीरीज नवंबर में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी। गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह 879 अंकों के साथ शीर्ष पर कायम हैं। भारतीय गेंदबाजों में उनके बाद मोहम्मद सिराज 12वें स्थान पर हैं। वहीं रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव क्रमश: 14वें और 15वें स्थान पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के मैट हेनरी तीसरे स्थान पर काबिज हैं।

## एक नजर

### सोनिया गांधी को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया

**गुरुग्राम :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को आज सुबह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों का कहना है कि उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच और एक मामूली सर्जरी के लिए मेदांता लाया गया है। वो वरिष्ठ डॉक्टरों की निगरानी में हैं। 79 वर्षीय सोनिया गांधी के स्वास्थ्य के बारे में मेदांता अस्पताल ने अभी तक कोई आधिकारिक बुलेटिन जारी नहीं किया गया है। इससे पहले मार्च में भी सोनिया गांधी को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उनका सिस्टमिक इन्फेक्शन का इलाज चला था।

### अन्नपूर्णा देवी ने श्रीलंका की मंत्री सावित्री से की मुलाकात



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को श्रीलंका की महिला एवं बाल विकास मंत्री सरोजा सावित्री पॉलराज से मुलाकात की। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में श्रीलंका की महिला सांसद भी मौजूद रहीं। श्रीलंकाई महिला सांसदों की यह भारत यात्रा पिछले साल दिसंबर में भारत की राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच हुई चचाओं के बाद हो रही है। मंत्रालय के बयान के अनुसार बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल को महिला-नेतृत्व वाले विकास के लिए भारत की प्रमुख पहलों के बारे में जानकारी दी गई। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत महिलाओं को केवल कल्याण योजनाओं की निष्क्रिय लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास की सक्रिय शक्ति के रूप में देखता है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति भारत की विधायी, कार्यक्रमगत और संस्थागत प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। दोनों पक्षों ने साझा रुचि के विभिन्न क्षेत्रों पर गहन विचार-विमर्श किया और दोनों मंत्रालयों के बीच संस्थागत संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक का समापन श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडल को स्मृति-चिह्न भेंट करने तथा सामूहिक छायाचित्र के साथ हुआ।

### पंकज चौधरी व धर्मपाल सिंह ने अपर्णा यादव को बंधाया ढाढस

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्म विभूषण स्व. मुलायम सिंह यादव के पुत्र तथा उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक व्यक्त किया। दोनों ने अपर्णा यादव को ढाढस बंधाया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों पर हुए इस वज्रपात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें सभी मंत्री : योगी

एजेंसी



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों से सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने शासन में मितव्ययिता, ऊर्जा संरक्षण और जनप्रेरक आचरण की नई कार्यसंस्कृति विकसित करने का संदेश दिया है। उन्होंने मंत्रीगणों से अपनी वाहन फ्लीट को 50 प्रतिशत तक कम करने का भी आह्वान किया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने अगले छह माह तक प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर विदेश यात्राओं से परहेज करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्रिमंडल विस्तार के बाद बुधवार को पहली बैठक में मुख्यमंत्री ने शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली को अधिक उत्तरदायी, अनुशासित और संसाधन-संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोल और डीजल की खपत को न्यूनतम रखने संबंधी आह्वान का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल को स्वयं आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रीगण सप्ताह में एक निर्धारित दिन मेट्रो, बस, ई-रिक्शा, कारपूलिंग अथवा साइकिल जैसी सुविधाओं का उपयोग करें, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए और आमजन भी इससे प्रेरणा लें। उन्होंने शासन एवं प्रशासनिक कार्यों में डिजिटल और वर्चुअल माध्यमों के अधिकतम उपयोग पर बल देते हुए निर्देश दिए कि अंतरजनपदीय बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा विधानसभा एवं विधान परिषद की स्टैंडिंग कमेटियों की बैठकें यथासंभव हाइब्रिड मोड में आयोजित की जाएं। मुख्यमंत्री ने सचिवालय और निदेशालय स्तर पर एयरकंडीशनर एवं लिफ्ट के आवश्यकता-आधारित उपयोग के निर्देश देते हुए एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने तथा प्राकृतिक प्रकाश के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन, रेल यात्रा और कारपूलिंग को बढ़ावा देने के साथ 50 से अधिक कर्मचारियों वाले संस्थानों में सप्ताह में कम से कम दो दिन ह्यवर्क फ्रॉम होमह्ल व्यवस्था अपनाने पर भी बल दिया। ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन को शासन की प्राथमिकता बताते हुए मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा के व्यापक उपयोग तथा जनजागरूकता अभियानों को रिहायशी कॉलोनियों, विद्यालयों और महाविद्यालयों तक विस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए नई नीति तैयार करने की आवश्यकता पर बल देते हुए स्वच्छ एवं ऊर्जा-कुशल परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने की बात कही। मुख्यमंत्री ने सामाजिक आयोजनों में भी मितव्ययिता और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने का संदेश दिया।

## नितिन गडकरी पुणे में बस से करेंगे परियोजनाओं का निरीक्षण

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 14-15 मई को संत ज्ञानेश्वर महाराज और संत तुकाराम महाराज पालखी मार्ग परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान बस यात्रा करेंगे। इस यात्रा में अधिकारी, पत्रकार और सुरक्षा कर्मी भी बस से उनके साथ सफर करेंगे। गडकरी ने आधिकारिक पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री के सुझाव के अनुसार ईंधन की खपत कम करना राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के हित में आवश्यक है। बस से यात्रा करने से न केवल ईंधन की बचत होगी बल्कि यातायात प्रबंधन और जनसुविधा भी बेहतर होगी। इसी कारण उन्होंने दौरे के दौरान सुरक्षा काफिले में तैनात वाहनों की संख्या सामान्य तैनाती की तुलना में 50 प्रतिशत तक घटाने का निर्देश दिया है। पत्र में पुणे शहर के पुलिस आयुक्त, पुणे, सतारा और सोलापुर के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को भी इसकी प्रति भेजी गई है। उन्होंने पत्र में कहा कि इस निर्णय को लागू करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं ताकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

## पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने शिवराज सिंह के साथ की बैठक

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने यहां कृषि भवन में बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। मान ने चौहान के साथ पंजाब के किसानों, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और कृषि के स्थायी भविष्य को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। चौहान ने स्पष्ट किया कि सरकार पंजाब के साथ मिलकर ऐसी ठोस रणनीति पर काम करेगी, जिससे किसानों को लाभ हो, खेती टिकाऊ बने, पानी और मिट्टी बचे तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए पंजाब की समृद्ध कृषि विरासत सुरक्षित रह सके। चौहान ने बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से कहा कि पंजाब केवल एक राज्य नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है। उन्होंने पंजाब की महान जनता को नमन करते हुए कहा कि देश पर आने वाले हर संकट को सबसे पहले अपने सीने पर झेलने वाला यदि कोई राज्य रहा है तो वह पंजाब है और इसी कारण पंजाब देश के गर्व और गौरव का प्रतीक है। चौहान ने कहा कि बैठक में कई मुद्दों पर अत्यंत सकारात्मक, सार्थक और समाधानमुखी चर्चा हुई, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण विषय क्रॉप डायवर्सिफिकेशन रहा। पंजाब की धरती इतनी उपजाऊ और उर्वर है कि यहां धान के विकल्प के रूप में अनेक फसलें सफलतापूर्वक उगाई जा सकती हैं। अब समय की मांग है कि पंजाब को पानी के संकट और भूमि क्षरण से बचाने के लिए धान आधारित खेती के विकल्पों को मजबूती से आगे बढ़ाया जाए। कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि पंजाब को मरुस्थलीकरण की ओर बढ़ने से रोकना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

# अपडेट- नागपुर एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण को मंजूरी, पीपीपी मॉडल पर होगा विकास

एजेंसी



**नागपुर :** नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विकास और आधुनिकीकरण को लेकर बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बड़ा फैसला लिया गया। केंद्र सरकार ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की उस जमीन की लीज अवधि बढ़ाने को मंजूरी दे दी है, जो पहले मिहान इंडिया लिमिटेड को दी गई थी। इस फैसले के बाद अब नागपुर एयरपोर्ट का संचालन और विकास अगले 30 वर्षों के लिए जीएमआर ग्रुप की सहयोगी कंपनी जीएमआर नागपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड को सौंपने का रास्ता साफ हो गया है।

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुए फैसले की जानकारी साझा करते हुए जीएमआर के अधिकारी ने बताया कि सरकार के इस निर्णय के साथ नागपुर एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने और इसे मध्य भारत के प्रमुख विमानन एवं कार्गो केंद्र के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। एयरपोर्ट का विकास पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत किया जाएगा। केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी के बाद जीएनआईएएल चरणबद्ध तरीके से एयरपोर्ट का विस्तार करेगा। योजना के अनुसार नागपुर एयरपोर्ट की यात्री क्षमता बढ़ाकर प्रति वर्ष 3 करोड़ तक पहुंचाई जाएगी। वर्तमान में मौजूदा टर्मिनल की क्षमता लगभग 20 लाख यात्री प्रतिवर्ष है। परियोजना के तहत अत्याधुनिक सुविधाओं वाला नया टर्मिनल बनाया जाएगा। पहले चरण में इसकी क्षमता 40 लाख यात्री सालाना होगी। इसके अलावा एक नया 4000 मीटर लंबा रनवे तैयार किया जाएगा, जबकि मौजूदा 3200 मीटर रनवे का विस्तार कर उसे 3600 मीटर तक बढ़ाया जाएगा। नागपुर एयरपोर्ट के विकास की प्रक्रिया वर्ष 2009 में शुरू हुई थी, जब एएआई और महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी ने मिलकर मिहान इंडिया लिमिटेड का गठन किया था। इसमें एएआई की 49 प्रतिशत और एमएडीसी की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी तय की गई थी। हालांकि एयरपोर्ट की संपत्तियां उसी वर्ष एमआईएल को हस्तांतरित कर दी गई थीं, लेकिन जमीन सीमांकन विवादों के कारण लीज डीड में देरी हुई।

### नेपाल इन्वेस्टमेंट मेगा बैंक लिमिटेड के सीईओ ठगी के मामले में गिरफ्तार

**काठमांडू :** नेपाल इन्वेस्टमेंट मेगा बैंक लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योति प्रकाश पाण्डे को ठगी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। मोबाइल फोन स्विच ऑफ करके फरार होने की कोशिश कर रहे पाण्डे को काठमांडू के बाहर सिन्धुली जिले के बसपार्क से आज सुबह गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस के केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो के प्रमुख एआईजी मनोज केसी ने बताया कि मदन भण्डारी राजमार्ग पर वाहन जांच के दौरान आज सुबह करीब 8 बजे उन्हें पकड़ा गया। पाण्डे को स्मार्ट टेलीकाम की संपत्ति खरीद-बिक्री प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। स्मार्ट टेलिकम को नेपाल में दूरसंचार सेवा संचालन के लिए आधारभूत टेलीफोन सेवा का लाइसेंस मिला था, लेकिन कंपनी ने नियमानुसार लाइसेंस का नवीकरण नहीं कराया।

# 'ज्ञान वही जो भयमुक्त करे, कायरता से मुक्ति ही अखंड भारत का मार्ग': इंद्रेश कुमार

एजेंसी




**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने बुधवार को कहा कि ज्ञान वही है, जो मनुष्य को निडर बनाए, यदि ज्ञान भयमुक्त नहीं कर सकता तो वह व्यर्थ है। इंद्रेश कुमार ने यह बात दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में 'शारदा पीठ' पुस्तक लोकार्पण के दौरान कही। इसका प्रकाशन सुरुचि प्रकाशन ने किया। इस पुस्तक के लेखक ख्वाजा फारूक रेंजूशाह और प्रो. गीता सिंह हैं। उन्होंने कहा, "ज्ञान वही जो भयमुक्त करे, कायरता से मुक्ति ही अखंड भारत का मार्ग है।

1997 के दौर को याद करते हुए इंद्रेश कुमार ने बताया कि उस समय वे जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के प्रचारक थे। उन्होंने आतंकियों से अपनी एक मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा, "मैंने आतंकवाद से हाथ मिलाते हुए उसे बहुत करीब से देखा है। उन्होंने लश्कर-ए-तैयबा और हरकत-उल-अंसार जैसे संगठनों के मुख्य लोगों से हुई बातचीत का खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि जब वे आतंकियों से मिले, तो उनके पास हथियार (बंदूकें) थे। इस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने उनसे पूछा, "क्या आप इन खिलौनों से बहुत प्यार करते हैं क्या ये खिलौने खुदाई हैं या शैतानी क्योंकि इन खिलौनों ने किसी को मुस्कुराहट नहीं दी, सिर्फ मौत और डर दिया है।

इंद्रेश कुमार ने 'शारदा पीठ' की मुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि 1997 में पहली बार 'जय शारदे, जय भारत' का नारा गूंजा था। उन्होंने कहा कि हमें कायरता के दौर से मुक्त होना होगा। जिस दिन हम कायरता छोड़ देंगे, गुलामी खुद-ब-खुद चली जाएगी। उन्होंने संकल्प दोहराया कि शारदा पीठ को पाकिस्तान के कब्जे से मुक्त कराना ही होगा।

अमृतसर की एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने उनसे 'खालिस्तान' के बारे में सवाल किया था। इस पर उन्होंने बहुत ही चतुराई और स्पष्टता से जवाब दिया, सारा हिंदुस्तान ही खालिस्तान है और सारा खालिस्तान ही हिंदुस्तान है। उन्होंने कहा कि ज्ञान में अगर सत्य हो, तो वह किसी भी अलगाववादी सोच की जड़ें हिला सकता है।

महाभारत के प्रसंगों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि संपत्ति और सीमाएं बांटने से शांति नहीं आती। कर्ण और बख्तियार खिलजी की घटनाओं के जरिए 'मुक्ति' और 'कर्मफल' के सिद्धांत को समझाते हुए उन्होंने कहा कि जो अधर्म का साथ देते हैं, उन्हें उनके कर्मों का फल उसी स्थान पर मिलता है, जैसा कर्ण के साथ हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मु ने फखरुद्दीन अली अहमद को अर्पित की श्रद्धांजलि



**नयी दिल्ली :** देश के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की जयंती पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कांग्रेस सांसद डॉ सैयद नसीर हुसैन ने एक्स पोस्ट में उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट में लिखा गया कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद को उनकी जयंती पर राष्ट्रपति भवन में पुष्पांजलि अर्पित की। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पोस्ट में जयंती पर विनम्र अभिवादन किया। वहीं, कांग्रेस सांसद डॉ सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि फखरुद्दीन अली अहमद का राष्ट्र के प्रति समर्पण और संवैधानिक मूल्यों व लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उल्लेखनीय है कि फखरुद्दीन अली अहमद भारत के पांचवें राष्ट्रपति थे। उनका जन्म 13 मई 1905 को दिल्ली में हुआ था और निधन 11 फरवरी 1977 को कार्यकाल के दौरान ही नई दिल्ली में हुआ। वह पेशे से वकील थे और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई थी। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। जवाहरलाल नेहरू के करीबी सहयोगी रहे अहमद ने असम से राजनीति की शुरूआत की और कई बार सांसद चुने गए। उन्होंने केंद्र सरकार में शिक्षा, सिंचाई एवं ऊर्जा, उद्योग और कृषि जैसे मंत्रालयों का दायित्व संभाला। वह 1974 से 1977 तक राष्ट्रपति रहे और उनके कार्यकाल में ही 1975 में आपातकाल लागू हुआ था। वह भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ। उनके योगदान को मान्यता देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने 1976 में फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल समिति गठित की, जो आज भी उर्दू, अरबी और फारसी के विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और छात्रवृत्ति प्रदान करती है।

### नेतानार में रात्रि विश्राम करेंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, आयोजन की तैयारियां जोरों पर



**जगदलपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 18 मई को दो दिवसीय बस्तर प्रवास प्रस्तावित है। इस दौरे को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बस्तर के विकास के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए देश के चार राज्यों के मुख्यमंत्री भी बस्तर पहुंचने वाले हैं। जगदलपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित भूमकाल आंदोलन के जननायक गुंडाधुर का पैतृक गांव नेतानार में अमित शाह के कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर चल रही है। यहां पर मैदान तैयार हो रहा है और टेंट के लिए बांस और बल्लियों को लगाने का काम शुरू हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सीआरपीएफ के जवानों के साथ भोजन कर रात्रि में यहीं नेतानार में विश्राम करेंगे। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार नेतानार गांव कभी नक्सल गतिविधियों का बड़ा केंद्र हुआ करता था। इसी गांव में नक्सलियों ने फॉरेस्ट रेस्ट हाउस को आईईडी विस्फोट से उड़ा दिया था। इसके अलावा एक अन्य आईईडी विस्फोट में दरभा थाना प्रभारी समेत सात जवान बलिदान हुए थे। नक्सल प्रभाव खत्म होने के बाद पहली बार है कोई केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नेतानर गांव पहुंच रहे हैं। इससे गांव में उत्साह का माहौल है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि आगामी 18 मई को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बस्तर जिले के ग्राम नेतानार में पहुंचेगे और यहां मौजूद केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों के साथ भोजन कर रात्रि यहीं नेतानार में विश्राम करेंगे। अगले दिन 19 मई को जगदलपुर के एक निजी होटल में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में शामिल होंगे। जिसमें उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश समेत छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री के बस्तर प्रवास को देखते हुये सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं।

### नीट पेपर लीक पर युवा कांग्रेस विरोध प्रदर्शन



**नयी दिल्ली :** युवा कांग्रेस ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग की । नई दिल्ली में युवा कांग्रेस मुख्यालय के बाहर हुए इस प्रदर्शन में जुटे कार्यकताओं को पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर काबू किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान दिल्ली युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार देश में पेपर लीक रोकने में नाकाम हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी बनी है, तब से लगातार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं। अदालतों ने भी इस पर संज्ञान लिया है। पहले विश्वविद्यालय और राज्य सरकारें परीक्षाएं कराती थीं, लेकिन अब एनटीए के भाजपा सरकार ने ऐसा भ्रष्ट तंत्र बना दिया है, जिसमें गरीब छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। अक्षय लाकड़ा ने कहा कि नीट पेपर लीक में ऐसे लोगों के नाम सामने आए हैं, जो खुद कोचिंग संस्थान चलाते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि पिछले दस साल में 89 पेपर लीक हुए, जिनमें चार बार नीट का पेपर लीक हुआ और 48 बार परीक्षाएं दोबारा करानी पड़ीं। पर किसी भी आरोपित को कठोर दंड नहीं दिया जा सका। यह घटनाएं शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। इस मौके पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और दिल्ली सह प्रभारी हैवरान कंसाना तथा राष्ट्रीय सचिव एहसान अहमद भी मौजूद रहे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष ने साइकिल से कार्यालय पहुंचने का लिया संकल्प

**नयी दिल्ली :** देश में ईंधन संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद मोदी द्वारा देश वासियों को दिए गए संदेश को आगे बढ़ाते हुए, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने पेट्रोल एवं डीजल के सीमित करने का निर्णय लिया है। इस पहल के अंतर्गत उन्होंने गुरुवार से साइकिल से भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय अपने कार्यालय पहुंचने का संकल्प लिया है। इस कदम का उद्देश्य आम नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति प्रेरित करना तथा पर्यावरण हितैषी जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। जमाल सिद्दीकी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ईंधन की बचत केवल आर्थिक विषय नहीं है, बल्कि यह देश की ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902